

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 63, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 36.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 :09

मुरादाबाद, रविवार, 1 जून 2025


कोलंबिया ने बयान लिया वापस, भारतीय नीति का किया समर्थन...14

# राजीव कृष्ण बनाए गए उप्र के कार्यवाहक डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियुक्ति का आदेश जारी, प्रशांत कुमार को नहीं मिला सेवा विस्तार



**अमृत विचार :** 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को प्रदेश का नया कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाया गया है। राज्य सरकार की ओर से शनिवार को उनकी नियुक्ति का आदेश जारी किया गया। कार्यवाहक डीजीपी रहे प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल पाया।

राजीव कृष्ण वर्तमान में डीजी विजिलेंस के साथ यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष हैं। वह 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को 'सुपरसीड' कर डीजीपी बनाए गए हैं। मूल रूप से गौतमबुद्धनगर के निवासी राजीव इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन से इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्हें दो बार राष्ट्रपति का गैलेंट्री अवार्ड भी मिल चुका है। अपने तीन दशक से अधिक लंबे करियर में कई अलग-अलग भूमिकाओं में कार्य किया है।

# देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य

## सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सीजेआई) भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 680 करोड़ से वकीलों के लिए बने चैंबर्स और मल्टीलेवल वाहन पार्किंग भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है।

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्र, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, यूपी के एडवोकेट जनरल अजय कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।



सीजेआई को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री योगी।

### वादकारी का भी बड़ा महत्वः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का महत्व भी उतना ही है। कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। मल्टीलेवल पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स के एक्सटेंशन के लिए भी जल्द धनराशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ से देश-विदेश के 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अभिभूत होकर गए। इसमें बड़ी भूमिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की भी थी।

### पॉवरफुल सीएम हैं योगी : गवई

सीजेआई ने कहा कि अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पॉवरफुल मुख्यमंत्री हैं ही।

## एक नजर

### प्रख्यात वन्यजीव संरक्षक वाल्मीक थापर का निधन

**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रख्यात वन्यजीव संरक्षणवादियों और लेखकों में से एक वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। नई दिल्ली में 1952 में जन्मे थापर ने अपना जीवन खासकर राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अध्ययन और संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 1988 में 'रणथंभौर फाउंडेशन' की सह-स्थापना की जो समुदाय-आधारित संरक्षण प्रयासों पर केंद्रित एक गैर-सरकारी संगठन है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज का रणथंभौर खास तौर पर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून का प्रमाण है।

### आय से अधिक संपत्ति में अभियंता गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के एक वरिष्ठ अभियंता को उनकी सेवानिवृति के दिन आय से अधिक संपति के आरोप में गिरफ्तार किया गया। राज्य सतर्कता विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अभियंता से जुड़े परिसरों पर तलाशी के दौरान 2.56 करोड़ रुपये की नकदी बरामद होने और कई अचल संपत्तियों की जानकारी मिलने के एक दिन बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सारंगी शनिवार को 34 वर्षों की सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले थे।

# आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी, यही उनका काल बना

## प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को फिर चेताया, अब छद्म युद्ध नहीं चलेगा

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दो टूक कहा कि भारत अब आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अब उन्हें (आतंकवादियों को) घर में घुसकर मारा जाएगा और अगर उधर से गोली चली तो जवाब गोले से दिया जाएगा।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में मोदी ने सिंदूर को वीरता का प्रतीक करार दिया और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे सफल आतंकवाद विरोधी अभियान बताया। कहा कि आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, यही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।




कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराते प्रधान मंत्री मोदी, मप्र के सीएम मोहन यादव ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने की घटना के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए।

### पहलगाम में हमारी संस्कृति पर हुआ था प्रहार

मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति और परंपराओं का देश है और सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है। राम भक्ति में लीन हनुमान जी भी सिंदूर लगाते हैं। हम शक्ति पूजा में सिंदूर चढ़ाते हैं। यह सिंदूर वीरता का प्रतीक बन गया है। सिंदूर हिंदू महिलाओं की वैवाहिक स्थिति का प्रतीक है और 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद सैन्य ऑपरेशन के नाम के रूप में इसका इस्तेमाल जोरदार तरीके से हुआ। मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। सबसे बड़ी बात आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, ये चुनौती ही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।

# खाई में पलटी कार, दूल्हे के दो चचेरे भाई समेत छह की मौत

## बरात में शामिल होने के बाद देर रात घर लौट रहे थे सभी

- मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर हुए हादसे के शिकार

संवाददाता, हरदोई/शाहाबाद/पाली

**अमृत विचार :** जिले में एक सड़क हादसे में दूल्हे के दो चचेरे भाइयों और बहनोई समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच बरातियों को लखनऊ के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसा मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर होना बताया गया है। सूचना पर डीएम अनुनय झा, एसपी नीरज कुमार जादौन आदि मेडिकल कॉलेज पहुंचे।


पाली थाने के मोहल्ला पटियानीम निवासी नीरज पुत्र रामसेवक की बरात शुक्रवार को मझिला थाने के कुसुमा गांव गई थी। वहां द्वारचार के बाद खाना-पीना हुआ। उसके बाद दूल्हे के दो चचेरे भाई जितेंद्र (25) पुत्र रघुवीर, आकाश (22), जितेंद्र का पांच वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ, पाली थाने के किलकिली मजरा बेझा निवासी बहनोई जौहरी (35) पुत्र रामलाल, पटियानीम निवासी रिश्तेदार उदयवीर (20) पुत्र अमरीश के अलावा अमन पुत्र रामशंकर, प्रवीण पुत्र रामशरण, प्रवीण का भाई नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत पुत्र रामप्रकाश और नरेंद्र पुत्र आशाराम वापस गांव जाने को तैयार हुए। बरात के साथ गई आर्टिगा कार से ड्राइवर 30 वर्षीय रामू राठौर उर्फ अरुण कुमार पुत्र विश्राम सिंह निवासी भगवंतपुर पाली के साथ देर रात लौट रहे थे। शनिवार की भोर करीब चार बजे तेज रफ्तार कार मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर बेकाबू होकर खाईं में पलट गई। जिसमें ड्राइवर राजू उर्फ अरुण के साथ जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ व जौहरी की मौके पर मौत हो गई। जबकि उदयवीर, अमन, प्रवीण, नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत और नरेंद्र घायल हो गए, सभी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, वहां से उन्हें लखनऊ के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उदयवीर ने भी दम तोड़ दिया।



आकाश



उदयवीर



जितेंद्र



जौहरी



रामू राठौर



सिद्धार्थ

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक, दिए सहायता के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के लिए शोक संवेदनाएं प्रेषित कीं। साथ ही जिले के अधिकारियों को तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए। घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# बारिश-भूस्खलन से पूर्वोत्तर में तबाही, 19 लोगों की मौत



असम के गुवाहाटी में एक स्कूल की चारदीवारी ढह जाने के बाद सड़क किनारे क्षतिग्रस्त कार।

नई दिल्ली, एजेंसी

- बाढ़ आने और घर गिरने से पांच राज्यों में हजारों परिवार प्रभावित

देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 19 लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। नदियां उफान पर हैं।

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण कई जिलों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पूर्वी कामेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 के बाना-सेप्पा खंड पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन के कारण एक वाहन के सड़क से बह जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि निचला सुबनसिरी जिले में एक अन्य घटना में जीरो-कामले मार्ग पर पाइन ग्रूव क्षेत्र के निकट एक खेत में भूस्खलन होने से दो मजदूरों की मौत हो गई ऊपरी सुबनसिरी में सिगिन नदी के उफान पर आने से जिला मुख्यालय दापोरिजो में अचानक आई बाढ़ से व्यापक क्षति हुई है।

वहीं, असम में पिछले 24 घंटों में हुए भूस्खलन में पांच लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण छह जिलों में बाढ़ आ गई है जिससे 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मकान ढहने से म्यांमा के तीन शरणार्थियों समेत चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मानसून में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मणिपुर में भी कुछ इलाकों में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। त्रिपुरा में भी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति है।

# जम्मू-कश्मीर सहित छह सीमावर्ती राज्यों में किया गया मॉक ड्रिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- हवाई हमलों से बचाव का किया गया अभ्यास

केन्द्र सरकार के निर्देश पर उत्तर-पश्चिमी सीमावर्ती राज्यों में 'आपरेशन शील्ड' के तहत वायु हमलों से बचाव के लिए छद्म अभ्यास (मॉक ड्रिल) किए गए।

केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अलग अलग स्थानों में हुए इस अभ्यास में सिविल डिफेन्स और विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने जनभागीदारी के साथ हवाई हमले से बचाव के प्रदर्शन किए। सूत्रो के मुताबिक जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में अमर सिंह निवास में आयोजित इस मॉक ड्रिल में विभिन्न सरकारी और सिविज एजेंसियों ने भाग लिया। जम्मू में भी जिला प्रशासन ने आपातकालीन तैयारियों और सुरक्षा प्रशिक्षण के तहत इस ड्रिल का आयोजन किया गया। उधर राजस्थान में जयपुर में मॉक ड्रिल के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और वाहनों की लाइटें बंद कर नागरिकों ने इस प्रयास में विशेष सहयोग दिया। हरियाणा में राज्यभर के 22 जिलों में आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में हवाई हमलों के दौरान आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इस बीच चंडीगढ़ प्रशासन ने आपरेशन शील्ड के तहत यह ड्रिल किशनगढ़ और आईटी पार्क में आयोजित की। ड्रिल में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों, होम गार्डस, स्थानीय अधिकारियों और एनसीसी एवं एनएसएस जैसे युवा संगठनों और कई गैर सरकारी संगठनो मे भी भाग लिया। उधर गुजरात के जूनागढ़ शहर और केशोद क्षेत्र में भी आपरेशन ब्लैकआउट के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

# कर्नाटक में तंबाकू खरीदने की उम्र बढ़ाकर 21 वर्ष की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने एक कानून अधिसूचित किया है, जिसके तहत हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाया गया है और तंबाकू उत्पाद खरीदने की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष की गई है। उल्लंघन के लिए जुर्माने में बढ़ोतरी की गई है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद विधेयक, 2024 को 23 मई को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद 30 मई को अधिसूचना जारी की गई। तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल नहीं करेगा।

# हेट स्पीच केस में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

मऊ, एजेंसी



- सुभासपा विधायक की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आई

मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण (हेट स्पीच) के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अंसारी की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आ गई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद सबक सिखाने की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह ने बताया कि इस मामले में अंसारी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# छह लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाकिस्तान का दावा गलत

## सीडीएस ने विमानों के क्षति की बात स्वीकार की, कहा-विमान का गिरना अहम नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे

सिंगापुर/नई दिल्ली, एजेंसी

- सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति



प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद, भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया।

उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी सरासर गलत बताया। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में सटीक हमले किए। सीडीएस ने नुकसान का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया। भारत ने कहा कि इन सटीक हमलों के बाद पाकिस्तान सैन्य संघर्ष रोकने की गुहार लगाने के लिए मजबूर हुआ। सीडीएस की यह टिप्पणी पड़ोसी देश के साथ चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति है।पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सीडीएस ने कहा कि मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे। जनरल चौहान से पूछा गया कि क्या इस महीने पाकिस्तान के साथ चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के दौरान भारत ने लड़ाकू विमान गंवाए थे। सिंगापुर के दौरे पर गए सीडीएस ने कहा कि अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलतियों को समझ पाए, उन्हें सुधारा और दो दिन बाद फिर से लागू किया। हमने अपने सभी लड़ाकू विमानों को फिर से लंबी दूरी का लक्ष्य करके उड़ाया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान छह भारतीय विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। भारतीय वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती ने स्वीकार किया था कि नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय वायुसेना के सभी पायलट सुरक्षित घर लौट आए हैं।

### नुकसान का सच बताए सरकार : कांग्रेस

जनरल चौहान की टिप्पणी के कुछ घंटों बाद कांग्रेस ने सरकार से कहा कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। कांग्रेस नेता उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि विशेष रूप से सीडीएस की स्वीकृति के मद्देनजर देश यह जानना चाहता है कि क्या सैन्य टकराव के दौरान कोई विमान गिराया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 1999 में तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने भारत के रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रमण्यम, जिनके पुत्र अब हमारे विदेश मंत्री हैं, की अध्यक्षता में कारगिल समीक्षा समिति का गठन किया था। रमेश ने 'एक्स' पर कहा कि क्या सीडीएस के खुलासे के बाद सरकार भी वैसा ही कदम उठाएगी?

## शहर में आज



☞ मार्डन पब्लिक स्कूल में मिनी आईपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता सुबह 8 :00 बजे।

☞ महानगर के सात केंद्रों पर बीएड परीक्षा पहली पाली में सुबह 9 बजे से।

☞ नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सुबह 10 बजे।

एक कदम सनातन की ओर



श्रीमद्भागवत कथा, श्री राम कथा, शिवपुराण कथा एवं अन्य सभी धार्मिक अनुष्ठानों का संगीतमय एवं भक्तिमय आयोजन किया जाता है।

अपनी श्रद्धा को संगीत और भक्ति से जोड़ें। धार्मिक आयोजनों के लिए आज ही संपर्क करें!

स्थान: गोविंद नगर, ब्लॉक बी, मुरादाबाद - 244001

भागवत आचार्य: श्री शिव कुमार जी

संपर्क करें: 9410478735

# रोडवेज बसों में कैमरे लगाने के लिए आरएम ने मांगा बजट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- यूपी रोडवेज निगम निदेशालय को क्षेत्रीय प्रबंधक ने लिखा पत्र

**अमृत विचार:** परिवहन निगम की बसों में कैमरे लगने की कवायद ठंडे बस्ते में जाती दिखाई दे रही है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए उठाया कदम महज कागजों तक सीमित न रहे जाए। इसके लिए क्षेत्रीय प्रबंधक ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम निदेशालय से बसों में कैमरे लगाने के लिए बजट मांगा है। निगम की नियमित बसों में कैमरे लगाने का कार्य एक मई से शुरू होना था।

रोडवेज बसों में जहरखुरानी गिरोह और चोरी की बढ़ती घटनाओं से यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने कैमरे लगवाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के निदेशालय को निर्देशित किया था। जिससे बसों में सफर सुरक्षित हो सके।

> हमने बसों में कैमरे लगवाने के लिए निदेशालय को पत्र लिखा था। अब निदेशालय से ही जेम पोर्टल के माध्यम टेंडर कर निजी कंपनी से कैमरे लगवाने की बात की जा रही है।
> –ममता सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज

अप्रैल में रोडवेज की नियमित बसों में प्रबंधक स्तर के स्तर से बसों में कैमरे लगवाने के निर्देश दिए थे। निदेशालय से इसके लिए धनराशि आवंटित करने की बात कही थी। वहीं एक मई से कैमरे लगने का कार्य भी शुरू किया जाना था। लेकिन 31 मई तक शासन से कोई बजट नहीं आया। जिसको लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह से निदेशालय को बजट आवंटन की पत्र के माध्यम से मांग की है।

### सूफी अंबा प्रसाद के छापाखाना को हेरिटेज बनाने के लिए नगर आयुक्त ने भेजा है शासन को प्रस्ताव

# सूफी अंबा प्रसाद चौक का होगा निर्माण, लगेगी प्रतिमा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा व सूफी अंबा प्रसाद स्मारक समिति के पदाधिकारियों ने जताई खुशी

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सूफी अंबा प्रसाद के छापेखाना को हेरिटेज घोषित कर जीर्णोद्धार कराने और चौक पर उनकी प्रतिमा लगाने की घोषणा पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा और सूफी अंबा प्रसाद स्मारक समिति के पदाधिकारियों ने खुशी जताई। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से उनके शिविर कार्यालय पीलीकोठी पर मिलकर उनका अभिनंदन किया।



नगर आयुक्त को सम्मानित करते महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव व अन्य।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष व नगर निगम कार्यकारिणी के उपसभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव और सूफी अम्बा प्रसाद स्मारक समिति के चैयरमेन डॉ. वीके भटनागर के नेतृत्व में कायस्थ समाज का प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से उनके पीलीकोठी स्थित कार्यालय पर मुलाकात की। नगर आयुक्त द्वारा सूफी अंबा प्रसाद चौक को अति शीघ्र बनाने और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सूफी अंबा प्रसाद की भव्य प्रतिमा लगाने की घोषणा करने पर नगर आयुक्त को माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। सूफी अंबा प्रसाद स्मारक समिति की ओर से उन्हें प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कहा कि नगर आयुक्त ने महानगर के विकास को गति दी है। ऐतिहासिक स्मारकों, महापुरुषों की वीर गाथा व शौर्य का सम्मान कराने के लिए कई स्मारक व चौक का जीर्णोद्धार कराया। सूफी अंबा प्रसाद के छापाखाना को हेरिटेज बनाने की घोषणा के लिए कायस्थ समाज अभिनंदन कर रहा है।

इस दौरान विनीत भटनागर, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गिरिराज स्वरूप भटनागर, जिलाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव व उपसभापति नगर निगम, पूर्व अध्यक्ष सतीश स्वरूप भटनागर, विनीत सक्सेना, निर्वेश भटनागर, दीपक शरण, जिला महासचिव शेखर भटनागर, पुनीत सहाय, प्रदीप भटनागर, वरूण भटनागर, विशाल भटनागर, पवन भटनागर, बजरंग दल के महानगर संयोजक अभिनव भटनागर, नितिन श्रीवास्तव, आकाश भटनागर, नंदनी भटनागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## लोक निर्माण विभाग कांठ रोड के दोनों प्रोजेक्ट को 15 जून तक करेगा पूरा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग में अवर अभियंताओं की हड़ताल खत्म होने के बाद कांठ रोड के दोनों प्रोजेक्ट पर काम फिर से शुरू हो गया है। अब निर्माण कार्य में तेजी आएगी। अधीक्षण अभियंता एसपी सिंह ने कहा है कि काम बरसात से पहले पूरा किया जाएगा। अवर अभियंताओं की हड़ताल के कारण कार्य रुके पड़े थे। उनकी हड़ताल खत्म हो गई है। 15 जून तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि हड़ताल खत्म होने के बाद विभाग के अवर अभियंता कार्य पर लौट आए हैं। फव्वारा चौक से छजलैट तिराहे तक का कार्य अपने लक्ष्य से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर बंद हुआ था। यह जल्द पूरा हो जाएगा। वहीं छजलैट तिराहे से बिजनौर की सीमा तक 12 किलोमीटर के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य को भी 15 जून तक पूरा करने का निर्देश दिया है। इससे क्षेत्र में सड़क की स्थिति सुधरेगी और यातायात में आसानी होगी।

# प्रकाश नगर चौक पर अहिल्याबाई की प्रतिमा का अनावरण

### निगम के अधिकारियों ने आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम द्वारा प्रकाश नगर चौक पर स्थापित की गई लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का लोकार्पण शनिवार को उनकी 300वीं जयंती पर किया। महापौर विनोद अग्रवाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल व अन्य की उपस्थिति में लोकार्पण के बाद सभी ने उनके जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



प्रतिमा का अनावरण करते महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त व अन्य।

अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण इसके पहले 29 मई को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हाथों प्रस्तावित था। लेकिन 28 मई को उनका कार्यक्रम निरस्त हो गया था। जिसके बाद आज प्रतिमा का चौक पर विधिविधान से लोकार्पण किया। इसके बाद सभी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। महापौर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग, सेवा, नेतृत्व व जनकल्याण के प्रति समर्पित था। उनके अनुकरणीय जीवन आदर्शों पर चलने का हम संकल्प लेते हैं।

- नगर निगम की ओर से स्थापित कराई गई प्रतिमा

विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि नगर निगम ऐसे कार्यों से न केवल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर रहा है बल्कि भावी पीढ़ी को समाज सेवा और उत्तरदायित्व की भावना से जोड़ रहा है। नगर आयुक्त ने कहा कि इस चौराहे पर स्थापित लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा से लोगों को उनके जीवन के संघर्ष, त्याग, समाज को दिशा देने और आपसी प्रेम को बढ़ावा देने का संदेश देती रहेगी। यह स्थल प्रेरणादायी ऊर्जा का केंद्र बनेगा। स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम के कार्य की प्रशंसा की।

इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, आशुतोष राय, अजीत कुमार, मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र सचान, अधिशासी अभियंता रईस अहमद, अवर अभियंता किशन लाल, पार्षद विशाल सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल व स्थानीय पार्षद व नागरिक मौजूद रहे।

### अहिल्याबाई ने समाज की कुप्रथाओं से मुक्ति दिलाकर महिलाओं को दिलाई आजादी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लाइनपार में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के अनावरण के बाद प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा राजेश कुमारी पाल ने महिला शक्ति के साथ लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने महिलाओं को सुरक्षित कर उनको कुप्रथाओं से आजाद कर आजादी से जीने का हक दिया। लोक के कल्याण के लिए धर्मशालाएं, कुएं बनवाकर गरीब लोगों को आसरा दिया। भारत के प्रमुख सुप्रसिद्ध चारों दिशाओं में मंदिरों का पुन: निर्माण कर भारत की परंपरा व संस्कार संस्कृति को जिंदा रखा। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को पूरा समाज नमन करता है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष प्रमोद पाल, गुलाब सिंह पाल, हेमराज पाल, लक्ष्मण पाल, हरपाल पाल, नेपाल सिंह पाल, रामकुंवर पाल, रणवीर पाल, नौबत पाल, डॉ. एपी सिंह पाल, भजन लाल पाल, हरेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।



माल्यार्पण करते पाल समाज के लोग।

## जयंती पर कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**मुरादबाद, अमृत विचार :** चौमुखापुल स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शनिवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद उनके जीवन व समाज के प्रति योगदान पर चर्चा की गई।

महानगर अध्यक्ष हाजी जुनैद इकराम उर्फ बंटी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। देश में उनकी 300वीं जयंती मनाई जा रही है। कार्यक्रम में लोकमाता के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर अरशद परवेज, फहीम मिर्जा, हकीम नाजिम, अनुराग शर्मा, अशोक कपूर, नदीमुद्दीन कातिब, जुनैद पार्षद, नदीम उर्फ गुड्डन, नेम सिंह, मुशाहिद चौधरी, नजाकत ठेकेदार, अफसर खान, गौसिया साबिर, दानिश कुरैशी, मोहम्मद रफीक, शादान, समीर, अज़ीम उद्दीन, शानू शम्सी, महफूज उर्फ राजा, सोनी सैफी, मोहम्मद रफी, बब्बन खान, वाहिद सैफी, गुड्डे भाई, सुहैल परवेज, साहिल, सिराज अहमद, मोहम्मद अनस, शकील सिद्दीकी, रफीक और शाकिर समेत अन्य लोग शामिल रहे।



अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाते कांग्रेसी।

## योजना में लगवाएं इकाई या सामाजिक कार्य कर पाएं अनुदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना में देश या विदेश में रहने वाले व्यक्ति या संस्था अपने जिले के किसी भी गांव में विकास कार्य कराना चाहता है तो इकाई लगाने के लिए योजना की लागत का 60 प्रतिशत दान कर जनोपयोगी कार्य करा सकता है। इसके लोग आवेदक को योजना की जानकारी की आवेदन करना होगा।

योजना की लागत का शेष 40 प्रतिशत राज्य सरकार खर्च करेगी। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि शासन के आदेश के अनुसार दानकर्ता के प्रस्तावना पर निर्मित परियोजना पर शिलापट्ट/प्लेट भी लगाया जा सकता है। योजना का लाभ लेने के लिए दानकर्ताओं को आवेदन के लिए पोर्टल https://mbhumi.upprd.in विकसित किया है।

जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी उप जिलाधिकारियों और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य के सहयोग के लिए शासन द्वारा संचालित मातृभूमि योजना में सहभागिता करें। सभी अधिकारी पोर्टल पर अधिक से अधिक आवेदन कराने में शासन का सहयोग करें।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर ने सनातन व राष्ट्र को दी प्राथमिकता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- वक्ताओं ने कार्यक्रम में अहिल्याबाई के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंग बताए
- भाजपा जिला कार्यालय पर उनकी 300वीं जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**अमृत विचार :** लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती कार्यक्रम पर शनिवार को भाजपा के जिला कार्यालय बुद्धि विहार में बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राजेश यादव ने बैठक की शुरुआत रानी अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर फूल अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने की।

मुख्य अतिथि ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने सदैव सनातन व राष्ट्र के प्रति जागरूकता को प्राथमिकता देकर आगे बढ़ती रहीं। उनकी गाथा से महिलाओं ने उनका सहयोग कर जीवन में आगे बढ़ने को मजबूती दी। उन्होंने अपने कार्यों से समाज में महिलाओं का सशक्तिकरण किया। कहा कि भाजपा की सरकारों में महिलाओं को सम्मान व अधिकार मिल रहा है। पार्टी ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें उनके जीवन आदर्श से प्रेरणा लेकर महिलाओं को देश की राजनीति में आने का विशेष तौर पर जागृत किया गया। मंच का संचालन कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री चंद्रपाल सैनी ने किया। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, सुरेश सैनी, पूर्व विधायक राजेश कुमार चुन्नू, राज्य गो रक्षा आयोग के सदस्य दीपक गोयल, अनिल चौधरी, पूर्व जिला महामंत्री चौधरी हुकम सिंह, आचार्य नरेंद्र देव, आदेश चौधरी, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, कमल प्रजापति, हर ज्ञान सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, नवीन चौधरी, चकित चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते जिला प्रभारी।

### भाजपा ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाकर किया पुरस्कार वितरण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई की ओर से रानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी अभियान के तहत अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों के आयोजन में सक्रिय सहयोग देने वालों को पुरस्कार वितरण किया। प्रस्तावना भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का समस्त जीवन हमें शिक्षा देने वाला है। अहिल्याबाई ने 3135 मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। धर्म के प्रति निष्ठा और समाज के प्रति कर्तव्य परायणता हमें प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर नारी शक्ति की प्रतीक थीं। उनका जीवन धार्मिक, जनकल्याण और समाजसेवा की मिसाल है। विशिष्ट अतिथि भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर ने पर्यावरण, धर्म, संस्कृति, समाज के बारे में सोचा और कार्य किया। छात्रा जिगिसा सिंह, आरती और लुंथहा अरशद को अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी अभियान के तहत हुई आनलाइन प्रतियोगिता में विजयी होने पर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। सेव गर्ल्स ट्रस्ट की पदाधिकारियों को अहिल्याबाई होल्कर अभियान में सहभागिता के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला व संचालन भाजपा महानगर उपाध्यक्ष व अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी अभियान के महानगर संयोजक विशाल त्यागी ने किया। इस दौरान सह संयोजक राहुल शर्मा व नवदीप टंडन, भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष डॉ. विजय लक्ष्मी पंडित, निमित जायसवाल, राजीव गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, साध्वी गीता प्रधान, गिरीश वर्मा, श्याम बिहारी शर्मा, कमल गुलाटी, दिनेश शीर्षवाल, नत्थूराम कश्यप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 300वीं जयंती पर निकली रैली, नारे लगाए

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर बाइक रैली निकाली गई। रैली मोनी बाबा के मंदिर से शुरू की।

अखिल भारतीय पाल महासभा के संयोजन में अहिल्याबाई होल्कर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। रैली में मुख्य अतिथि राजेश कुमारी पाल प्रदेश अध्यक्ष ने समाज के लोगों से एकजुट होने का आह्वान किया। कहा कि महिलाओं को समाज में आगे बढ़ चढ़कर हर क्षेत्र में हिस्सा लेना चाहिए। रैली में अहिल्याबाई होल्कर अमर रहे के नारे गूंजते नज़र आए। रैली शाम मौनी बाबा के मंदिर से होते हुए मंगूपुरा, गागन, रिलायंस पेट्रोल पंप, चौधरी चरण सिंह चौक, अहिल्याबाई होल्कर चौक पर सम्पन्न हुई। दिनेश पाल, कौशल पाल, टिकू पाल, डॉ. मुकेश पाल, हरपाल सिंह, गोपाल सिंह, देवेन्द्र पाल, प्रहलाद पाल, किशन पाल, अजयवीर पाल, परम सिंह पाल, केपी सिंह, सौरभ पाल, युवराज पाल, मुकुल पाल, कमल पाल, रंजीत पाल, दीपू पाल रहे।

## सार-संक्षेप

### अहिल्याबाई ने महिला सशक्तिकरण को दिया बढ़ावा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प चढ़ाकर उनको नमन किया। इसके बाद बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव की। शनिवार को सिविल लाइन स्थित सपा के जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष जयवीर यादव ने कहा राजमाता अहिल्याबाई ने मालवा राज्य पर लगातार 30 वर्ष शासन किया था। लोग उन्हें अहिल्याबाई होल्कर कहकर संबोधित करते थे। अहिल्याबाई ने महिला सशक्तिकरण के नारे को बढ़ावा दिया। लेकिन आज भाजपा शासन में महिलाओं का शारीरिक और मानसिक शोषण हो रहा है। बैठक में पूर्व विधायक हाजी रिजवान, लाखन सिंह सैनी, राजेश कुमारी यादव, शीरी गुल, फिरासत हुसैन गामा, आफ्कार पाशा, धर्मेंद्र यादव, नाजिम अली, बीके सैनी, जयकुमार प्रजापति, प्रेम बाबू वाल्मीकि, योगेंद्र यादव, प्रदीप यादव, वेद प्रकाश सैनी, सुशील यादव, जयपाल सैनी, लुकमान खान, अभय यादव, गौरव कुमार, सुरेंद्र शर्मा, गोविंद प्रजापति, नाजिम हुसैन, महेंद्र पाल सिंह, केदार सिंह, संजीव कुमार, शाकिर सलमानी, दिव्यांशु सागर, नवरत्न सिंह, तहजीब आलम, प्रवीण सैनी, जुनैद अशरफी, जैनुल आवेदीन, हुसैन अहमद, जिगरी मलिक, मो. आरिफ, मो. कादिर, इलियास सलमानी, नजीर अली, संजीव कुमार, मो. कमाल, प्रेमपाल, भूरा कुरैशी आदि प्रमुख थे।

### जयंती पर पाल समाज ने निकाली रैली



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल विश्व क्षत्रिय पाल महासभा और अखिल भारतीय पाल महासभा व पाल समाज के अन्य संगठनों ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर रैली निकाली। महानगर के श्रीराम चौक से रैली की शुरुआत हुई। पाल समाज के लोगों ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्रों के साथ रैली में सहभागिता की। मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली श्रीराम चौक से आरंभ होकर गौतमबुद्ध पार्क, कांशीराम गेट, दिल्ली रोड होते हुए चौधरी चरण सिंह चौक से होते हुए मझोला रोड के रास्ते अहिल्याबाई होल्कर चौक पर आकर संपन्न हुई। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा नेता उत्तम पाल, अखिल विश्व क्षत्रिय पाल महासभा के मंडल अध्यक्ष टीपी सिंह पाल, ओमवीर सिंह, अवनीश पाल, जिलाध्यक्ष दीपक पाल, अतर सिंह पाल, भजन लाल पाल, योगेश पाल, रोहताश पाल, मोनू, कपिल, अखिल भारतीय पाल महासभा की जिलाध्यक्ष रीता पाल, हरिकांत पाल, अजयवीर पाल, राजेश पाल, संत राम सिंह पाल, नेपाल पाल, नीतीश पाल और विवेक पाल आदि मौजूद रहे।

# नदी क्षेत्र के मकानों में रहने वाले लोगों पर मंडरा रहा खतरा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नदी के प्रवाह क्षेत्र में बने मकानों में रहने वालों पर खतरा मंडरा रहा है। बाढ़ खंड को अब तक सर्वे ऑफ इंडिया और सेंट्रल वॉटर कमीशन (सीडब्लूसी) द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी ( एनआईएच ) से नहीं मिली है। यह रिपोर्ट बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान और वहां किए निर्माण के संबंध में अहम है। इसका बाढ़ खंड द्वारा सत्यापन किया जाएगा। इसमें लंबा समय लगेगा। जिसके चलते संभावित बाढ़ क्षेत्र में बचाव कार्य पूरे नहीं हो पाएंगे।

बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता राजेश गंगवार ने बताया कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (एनआईएच) को सीडब्लूसी और सर्वे ऑफ इंडिया ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। दोनों विभाग की रिपोर्ट को देखकर एनआईएच इसके आधार पर अपनी रिपोर्ट सिंचाई विभाग को देगा। जिसके बाद बाढ़ खंड रिपोर्ट के आधार पर जमीनी स्तर पर सत्यापन करेगा। इसके बाद ही राज्य सरकार और भारत सरकार को अंतिम सत्यापन रिपोर्ट भेजी जाएगी। जिस पर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित बाढ़ परियोजनाओं पर अंतिम मुहर लगाई जाएगी। इसमें देरी के चलते इस साल बाढ़ से निपटने की तैयारियां अधर में हैं। मानना है कि यदि समय पर रिपोर्ट नहीं आई और सत्यापन नहीं हुआ, तो संभावित बाढ़ क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य समय रहते नहीं शुरू हो पाएगा। जिससे बाढ़ आने की स्थिति में बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हो सकता है।

# मिनी आईपीएल:अभिमन्यु, रुक्मणि अकादमी ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- तुषार वर्मा व कैफ बने मैन ऑफ द मैच और आर्यन व हसन तुर्क को मिला गेम चेंजर का खिताब

**अमृत विचार :** एमपीएस में चल रहे मिनी आईपीएल सीजन 2 में शनिवार को पहला मैच अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी उत्तराखंड और जेपीसीए उत्तराखंड के बीच खेला गया। जबकि दूसरा मुकाबला रुक्मणि क्रिकेट अकादमी और आरएसडी क्रिकेट अकादमी के बीच हुआ। जिसमें अभिमन्यु व रुक्मणि की टीम ने जीत दर्ज की।

पहले मैच में जेपीसीए उत्तराखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 120 रन बनाए। हार्दिक ने 53 गेंदों पर 38 रन और प्रांजल ने 40 गेंदों पर 27 रन की पारी खेली। अभिमन्यु की ओर से तुषार और सजल ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी





खिलाड़ी को गेम चेंजर का खिताब देते मुख्य अतिथि जाफर कुरैशी। • अमृत विचार

अभिमन्यु क्रिकेट अकादमी ने 24.1 ओवर में 121 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया। आर्यन ने 57 गेंदों पर 42 रन और अंश ने 35 गेंदों पर 22 रन की पारी खेली। जेपीसीए की ओर से हार्दिक और सौरीश को एक-एक विकेट मिला। मैच में बेहतरीन गेंदबाजी के लिए तुषार वर्मा को मैन ऑफ द मैच और आर्यन को गेम चेंजर चुना गया।

वहीं, दूसरे मुकाबले में रुक्मणि क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 254 रनों का स्कोर खड़ा किया। कैफ ने 54 गेंदों पर 83 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि साहिब पाशा ने 50 गेंदों पर 40 रन बनाए। आरएसडी की ओर से असद ने 3 और आयुष ने 2 विकेट हासिल किए। जवाबी पारी में आरएसडी क्रिकेट अकादमी 30 ओवर में 180 रन ही बना सकी। तुषार ने 54 गेंदों पर 50 रन और अमन ने 35 गेंदों पर 45 रन की संघर्षपूर्ण पारियां खेलीं। रुक्मणि की ओर से हसन ने 3 और कैफ ने 2 विकेट झटके। इस मैच में मैन ऑफ द मैच कैफ को चुना। जिन्होंने शानदार बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी योगदान दिया। वहीं हसन तुर्क को गेम चेंजर घोषित किया। दोनों मैचों में मैन आफ द मैच व गेम चेंजर चुने गए। खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जाफर कुरैशी ने सम्मानित किया। इस मौके पर मिर्जा दानिश आलम, अमित लारा, रवि, रोहित चौधरी, प्रधानाचार्य शकील, श्रीकांत शर्मा, रईस मोहम्मद, अजहर खान, प्रतीक्षा, शरीफ, कुलदीप, क्रिकेट बदरुद्दीन सिद्दीकी, पंकज, बाकर बादशाह समेत अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्के बादल रहेंगे और मौसम सामान्य रहेगा।

36.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:08

# नगर आयुक्त को धमकी देने वाले तीनों आरोपियों को थाने से मिली जमानत

## एसपी सिटी ने थाने पहुंचकर दोनों होमगार्ड व कर्मचारियों के दर्ज किए बयान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **तीनों आरोपियों ने नगर आयुक्त के आवास के बाहर किया था हंगामा**

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल को जान से मारने की धमकी देने वाले गिरफ्तार तीनों आरोपियों को पुलिस ने निजी मुचलके पर थाने से जमानत दे दी। एसपी सिटी ने शनिवार को सिविल लाइंस थाने में पहुंचकर नगर आयुक्त के आवास पर मौजूद दोनों होमगार्ड और कर्मचारी के बयान दर्ज किए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल यादव भी मौजूद रहे। आरोपियों ने एसपी सिटी के सामने भी जब्त मोबाइल लेने के लिए जाने की बात बताई।

शुक्रवार रात चार व्यक्ति नगर आयुक्त के आवास के गेट पर आये। धमकाते हुए गेट खुलवाने का प्रयास किया। होमगार्ड राजेंद्र सिंह और मोहम्मद युनुस ने पकड़ने की कोशिश की तो धमकाते हुए कहा कि थोड़ी देर बाद फिर आएंगे, जो तुम्हें इंतजाम करना है कर लेना। आज हम अपना इंतकाम पूरा करके ही जाएंगे और भाग निकले। भागते समय उनकी जेब से दो फोटो स्टेट कागज गिरे जो आधार कार्ड के थे। जिनमें एक पर नाम अहमद रजा निवासी गुमसानी संभल, दूसरे पर मोईन निवासी अशोक नगर घोसी वाली गली कंजरी सराय अंकित था। रात सवा आठ बजे स्पलेंडर बाइक संख्या यूपी 21, 0639 से तीन आरोपी पीछे के गेट पर आ धमके और आवास में घुसने का प्रयास किया। तभी निगम के चपरासी कमल की मदद से तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक ने नाम अहमद रजा निवासी ग्राम गुमसानी थाना असमोली संभल वर्तमान निवासी ग्राम भाडली पाकबड़ा बताया। जबकि अन्य दोनों नाबालिग निकले। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर तीनों के खिलाफ धारा 351(3) में रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसमें दो नाबालिग हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों में हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हम अपने जब्त मोबाइल को लेने के लिए गए थे। दोपहर 12 बजे एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह सिविल लाइंस थाने पहुंच गए। उन्होंने दोनों होमगार्ड और कर्मचारी को बुला लिया। उनके साथ में अपर नगर आयुक्त अतुल यादव भी पहुंच गए।

> शिकायती पत्र के आधार पर धारा 351(3) में रिपोर्ट दर्ज की थी। इस धारा में दो साल तक की सजा है। ऐसे में तीनों आरोपियों को निजी मुचलके पर जमानत दे दी गई है। तीनों किस उद्देश्य से वहां पर पहुंचे थे, इस मामले की जांच की जा रही है।
>
> **-कुमार रणविजय सिंह**, एसपी सिटी

एसपी सिटी ने पहले अपर नगर आयुक्त के सामने ही होमगार्ड और कर्मचारी से बात की। इसके बाद अपर नगर आयुक्त एसपी सिटी के पास से उठकर दूसरे कक्ष में पहुंच गए। जहां पर कर्मचारियों से काफी देर तक बात करते रहे। इसके बाद फिर से पुलिस और अपर नगर आयुक्त के बीच वार्ता शुरू हो गई। दोनों होमगार्ड और कर्मचारी दोनों अधिकारियों के सामने खड़े थे। लगभग दो घंटे थाने में रुकने के बाद अपर नगर आयुक्त चले गए। इसके बाद फिर से एसपी सिटी ने दोनों होमगार्ड को अपने कक्ष में बुला लिया। जहां पर दोनों से पूरी घटना की जानकारी ली। उधर, तीनों आरोपियों के खिलाफ सात साल से कम सजा की धारा में कार्रवाई होने के चलते पुलिस ने उन्हें निजी मुचलके पर थाने से ही जमानत दे दी। एसपी सिटी के सामने भी तीनों आरोपियों ने जब्त मोबाइल लेने जाने की बात बताई।

## सोमवार तक निपटाएं मामला नहीं तो दोनों पक्षों पर होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिलारी विकास खंड के एडीओ पंचायत दुजेंद्र सिंह के खिलाफ पंचायत सचिवों ने मोर्चा खोल दिया है। मामला सीडीओ कार्यालय तक पहुंच गया है। एडीओ पंचायत ने पंचायत सचिवों पर कार्य में लापरवाही करने में कार्रवाई करने की बात कही थी।

शनिवार को बिलारी विकास खंड पर एडीओ और पंचायत सचिवों के बीच चल रही लड़ाई को लेकर माहौल गर्म रहा। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने दोनों पक्षों को बुलाया था। दोनों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे थे। जिससे बिलारी ब्लॉक में कार्य का माहौल बिगड़ चुका है। दोनों के बीच चल रहे विवाद से मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी को भी जानकारी दे दी है। मुख्य विकास अधिकारी ने सोमवार तक दोनों पक्षों को आपस में मामले को निपटाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा यदि मामला दिए गए समय के भीतर नहीं निपटा तो दोनों पक्षों पर कार्रवाई की जाएगी।

## सेवानिवृत्त कर्नल पूजा ने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा के साथ फहराया टीएमयू का झंडा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सेना की 46 वर्षीया सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पूजा नौटियाल ने माउंट एवरेस्ट पर देश के तिरंगे के साथ तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का झंडा भी लहराया है। इस मिशन में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी ने 40 लाख रुपये की धनराशि का सहयोग किया था।

20 मई को विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर जैसे ही लेफ्टिनेंट कर्नल पूजा नौटियाल ने कदम रखा, लगा उनके डेढ़ दशक से पाले सपनों में रंग भर गया हो। भारत माता के जयघोष और हाथों में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का प्रतीक चिह्न और देश का तिरंगा झंडा माउंट एवरेस्ट पर फहराया। लेफ्टिनेंट कर्नल पूजा शेरपा गाइड तेनजिंग भोटे के साथ दुनिया की सबसे ऊंची चोटी 8,848.86 मीटर पर तिरंगा फहराया। इस अभियान को पायनियर एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड ने बूट्स एंड क्रैम्पन्स के साथ मिलकर सहयोग दिया। पूजा नौटियाल की इस उपलब्धि पर टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन और ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन ने खुशी जताई।



माउंट एवरेस्ट पर पूजा नौटियाल।

- **लेफ्टिनेंट कर्नल पूजा नौटियाल ने फतह की दुनिया की सबसे ऊंची चोटी**

## एक नजर



### अधिवक्ता आदीष को मिला सम्मान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर न्यायालय परिसर में धूम्रपान करने वालों को रोकने और जागरूक करने वाले अधिवक्ता आदीष कुमार जैन को सम्मानित किया। आर्य समाज के मंत्री रमेश सिंह आर्य ने उन्हें महर्षि दयानंद सरस्वती की पुस्तक सत्यार्थ प्रकाश भेंट कर सम्मानित किया। आदीष जैन बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के पूर्व कोषाध्यक्ष हैं और लंबे समय से न्यायालय परिसर में तंबाकू सेवन के खिलाफ सक्रिय हैं। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष त्रिलोक चंद दिवाकर, विजयपाल सिंह, अमन कुमार, पारुल अग्रवाल, मदनलाल गोस्वामी, नीरज सोलंकी, अंजली, सुनील सिंह, उत्कर्ष, कपिल गुप्ता, राहेमीन, जैनुल हसन, ब्रजेश विश्नोई, सरमिताभ सिन्हा और शाकिर हुसैन शामिल रहे।

### ऑनलाइन ठगी के शिकार युवक के 50 हजार रुपये कराए वापस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** साइबर सेल पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए युवक के 50 हजार रुपये वापस कराने में सफलता प्राप्त की है। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि मझोला थाना क्षेत्र के प्रगति विहार कालोनी निवासी पीयूष कुमार सैनी ने 2 मई को ऑनलाइन ठगी की शिकायत की थी। साइबर सेल में तैनात पुलिसकर्मियों ने बैंक और गेटवे कंपनी से संपर्क करके पीयूष के खाते में उसके पूरे 50 हजार रुपये वापस करा दिए। अपनी रकम वापस पाकर पीयूष ने साइबर सेल में पहुंच कर आभार जताया।

## आधुनिक तकनीक व उपचार पद्धतियों के बारे में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **आईएमए व एएमएस के संयुक्त तत्वावधान में हुई सीएमई**

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) व अकादमी ऑफ मेडिकल स्पेशलिटीज (एएमएस) के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार की रात रामगंगा विहार स्थित होटल में कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (सीएमई) कार्यक्रम हुआ। इसमें मैक्स गुरुग्राम के गुर्दा प्रत्यारोपण विभाग के प्रमुख एवं कैंसर तथा रोबोटिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अमित गोयल ने व्याख्यान दिया।

सीएमई में डॉ. अमित गोयल ने प्रोस्टेट कैंसर, वेसिकोवेजाइनल फिस्टुला और गुर्दा प्रत्यारोपण जैसे गंभीर चिकित्सा विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आधुनिक तकनीकों व उपचार पद्धतियों के बारे में उपस्थित चिकित्सकों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. प्रीति गुप्ता ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर सभी सदस्यों को तंबाकू के सेवन को हतोत्साहित करने और इसके विरुद्ध जनजागरण फैलाने की शपथ दिलाई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मुरादाबाद की सचिव डॉ. सुदीप कौर ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। वहीं एएमएस की चेयरमैन डॉ. निधि ठाकुर ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया, जबकि सचिव डॉ. प्रियल गुप्ता ने मंच संचालन किया। अंत में कोषाध्यक्ष डॉ. रूबी चुग ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का आभार जताया। इस दौरान डॉ. बबीता गुप्ता, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. सुधीर मिड्ढा, डॉ. सीमा मिड्ढा, डॉ. नितिन बत्रा, डॉ. बीके दत्त, डॉ. किशन वार्ष्णेय, डॉ. जेसी अरोड़ा, डॉ. सुभाष सिंह, डॉ. शरद, डॉ. जेके शर्मा, डॉ. भगतराम राणा शामिल रहे।

## महिला व बेटियों से की मारपीट, रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र निवासी महिला ने युवक पर बेटियों को परेशान करने और घर में घुसकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना नागफनी क्षेत्र के बंगलागांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी तीन बेटियां हैं। महिला का आरोप है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के खालसा नगर निवासी निशांत उसकी बेटियों को परेशान करता है। महिला के अनुसार 28 मई की रात लगभग 11 बजे आरोपी निशांत घर में घुस आया। आते ही उसने गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने पीड़िता को धमकाया कि तुझे और तेरी बेटियों पर तेजाब डाल दूंगा। बाद में आरोपी वहां से भाग निकला। थाना नागफनी के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

## जूडो खिलाड़ी ने कोच के खिलाफ फेडरेशन को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **सोमवार को भोजपुर थाने में बयान दर्ज कराएगी पीड़ित महिला खिलाड़ी**
- **मामले में कोच और खिलाड़ी का एक आडियो भी हो रहा वायरल**

**अमृत विचार :** जूडो की इंटरनेशनल महिला खिलाड़ी ने कोच सतीश शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद अब जूडो फेडरेशन आफ इंडिया को पत्र भेजकर कोच की शिकायत की है। साथ ही उत्तराखंड के जूडो एसोसिएशन से आरोपी कोच को सेक्रेटरी पद से हटाने की मांग की है। महिला खिलाड़ी का आरोप है कि अगर वह पद पर बने रहे तो जांच को प्रभावित करेंगे। महिला खिलाड़ी की शनिवार को तबीयत खराब हो गई थी। ऐसे में वह अब रविवार को नहीं बल्कि सोमवार को मुरादाबाद के भोजपुर थाने में आकर अपने बयान दर्ज कराएंगी। साथ ही कोच के साथ हुई बातचीत की आडियो भी पुलिस को देगी।

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून जिले के थाना राजपुर क्षेत्र निवासी जूडो की इंटरनेशनल खिलाड़ी के अनुसार बीते साल वह पीआरडी ग्राउंड में प्रेक्टिस कर रही थी। 2024 में उनका सलेक्शन भोपाल साई (एनसीओइ) के लिए हो गया था, लेकिन खिलाड़ी की महिला कोच ने वहां जाने से मना कर दिया। उसने ही खिलाड़ी को मुरादाबाद में आकर प्रैक्टिस करने की सलाह दी। इसके वह मुरादाबाद आ गई। कोच सतीश शर्मा की देखरेख में प्रेक्टिस शुरू कर दी।

कोच ने खिलाड़ी को अपने मकान की तीसरी मंजिल पर रहने के लिए कमरा दे दिया था। खिलाड़ी के अनुसार कुछ दिन तो ठीक चलता रहा, लेकिन बाद में कोच सतीश शर्मा खिलाड़ी के ऊपर ज्यादा ध्यान देने लगे। इसी बीच 12 मार्च को कोच जूडो खिलाड़ी प्रेक्टिस करने की बात कहते हुए भोजपुर क्षेत्र के गांव इस्लामनगर स्थित अपने फार्म हाउस पर ले गए। फार्महाउस पर कमरा बना हुआ है। खिलाड़ी प्रेक्टिस करने लगी, जबकि कोच कमरे में चला गया। कुछ देर बाद खिलाड़ी की मसाज करने के बहाने कमरे में ले गया और छेड़छाड़ की।

बाद में किसी से शिकायत करने पर धमकी दी। इस घटना से आहत खिलाड़ी फाइनल ट्रायल भी हार गई और आहत होकर प्रेक्टिस छोड़ देहरादून चली गई। इसी बीच महिला खिलाड़ी ने देहरादून के राजपुर थाने में जीरो रिपोर्ट दर्ज कराई। जो 29 मई को भोजपुर थाने पहुंच गई। भोजपुर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने खिलाड़ी को फोन करके बयान के लिए बुलाया। पुलिस पहले खिलाड़ी के खुद बयान दर्ज करेगी और उसके बाद मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराएगी। साथ ही खिलाड़ी का मेडिकल भी पुलिस कराएगी। महिला खिलाड़ी ने अब सोमवार को थाने आने की बात कही है। पुलिस कार्रवाई कराने के बाद महिला खिलाड़ी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जूडो फेडरेशन आफ इंडिया को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उधर, कोच सतीश शर्मा का आडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। जिसमें वह खिलाड़ी पर दोबारा प्रैक्टिस के लिए आने को दबाव बना रहे हैं। प्रसारित आडियो में कह रहे हैं कि तुम वापस आ जाओ मैं दोबारा तुम्हें टच भी नहीं करूंगा। वहीं खिलाड़ी खुदकुशी करने की बात कह रही है। थाना भोजपुर के प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि खिलाड़ी को बुलाया है। उनके बयान दर्ज कराए जाएंगे और मेडिकल कराया जाएगा। उसके पूरे मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली और कांठ रोड से हटाया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नगर निगम के प्रवर्तन दल ने शनिवार को महानगर के कई सड़कों के किनारे सामान रखकर अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की। टायर पंचर बनाने वालों की दुकान पर रखी हवा भरने की मशीन व पुराने टायरों को टीम ने जब्त कर लिया। चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा करने पर चालान काटकर जुर्माना भी वसूला जाएगा।

नगर निगम के प्रवर्तन दल ने कांठ रोड पर कॉसमॉस हास्पिटल के आसपास सड़क पर पुराने टायर रखकर जगह घेरने वाले पंचर बनाने के दुकानों के सामने रखे हवा भरने के प्रेशर मोटर व पुराने टायरों के चलते आवागमन में रुकावट को देखते हुए सामान को जब्त कर लिया। हवा भरने के मोटर को ठेले पर लादकर नगर निगम के स्टोर में जमा कराया। वहीं सड़क की पटरियों पर खाद्य सामग्री की दुकान लगाने वालों को भी टीम ने हटवाया।



अतिक्रमण हटाने के दौरान सामान जब्त कर ले जाती नगर निगम की टीम।

- **कल से 7 जून तक रोस्टर के अनुसार चलेगा अभियान**

नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि 2 से 7 जून तक अभियान चलाकर रोस्टर के अनुसार अतिक्रमण हटेगा। 2 जून को गुरहट्टी चौराहे से ताड़ीखाना होकर जीएमडी रोड, 3 जून को गुरहट्टी चौराहा से गंज बाजार, मंगल बाजार, राजघाट, चौधरी पुल, अमरोहा गेट होकर मंडी चौक, : 4 जून को बुध बाजार से इम्पीरियल तिराहा तक सड़क की दोनों पटरियों से, 5 जून को कांठ रोड पर अकबर का किला से संगम विहार होते हुए सेल्स टैक्स कार्यालय तक, 6 जून को इम्पीरियल तिराहा से रोडवेज होकर डबल फाटक, प्रभात मार्केट तक अभियान चलेगा, 7 जून को निगम की टीम लोकोशेड से चौक तक अभियान चलाएगी।

## शराबी पति से परेशान महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, मुरादाबाद

- **तीन साल से मायके में रही रही है महिला**

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में मायके में रहने वाली महिला ने संभल निवासी शराबी पति की धमकियों से परेशान होकर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि उसका शराबी पति उसके पिता की संपत्ति को बेचने का दबाव बनाता है।

थाना सिविल लाइंस की साईं रेजीडेंसी कालोनी निवासी महिला मीनू मग्गो ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी थाना चंदौसी क्षेत्र के स्टेशन रोड निवासी पवन कुमार मग्गो के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि उसका पति शराब का आदी है और मेरे पिता की संपत्ति बेचने का दबाव बनाता रहता है। मना करने पर कई बार नशे में मारपीट की, जिसकी वीडियो भी उसके पास है। महिला के अनुसार पति की मारपीट से तंग आकर साल 2022 में वह मायके में आकर रहने लगी। उसके साथ उसके दो बच्चे भी रहते हैं। पीड़िता का आरोप है कि अब उसका पति लगातार धमकियां दे रहा है कि अगर तुमने अपने स्व. पिता की संपत्ति नहीं बेची तो वह मेरे दोनों बेटों के जान से मार देगा। इस संबंध में थाना सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## बीईओ देहात ने जांच टीम पर उनका पक्ष न सुनने व साक्ष्यों की अनदेखी का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **लंबे समय से अनुपस्थित महिला शिक्षक बीएसए की रिपोर्ट पर हुई थी निलंबित**

**अमृत विचार :** देहात खंड शिक्षा अधिकारी पर हुई कार्रवाई के बाद उन्होंने एक पक्षीय कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जांच टीम पर उनके द्वारा दिए साक्ष्य और उनके पक्ष को जांच का हिस्सा न बनाने की बात कही है। आरोप लगाने वाली महिला शिक्षक मेघ वर्मा पर लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर निलंबन की कार्रवाई की गई थी। वहीं, दूसरी महिला शिक्षक सीमा गहलोत की बीएसए से की शिकायत में उनके द्वारा पीपलसाना प्राथमिक विद्यालय द्वितीय में अध्यापक सुमित चौहान के साथ मिलकर ड्रेस घोटाले जैसे मामले की जांच उनके द्वारा करने की बात बताई है।

बेसिक शिक्षा विभाग में ठाकुरद्वारा ब्लॉक के बथुआ खेड़ा विद्यालय में सहायक अध्यापक सीमा गहलोत को प्रधान अध्यापक का चार्ज दिया था। सन् 2019-20 में बच्चों की ड्रेस खरीदने के लिए विद्यालय के खाते में पैसा आता था। उस समय सीमा गहलोत की तत्कालीन बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत से ड्रेस खरीदने के मामले घपला करने शिकायत की गई थी। ड्रेस के लिए खरीदे कपड़ा व्यापारी तसलीम अहमद ने शिकायत की थी। जिसकी जांच देहात खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश गोयल ने थी। उन्होंने बताया कि जांच में सीमा गहलोत और पीपलसाना के प्रधान अध्यापक सुमित चौहान दोषी पाए थे। बताया कि सीमा गहलोत और सुमित दोनों शादीशुदा हैं। इसके बाद भी उन्होंने आपस में मंदिर में शादी कर रखी है। देहात खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कर्मचारी आचरण नियमावली के मुताबिक यह गलत है। जिसकी जांच भी देहात खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश गोयल को दी गई थी। जिसके साक्ष्य संयुक्त शिक्षा निदेशक, एडी बेसिक और मानपुर जीआईसी की पुठिया मैडम को दिए थे।

लेकिन मामले में मेरा पक्ष और साक्ष्य भी नहीं देखे गए। वहीं दूसरी शिकायतकर्ता महिला शिक्षक भी ठाकुरद्वारा शेरपुर पट्टी प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापक मेघा वर्मा लंबे समय से अनुपस्थित चल रही थी। जिस पर उनके निलंबन की कार्रवाई भी हुई थी। देहात खंड शिक्षा अधिकारी वेगीश गोयल का कहना है कि वह साक्ष्य को लेकर शिक्षा निदेशक के पास जाएंगे।

## व्यापारियों ने एसपी सिटी से सुरक्षा को लेकर रखी मांगें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश एवं महानगर के अन्य व्यापारी संगठनों की शनिवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में बैठक हुई। व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की।

बैठक में संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी ने पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और प्रमुख चौराहों पर पिकेट लगाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि व्यापारिक क्षेत्रों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस की सक्रियता और उपस्थिति जरूरी है। प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने पुलिस की मुस्तैदी की सराहना की। कहा कि हाल ही में हुई आपराधिक घटनाओं का जिस तत्परता से खुलासा किया गया, उसके लिए क्षेत्राधिकारी कुलदीप गुप्ता, सुनीता दहिया, शुभम पटेल और आशीष कुमार का समस्त व्यापारी समाज आभार व्यक्त करता है। गंज बाजार सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों को एकजुट कर उनकी समस्याओं को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। व्यापारियों ने यह भी प्रस्ताव रखा कि अधिकारी एवं व्यापारी मिलकर संवाद कार्यक्रम आयोजित करें, जिससे पारस्परिक सहयोग को और सशक्त किया जा सके। इस मौके पर आशुतोष गुप्ता, सुप्रीत खन्ना, गौरव अग्रवाल, दीपक कत्याल, आदेश गुप्ता, राजेश सिंह, अनुज गुप्ता, मनीष अग्रवाल, मनीष बेरी, रिजवान कामिल, आशीष अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, सुमित गुप्ता, सोहन सिंह, मनी आनंद, राजेंद्र गुप्ता समेत अन्य व्यापारी शामिल रहे।

**तैयारी** | जो लोग नहीं खरीद सकते जानवर, कर सकते हैं हिस्सा लेकर कुर्बानी

## हिस्सा लेकर भी कर सकते हैं कुर्बानी, कई जगह इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा पर महानगर के कई इलाकों में हिस्सों का इंतजाम किया गया हैं। जो लोग कुर्बानी करना चाहते है और जानवर नहीं ला सकते हैं तो ऐसे लोग हिस्सा लेकर कुर्बानी करा सकते हैं।

मुस्लिम समाज के लोग हजरत इब्राहिम की सुन्नत को पूरा करने के लिए ईद-उल-अजहा पर बकरा, भैंस, ऊंट, भेड़ की कुर्बानी देते हैं। 7 जून को ईद-उल-अजहा मनाई जाएगी। महानगर से लेकर देहात तक तैयारियां चल रही हैं। लोग बाजारों में जानवरों की खरीदारी कर रहे हैं। बकरा व्यापारी मोहम्मद फराज ने बताया कि इस बार पिछले साल के मुकाबले जानवरों के दाम काफी बढ़े हैं। इसके बाद भी लोग खूब खरीदारी कर रहे हैं। कई बार ऐसा होता है कि कई लोग कुर्बानी करना चाहते है, लेकिन महंगाई के चलते जानवर नहीं खरीद पाते हैं। ऐसे लोगों के लिए महानगर में कई जगह जानवर में हिस्सा लेने का इंतजाम किया जाता है। जिसमें चार से पांच लोग आपस में पैसे लगाकर एक जानवर लेकर कुर्बानी कर सकते हैं। महानगर के मोहल्ला किसरौल स्थित मदरसा जामेआ कादरिया फैजाने गरीब नवाज में हिस्सा लेने का इंतजाम किया गया है। यहां 3500 रुपये देकर कोई भी हिस्सा लेकर कुर्बानी कर सकता है। इसके अलावा महानगर की चक्कर की मिलक, तंबाकू वालान, गलशहीद, ईदगाह व करूला समेत अन्य कई स्थानों पर हिस्सा लेकर कुर्बानी का इंतजाम किया गया है।



### पशु बाजारों में खूब हो रही जानवरों की बिक्री

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ईद-उल-अजहा को लेकर बाजार गुलजार होने लगे हैं। जिसके तहत शहर से लेकर देहात इलाकों में बकरा व अन्य जानवरों की खरीदारी बढ़ गई है। शनिवार को भी ईदगाह के बाजार में जमकर खरीदारी हुई। सड़क किनारे लगने वाले बाजार में जाम की अधिक दिक्कत आती है, जिसके चलते बाजार में पुलिस को तैनात किया गया है।



> हमारे मदरसे में कुर्बानी के लिए हिस्सों का इंतजाम किया गया है। जिसकी रकम 3500 रुपये रखी गई है। जो हजरात हिस्सा लेना चाहते हैं वो जल्द से जल्द मदरसे में आकर संपर्क कर सकते हैं।
>
> **-मुफ्ती सय्यद मोहम्मद मुर्स्जाब हुसैन कदीरी**

## किसान भूप सैनी की मौत में आया आत्महत्या का मोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र के रामनगर कालोनी निवासी किसान भूप किशोर सैनी की मौत की कहानी खुदकुशी की ओर मुड़ गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की बात सामने आने पर पुलिस मुकदमे को खुदकुशी में तरमीम करेगी।

उधर, नामजद एक-एक आरोपियों की भूमिका की जांच के लिए फोन सीडीआर पर पुलिस काम कर रही है। उधर, पुलिस ने जाम लगाने वाले गुलशन सैनी, विक्की सिंह, पंकज, सूरज सैनी, भूरा, योगेश, शिशुपाल सिंह, रामभरोसे उर्फ राहुल को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना मझोला के लाइनपार रामनगर कालोनी निवासी भूप किशोर सैनी उर्फ पप्पू किसान थे। शुक्रवार सुबह किसान भूप किशोर का शव उनके घर से लगभग 150 मीटर दूर स्थित खाली प्लाट के गेट के सहारे लटका मिला था। मृतक के बेटे सूरज सैनी ने आरोप लगाया था कि रंजिशन हत्या की गई है। पुलिस ने हंगामा होता देख शिकायती पत्र के आधार पर महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया, भाजपा पार्षद राहुल देव वरुण, भाजपा पार्षद राजेश गुप्ता, विनीत शर्मा, राजेंद्र देवी, पिंटू, बबलू के खिलाफ हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि किसान द्वारा खुदकुशी करने की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई है। नामजद सभी आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है। मुकदमे को खुदकुशी की धारा में तरमीम किया जाएगा। प्रकाश नगर चौराहे पर शव रखकर जाम लगाने वाले 30 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई

## विभिन्न कार्यक्रमों में अहिल्याबाई द्वारा समाज के लिए किए कार्यों के बारे में बताया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर मे कांग्रेस कमेटी द्वारा अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती राजीव मार्केट में मनाई गई ।

शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता राजीव मार्केट में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजीव सिंघल के आवास पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। मुख्य वक्ताओं ने राजमाता के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला। अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और कार्यों पर चर्चा की। संजीव सिंघल ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चांडी गांव में साधारण परिवार में हुआ था। उन्होंने भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का पुनर्निर्माण कार्य भी कराया था और वह शिव भक्त थीं। देश के लिए उन्होंने विदेशी ताकतों से भी संघर्ष किया और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हमेशा महिलाओं को मजबूत बनाने के लिए काम किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राजमाता के जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस दौरान सादिक सिद्दीकी, अनुज वाल्मीकि, लारेब मंसूरी, नौशाद अंसारी, डॉ. हनीफ, हाजी मुस्तकीम, शाहिद हुसैन, अकबर भाई, हाजी आविद, भूरा फहीम, मुन्ना भाई, दीपक पाल, रितिक वर्मा, पंकज कुमार, राहुल पाल, नौबत राम आदि मौजूद रहे।



लोकमाता अहिल्याबाई जयंती मनाते भारत विकास परिषद के सदस्य।



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जयंती कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई

**बिलारी, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान थांवला बिलारी में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। संस्थान की प्रशिक्षणार्थी आरती, सुरभि गौतम, सलोनी शर्मा, प्रियंका, रश्मि और खुशबू ने रानी अहिल्याबाई के बारे में विचार प्रकट किये और कहा वह भारतीय संस्कृति का गौरव हैं। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सायरा बेगम के प्रतिनिधि इकरार हुसैन, अजय प्रजापति, हेमलता शुक्ला, दुर्गेश विधेय, पूजा, कनिष्ठ सहायक मतीन एवं स्टाफ शामिल रहा।

### भारत विकास परिषद ने मनाई अहिल्याबाई की जयंती

**कांठ, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद ने अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भारत में जिन महिलाओं का जीवन आदर्श, वीरता, त्याग तथा देशभक्ति के लिए सदा याद किया जाता है, उनमें अहिल्याबाई होल्कर का नाम प्रमुख है। इस अवसर पर कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, अध्यक्ष महेश चंद गुप्ता, सचिव गौरव बिश्नोई, सुरेश चौहान, प्रमोद बिश्नोई, डॉ. भगवान सिंह, पंकज कुमार, रजत प्रभाकर, शैलेश गुप्ता आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ईद उल अजहा के मद्देनजर थाने में हुई बैठक

**भगतपुर, अमृत विचार :** भगतपुर थाना में ईद उल अजहा के मद्देनजर बैठक हुई। थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ईद उल अजहा के मद्देनजर बैठक की गई। बैठक के दौरान लोगों से त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की गई। बैठक में मौजूद क्षेत्रवासियों से उनकी राय व समस्या पूछी गई। कहा गया कि यदि किसी को कोई समस्या है तो उसके संबंध में अवगत कराएं। बैठक में मौजूद कई ग्रामीणों ने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान काफी संख्या में क्षेत्रवासी रहे।

### जान देने पर अड़े प्रेमी युगल को थाने में बैठाया

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती का 3 वर्षों से मोहल्ला निवासी सजातीय युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। युवती का कहना है कि प्रेमी, उसकी भाभी और जेठ ने विवाह करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। अब युवक विवाह करने से मुकर रहे हैं। पीड़िता ने प्रेमी, उसके भाई और भाभी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तहरीर दी है। प्रेमी युगल के आत्मघाती कदम उठाने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने दोनों को थाने में बैठा रखा है। रिश्तेदार और ग्रामीण प्रेमी युगल को मनाने में जुटे हैं, लेकिन दोनों अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने कहा है कि यदि दोनों पक्षों में सहमति नहीं हुई तो रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### हनुमान जी की मूर्ति की कराई प्राण प्रतिष्ठा

**बिलारी, अमृत विचार :** हाथीपुर वहाउद्दीन में हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना को लेकर पूजन कार्यक्रम चल रहा था। शनिवार को श्री बद्री नारायण ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के प्रमुख पंडित दिनेश चंद्र सती ने मंत्रोच्चार कर हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। नगर भ्रमण के लिए कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सभी ग्रामवासी शामिल रहे।

### सुरजननगर में मनाया पत्रकारिता दिवस

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज मार्ग पर बने प्रेस कार्यालय पर शुक्रवार को पत्रकारिता दिवस का कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यतेंद्र विश्नोई, व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, चौकी प्रभारी ओमकार सिंह, अंकित मित्तल, सुनील कुमार, संजीव कुमार, सुबोध विश्नोई, आकाश विश्नोई, अनुज कुमार डॉ. हरिओम सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस से मुठभेड़ में एक बदमाश घायल, जेल भेजा

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** शुक्रवार रात को गांव रानी नांगल के निकट जंगल में पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश के खिलाफ पुलिस पर जानलेवा हमला करने एवं तमंचा रखने के आरोप में केस दर्ज कर चालान किया है। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

शुक्रवार रात को सिरसवां दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी पंकज राठी हमराही उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, हेड कांस्टेबल रवि कुमार, अनूप कुमार और कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार के साथ टांडा रोड पर गश्त कर रहे थे। पुलिस को मुखबिर ने गांव रानी नांगल के रास्ते पर बदमाश के छिपे होने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा तो निजी ट्यूबवेल की आड़ में एक व्यक्ति दिखाई दिया। उससे रात में खड़े होने का कारण पूछा तो भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस ने बचाव करते हुए जबावी कार्रवाई की। उप निरीक्षक पंकज राठी ने आरोपी के शरीर के निचले हिस्से में गोली मारी जो उसकी टांग में लगी। पुलिस ने बदमाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि वह वारदात करने के लिए अपने साथियों के इंतजार में खड़ा था। उसने अपना नाम हसन पुत्र अनीस निवासी पंचायत घर के पास जामा मस्जिद डिंगरपुर थाना मैनाठेर बताया। पुलिस ने उसके कब्जे तमंचा, खोखा और कारतूस बरामद किया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। आरोपी के खिलाफ पुलिस पार्टी पर जान लेवा हमला करने के आरोप में केस दर्ज कर चालान कर दिया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## ग्रामीणों ने चोर को पीटकर पुलिस को सौंपा

**डिलारी, अमृत विचार :** ग्रामीणों ने चोर को पकड़कर पीट दिया। चोरों ने साथी को छुड़ाने के लिए फायरिंग की, जिससे गांव में भगदड़ मच गई।

शुक्रवार रात 12 बजे चोरों ने गांव ईलर में 3 घरों को निशाना बनाया। गांव निवासी दुर्गा सिंह के मकान में पीछे से कूमल लगाकर घर में घुसकर सामान चोरी किया। रूप सिंह के घर से नकदी समेत जेवरात चोरी किए। हेतराम सिंह के घर में पीछे से कूमल लगाकर चोरी करने का प्रयास किया। आहट होने पर हेतराम सिंह की पत्नी की आंख खुल गई, जिस पर उसने शोर मचा दिया। गांव में जाग होने से ग्रामीणों ने चोरों का पीछा करना शुरू कर दिया। जिस पर हेतराम सिंह के घर में घुसे चोर रफीक थाना कुंडा ग्रामीणों ने रफीक को पड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी से तमंचा, छेनी, पेचकस, सब्बल मिला है।

## कीटनाशक दवाओं के अवैध गोदाम को किया सील

- जिलाधिकारी ने दिया रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** एसडीएम ने जिला कृषि अधिकारी और पुलिस की संयुक्त टीम लेकर छापा माराकर अवैध रूप से चल रहे कीटनाशक दवाओं के गोदाम को सील कर दिया। जिला कृषि अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने गोदाम संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किसी व्यक्ति ने एसडीएम कांठ को सूचना दी थी कि ग्राम खलीलपुर कद्दीम निवासी लीलपत सिंह के गोदाम में कई रसायन और बायो फर्टिलाइजर आदि का सामान है। एसडीएम ने मौके पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र पाल, छजलैट थाना पुलिस, नायब तहसीलदार योगेश शर्मा को बुलाया और जब गोदाम का निरीक्षण किया तो उसमें खुला एवं पैक्ड सामग्री, माइक्रोन्यूट्रियन्ट के जैसा खुला पदार्थ एवं फसल बलवान खाली सीसी, नैनो यूरिया की पेटी, जॉब तरल की पेटी, बायोफर्टिलाइजर जैसा खुले एवं पैकेट सामग्री आदि समान काफी मात्रा में मिला। गोदाम के स्वामी लीलपत को फोन किया तो वह मौके पर नहीं पहुंचे। 28 मई की रात को एसडीएम, जिकृअ व पुलिस कृषि विभाग की टीम ने छापामार की थी। उन्होंने रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी थी। जिला अधिकारी ने मामला पंजीकृत करने की अनुमति दी। जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेंद्र पाल की तहरीर पर छजलैट थाना पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धाराओं में कालाबाजारी के मामले में लीलपत के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। टीम ने गोदाम को सील कर दिया है।

## जमीन के विवाद की थाने में शिकायत

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** शनिवार को नगर में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई। इसमें से एक पक्ष से महिला ने दूसरे पक्ष के खिलाफ थाने में शिकायती पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है। नीलोफर पत्नी शाहनवाज निवासी पहाड़ी गेट रामपुर द्वारा दिए शिकायती पत्र बताया है कि वह शनिवार को कुंदरकी में मुगलों वाली मस्जिद के पास में अपनी जमीन देखने पति शाहनवाज और नासिर हुसैन के साथ गई थी। वहां पर नायब तहसीलदार आए थे। तहसीलदार के जाने के बाद जब वे लोग वहां से आने लगे तो वहां पर नगर निवासी इकबाल और मेहरबान उसके साथ गाली गलौज करने लगे और धमकी दी कि वह उनको नहीं जानती। अब दोबारा यहां पर आई तो तुझको देख लेंगे और उसको मारने के लिए दौड़े। उसके पति शाहनवाज व नासिर ने किसी तरह बीच बचाव किया तब वे लोग किसी तरह वहां से निकले और थाने जाकर शिकायती पत्र दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## एसपी के आदेश पर मामला दर्ज

**कुंदरकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में महिला ने बताया है कि उसकी शादी को 12 वर्ष हो गए हैं। उसका पति गलत संगत में है। आरोप लगाया कि उसका देवर राजकुमार उस पर नजर रखता था। 17 अप्रैल को राजकुमार उसके कमरे में घुस गया और दुष्कर्म किया। महिला का कहना है कि उसने सास अमरवती नंद कल्लो को बताई तो उन्होंने धमकाया। इसके बाद ससुर कैलाश, जेठ राजवीर, जेठानी संतोष, सास अमरावती, नंद कल्लो और किशनवती तथा नंदोई पातिराम और देवर दीपक ने एक राय होकर उसको कमरे में बंद कर दिया और गले में दुपट्टा डालकर जान से मारने की भी कोशिश की। महिला का आरोप है कि जब उसने थाना कुंदरकी में शिकायत की तो पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। इसके बाद वह एसपी के समक्ष पहुंची थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## कुर्बानी के बाद ओज को गड्ढा खोदकर दबवा दें

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार :** थाना कांठ में क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की बैठक हुई। बैठक में ईद उल अजहा और यातायात को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में यातायात पुलिस ने क्षेत्र वासियों से दो पहिया वाहन पर हेलमेट लगाकर चलने और नशे में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा रोड सेफ्टी मिशन के तहत अभियान चलाया जा रहा है। बच्चों के हाथों में वाहन चलाने को न दें। दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौत उन लोगों की हो रही हैं, जो हेलमेट लगाकर नहीं चल रहे हैं। उन्होंने सभी लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इसके बाद ईद उल अजहा को लेकर बैठक में चर्चा हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी अपेक्षा निंबाड़िया ने कुर्बानी स्थल के बारे में सभी से जानकारी ली और जहां-जहां पशुओं की कुर्बानी होती है, वहां पर गंदगी न फैले इसकी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ विवेक कुमार शर्मा ने कहा कि जहां पहले से कुर्बानी होती आ रही है, वहीं पर कुर्बानी करें। कुर्बानी के ओज को गड्ढा खोदकर डिस्पोज कर दें। नगर पंचायत अध्यक्ष ऊमरी कलां उस्मान अली ने नगर पंचायत में कुर्बानी के बारे में बताया। बैठक में नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, डॉ. सिराजुद्दीन अंसारी, डॉ. मोहम्मद यूसुफ, विश्व बंधु बिश्नोई, ग्राम प्रधान सचिन चौधरी, फहीम अहमद उर्फ लालू, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाष धनकर एवं क्षेत्र के सभ्रांत व्यक्ति रहे। वहीं दूसरी ओर थाना छजलैट में भी थानाध्यक्ष छजलैट संजय पांचाल ने नागरिकों से शांतिपूर्ण तरीके से ईद उल अजहा मनाने की अपील की।

## तेंदुए ने गोशाला में घुसकर गोवंशों को बनाया शिकार

**छजलैट, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मानपुर स्थित अस्थायी गो आश्रय स्थल में तेंदुए ने शुक्रवार रात को गोशाला की दीवार फांदकर दो गोवंशों को हमला कर मार दिया।

इसकी सूचना गो सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संयोजक विकास शर्मा ने गौशाला में मुआयना किया। उन्होंने कहा कि यह गोशाला गांव से बाहर जंगल में बनी है। गोशाला की पिछली ओर श्मशान बना है। पिछली ओर से गोशाला की बाउंड्री लगभग 4:30 फिट है। उन्होंने गोशाला की बाउंड्री ऊंची कराकर उस पर कटीले तारों का जाल लगाया जाए। फिलहाल वन विभाग द्वारा गोशाला के पीछे पिंजरा लगा दिया गया है। कांठ क्षेत्र में अन्य गोशाला में भी बाउंड्री कराकर उनके ऊपर कटीले तार लगाए जाने चाहिए। इस मौके पर डॉ. आदित्य गोयल, पशुधन प्रसार अधिकारी, एवं गौशाला के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
REQUIRED
National level institution - District Team Leader/ Coordinator. Prefe- Own Vehicle/ MBA (Sales & marketing)/ MSW. whatsapp CV 7081974868. Salary 5fig
Phone numbers 8004682261/ 9792793660

मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज
NAAC with Grade "B"
बहजोई रोड, चन्दौसी- 244412 (सम्भल)
(सम्बद्ध गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद)
आवश्यकता है
प्राचार्य- 01
स्नातक पाठ्यक्रम हेतु प्राध्यापक
बी.ए. हिन्दी विषय- 01
बी.ए. अंग्रेजी विषय- 01
(योग्यता व अनुभव- गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के नियमानुसार)
इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में अपना आवेदन अतिशीघ्र पूर्ण करके अंकपत्रों, प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड और पैन कार्ड सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिनों के अन्दर निम्न पते पर भेजें।
मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज
बहजोई रोड, चन्दौसी- 244412 (सम्भल)
मो. 9412140100, 05921-356061
ई-मेल mpec76@gmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### तंबाकू निषेध दिवस का शपथ के साथ हुआ समापन

**बिलारी, अमृत विचार :** अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समर कैंप द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस सप्ताह के लिए जनजागरण किया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्र ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि नशा समाज की नींव को खोखला करता है। किशन कश्यप, अंजली सागर, दीपक कुमार बिश्नोई आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में गोविंद सैनी, नितिन कुमार, मोहम्मद जाबिर हुसैन, दीपक कुमार, नेहा यादव, रजनी यादव, दिव्यांशी सैनी, काजल सैनी, संध्या चौहान, रिंकी ठाकुर, संध्या यादव, हिमांशी सैनी, माही सैनी, यश चौहान, आदित्य चौहान, आयुष कुमार, गौरव सैनी, कृष्ण चौहान, अनुराग यादव आदि को प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने नशा मुक्ति का शपथ दिलाई।

## समाज को खोखला कर रही है तंबाकू : आचार्य

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के सौजन्य से विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर संगोष्ठी हुई।

संगोष्ठी से पहले सजल राघव, नीलम कुमारी, गुड़िया, निशा, समा, चिंकी, रिंकी, गौरी, फातिमा, रजनी, खुशी, हीरावती, नितल, आरती, लक्ष्मी, काजल, साक्षी, चंचल, कामिनी, विनीत, रंजीत, गौरव, सौरभ, अमित, अंकुश, अनमोल, उमेश, कृष्णपाल आदि छात्रों ने नशा मुक्ति रैली निकालकर विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर युवा पीढ़ी को तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। शनिवार को गोष्ठी में गायत्री परिवार के आचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि तंबाकू जहर है जो समाज को खोखला कर रहा है। संगोष्ठी में मुख्य रूप से विजय पाल सिंह राघव अनिल चौहान आदित्य राघव योगेंद्र सुमित कुमार सजल रानी रुचि राघव श्वेता सिंह आदि गायत्री परिजन ने भी विचार व्यक्त किए।




नशा जागरूकता रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



अभियान के दौरान पत्रक दिखाते छात्र।

### शांतिकुंज ने किया नशा मुक्ति जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में व्यसनमुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत अमन लाइब्रेरी में नशा मुक्ति जागरूकता गोष्ठी का आयोजन गायत्री परिवार ठाकुरद्वारा द्वारा किया गया। जिसमें छात्रों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। छात्र-छात्राओं को शान्तिकुंज हरिद्वार की तरफ से नाश मुक्ति जागरूकता पत्रक भी दिया। अमन लाइब्रेरी के संचालक अमन कुमार शर्मा ने बताया कि नशा नाश की जड़ है तथा गायत्री परिवार शांतिकुंज द्वारा इस संबंध में जागरूकता अभियान सराहनीय हैं। हम सबको समाज के इस कार्यक्रम में सहयोग करना चाहिए। व्यसन मुक्ति अभियान में अमन कुमार शर्मा, अंकित शर्मा, गीतांजलि एवं आशीष कुमार शर्मा ने सहयोग किया।

## सार संक्षेप

### रक्षा मंत्री से मिले राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी के पदाधिकारी



**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से हर देशवासी खुश है। वह भारतीय सेवा पर गर्व महसूस कर रहा है। इसी को लेकर राष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोस्वामी अनुराग भृगवंशी और राष्ट्रीय महासचिव चौधरी उदयवीर सिंह ने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली में मुलाकात की। उन्होंने भारतीय सेवा के शौर्य की सराहना की। राष्ट्रीय महासचिव चौधरी उदयवीर सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लगातार देश की सीमाओं को और भारतीय सेवा को मजबूत कर रहे हैं। कहा कि यह सफलता हमारे सुरक्षाबलों की साहस, समर्पण और अटूट राष्ट्रभक्ति का प्रमाण है।

### विषम परिस्थितियों में भी अखबार पहुंचाते हैं अभिकर्ता



**बिलारी, अमृत विचार :** हिंदी पत्रकारिता दिवस पर प्रेस क्लब बिलारी द्वारा सिटी अस्पताल में गोष्ठी हुई। जिसमें मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि तहसीलदार धीरेश कुमार और पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव शामिल रहे। इन तीनों को क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा मीडियाकर्मियों को उपहार के रूप में पेन वितरित किए। वक्ताओं ने पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस दौरान अतिथियों ने नगर एवं क्षेत्र में साढ़े. चार दशक से समाचार पत्र वितरण की जिम्मेदारी निभा रहे नन्हे राम को स्मृति चिह्न और पेन देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि किसी भी मौसम में अभिकर्ता हमारे घर तक अखबार पहुंचाते हैं।

### कार्यकत्रियों को सीडीपीओ ने दी जानकारी

**बिलारी, अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना कार्यालय पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेन्द्र पाल सिंह ने नवचयनित कार्यकत्रियों के साथ बैठक की। जिसमें बाल विकास विभाग की सेवाओं के संचालन के बारे में अवगत कराया व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा केंद्र का समय से संचालन करें, विभाग की योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाए, जिससे प्रत्येक लाभार्थी समूह को मिल सके, टीकाकरण सत्र को प्रभावी बनाएं। जिससे गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं के टीकाकरण शतप्रतिशत सुनिश्चित हो सके। टेक होम राशन का वितरण सभी पात्र लाभार्थियों किया जाए। साथ ही केंद्र पर सभी पंजिकाएं, पोषण ट्रैकर एप पर लाभार्थियों की फिडिंग, केंद्र भवन की साफ सुथरा बनाना, आदि के बारे में जानकारी दी। इस दौरान समस्त नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मुख्य सेविका शिवकुमारी एवं ब्लॉक समन्वयक रहे।

### महिला से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति को पीटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांव में दावत खाकर अपने घर लौट रही महिला से गांव के युवकों ने छेड़छाड़ की। महिला के शोर मचाने पर जब पति ने छेड़छाड़ का विरोध किया तो आरोपियों ने महिला के पति के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। इतना नहीं आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो जान से मार दिया जाएगा। ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद रोड स्थित गांव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र लेकर कहा कि शनिवार दोपहर में अपने गांव में दावत खाकर घर वापस लौट रही थी। बीच गांव में युवकों ने उसे देखते ही अश्लील हरकतें कीं। शोर सुनकर उसका पति बचाने आया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।




### राजकीय आईटीआई में वितरित किये प्रमाण पत्र

**कांठ, अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में इंदिरा गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन द्वारा चलाई जा रही स्किल हब योजना तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4 के तहत में प्रशिक्षण के उपरान्त विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। मुख्य अतिथि नगर पंचायत ऊमरी कलां के अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान अली व शमीम अहमद मौजूद रहे। आईटीआई प्रधानाचार्य बिन्टू, स्टाफ सदस्य सुनील कुमार मौर्या, साक्षी, आसमा एवं हेड ऑफिस दिल्ली टीम से कपिल सैनी ( नोडल ) मौजूद रहे। मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद उस्मान अली, शमीम अहमद ने विद्यार्थियों को तकनीकि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### घायल युवक की उपचार के दौरान दिल्ली में मौत

**कांठ, अमृत विचार :** लतीफपुर चुखेड़ी निवासी सुधांशु शर्मा ( उम्र 24 ) पुत्र इंद्रमणि शर्मा 29 मई को बाइक से काशीपुर ड्यूटी के लिए जा रहा था। गांव खूंटखेड़ा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे सुधांशु शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एंबुलेंस से घायल को सीएचसी कांठ ले जाया गया था। जहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। राहगीरों ने घायल युवक की सूचना परिजनों को दी थी। शुक्रवार देर शाम सुधांशु को दिल्ली एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक अपने 3भाइयों में दूसरे नंबर का था। सुधांशु शर्मा के मामा सतेन्द्र कुमार शर्मा की तहरीर पर कर थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### लाइब्रेरी से रुपये निकालकर छात्रों को बाहर निकाला

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम चंगेरी निवासी जितेंद्र कुमार प्रजापति पुत्र ओमपाल सिंह प्रजापति ने मकान में लाइब्रेरी खोल रखी है। लाइब्रेरी मालिक की अनुपस्थिति में शनिवार को गांव के दो युवक लाइब्रेरी में घुस गये। दोनों युवकों ने लाइब्रेरी के कैश काउंटर से 2500 रुपए निकाल लिए और मौजूद छात्रों को लाइब्रेरी से बाहर निकाल कर लाइब्रेरी में ताला डाल दिया। लाइब्रेरी मालिक ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### तम्बाकू से होने वाले नुकसानों के प्रति किया जागरूक

**कांठ, अमृत विचार :** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढ़ा कांठ में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विद्यालय में गोष्ठी हुई। गोष्ठी में तम्बाकू से होने वाले नुकसानों के प्रति जागरूक किया। गोष्ठी में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि तम्बाकू के सेवन से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। हमें अपने जीवन को सुखद बनाने के लिए सभी प्रकार के मदक पदार्थों से दूर रहना चाहिए। तम्बाकू का सेवन जीवन के लिए अभिशाप है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह, दीपक सिंह तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक रहे।

### किलनियों से फैल रहा थिलेरियोसिस संक्रमण : डॉ. अमित

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ तथा कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम रेहटामाफी में पशु चिकित्सा शिविर लगा। शिविर का उद्घाटन विवि के कुलपति डॉ. केके सिंह तथा कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ. रविन्द्र कुमार ने किया। डॉ. रविन्द्र कुमार ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के लिए लाभकारी है। परियोजना प्रभारी डॉ. अमित वर्मा ने बताया कि पशुओं के रक्त परीक्षण में 50 प्रतिशत में थिलेरियोसिस संक्रमण की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि यह रोगकिलनियों जैसे परजीवियों द्वारा फैलता है। डॉ. अमित वर्मा, डॉ. प्रेम सागर मौर्या, डॉ. विकास जायसवाल, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. अखिल पटेल, डॉ. राजेश कुमार, डा अविनाश चौहान, डॉ. प्रशांत तिवारी, डॉ. आदित्य कुमार, राजू, योगेश, सहित विशेषज्ञों की टीम ने पशुपालकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

# जिला पंचायत बोर्ड बैठक में उठा स्वास्थ्य सेवाओं-विकास का मुद्दा

**मिला आश्वासन**

**जिला योजना समिति की बैठक 4 साल से न होने पर सदस्यों ने जताया एतराज**

कार्यालय संवाददाता,रामपुर


बैठक में मौजूद जिला पंचायत सदस्य। फोटो : अमृत विचार


संबोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष।

**अमृत विचार :** जिला पंचायत सभागार में शनिवार को जिला पंचायत बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं और विकास को लेकर मुद्दों पर चर्चा हुईं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सरकारी अस्पतालों में कमियों को दूर करने का आश्वासन दिया। वहीं सड़कों और सिंचाई की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत सदस्यों ने चर्चा की। एजेंडे के अनुसार बैठक में 28 दिसंबर 2024 की कार्रवाई की पुष्टि की। जिला पंचायत अधिनियम 1961 के अधीन समस्त विभागों की प्रगति पर चर्चा हुई। 2025-26 की कार्य योजना के लिए प्रस्ताव लिए गए।

शनिवार को जिला पंचायत के सभागार में बोर्ड की बैठक का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी ने किया। उन्होने कहा कि जिला पंचायत के सदस्यों का मान रखते हुए सभी विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। जनपद में कल्याणकारी योजनाएं जनता तक पहुंच सके। इसके लिए भी हर संभव प्रयास किए जाएंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गए। साथ ही जिला योजना समिति की बैठक 4 साल से नहीं होने पर सदस्यों ने एतराज जताया। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने प्रकरण से शासन को अवगत करवाने का आश्वासन दिया। वार्ड-16 के जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने विकास कार्यों के 21 प्रस्ताव दिए। जबकि अन्य सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों के विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव दिए। बोर्ड बैठक में जिला पंचायत सदस्य मीरा सिंह, अंजू गंगवार, मुस्तफा हुसैन, हरज्ञान सिंह यादव, अमरजीत सिंह, टेक चंद्र गंगवार, कृष्ण अवतार लोधी, खलील अहमद, जिला पंचायत के अभियंता सज्जाद हुसैन लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अभिषेक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित दर्जनों अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी नीरज रस्तोगी ने किया।

### नसीमगंज चौराहे पर नाली निर्माण का उठाया मुद्दा

जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने बोर्ड बैठक में कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में जनप्रतिनिधियों का सहयोग नहीं लिया जाता है। झोलाछाप पर कार्रवाई नहीं हो रही है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से बरसात के मौसम में किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लोक निर्माण विभाग से सरकड़ी दलेलनगर मार्ग का निर्माण व नसीमगंज चौराहे पर नाली निर्माण करवाए जाने को कहा। क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जाने को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष को प्रस्ताव सौंपे, जिसमें उन्होंने ग्राम खंडिया में शमशान घाट का मार्ग, मंगूपुरा देवी स्थान से शमशान घाट का मार्ग, मरघटी में शमशान घाट का मार्ग, फैजगंज से सिंगनी मार्ग, बैंजनी बहल्ला पुल मार्ग, नगलागनेश, खंडिया, खौदपुरा, सैनपुर, नंगली, गागननगला सहित दर्जनों ग्रामों में विकास कार्य करवाए जाने के प्रस्ताव दिए हैं।

### पांच जिला पंचायत सदस्य रहे नदारद

जिला पंचायत बोर्ड बैठक में पांच सदस्य नदारद रहे। इनमें जिला पंचायत सदस्य अनुराधा चौहान, हंसराज पप्पू, लखवीर सिंह लक्खा, नुसरत बैग, नसरीन जहां बैठक में नहीं पहुंचे।

# पालिका की टीम ने हाईवे किनारे दुकानों पर लगाए लाल निशान

## दुकानदारों को दुकानें जल्द खाली करने के दिए निर्देश, 35 दुकानों पर लटकी तलवार

कार्यालय संवाददाता,रामपुर


लाल निशान लगाने के दौरान मौजूद टीम। फोटो : अमृत विचार



सामान बाहर निकालते दुकानदार। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर पालिका ने सालों पहले बनीं पक्की दुकानों पर शनिवार को पांच-पांच मीटर तक पैमाइश कर दुकानों पर लाल निशान लगा दिए हैं। जिससे दुकानदारों में खलबली मच गई है। दुकानदारों ने नगर पालिका कर्मचारियों से वार्तालाप करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। दुकानदार परेशान नजर आ रहे हैं।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। जिसके चलते नगर पालिका का काफी समय से पक्की दुकानों पर बुलडोजर कहर बरपा रहा है। उसी के चलते अब नेशनल हाईवे से अतिक्रमण हटाने की तैयारी है। जहां पालिका की टीम प्रतिदिन निरीक्षण करके रोजाना खोखे और ठेलों को हटवा रही थी। शनिवार को टीम पूरे कागजात लेकर पहुंच गई। उसके बाद टीम ने कागजातों के आधार पर हाईवे किनारे बनी पक्की दुकानों में जाकर सड़क से पैमाइश कराकर लाल निशान लगाए। जिससे दुकानदारों में खलबली मच गई। कुछ दुकानदारों ने नगर पालिका से कर्मचारियों से वार्तालाप की, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। निशान लगने के बाद दुकानदार काफी परेशान दिखाई दिए। पूरे दिन टीम निरीक्षण करती रही। करीब 30 से 35 दुकानों पर ध्वस्तीकरण की तलवार लटक गई है।

### करीब 10 साल पहले भी लगे थे निशान

सड़क के चौड़ीकरण को लेकर 10 साल पहले भी हाईवे पर बनी दुकानों पर अधिकारियों ने लाल निशान लगा दिए थे। दुकानदार काफी परेशान रहे थे। उसके बाद अदालत में चले गए थे। मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। एक बार फिर से अधिकारी सक्रिय हो गए है। शनिवार से फिर से पक्की दुकानों पर निशान लगाए गए। इसके अलावा सिविल लाइन थाने के सामने बनी टिन की दुकानों को दुकानदारों ने सामान पूरे दिन हटाया। ताकि बुलडोजर चलने के दौरान उनका सामान खराब नहीं हो सके।

**व्यापारी दे रहे धरना : रामपुर :** जिले भर में अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाओं अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी आ रही है। पिछले दिनों मिलक में पीडब्लूडी ने मिलक में 40 दुकानों पर निशान लगा दिए थे। उसके बाद दुकानदार विरोध में आकर धरने पर बैठे गए है। इसके अलावा शाहबाद में अतिक्रमण हटाने को लेकर कवायद चल रही है। जिस कारण से वहां पर भी व्यापारियों में आक्रोश पनप पड़ रहा है।


धरने में मौजूद दुकानदार। फोटो : अमृत विचार

# दुकानदारों का दूसरे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन

संवाददाता,मिलक

**अमृत विचार :** नगर के हाईवे पर पीडब्ल्यूडी की जमीन पर बनी 40 दुकानों और नगर के बिलासपुर रोड स्थित 32 दुकानों पर ध्वस्तीकरण की तलवार लटकी है। दुकानें तोड़े जाने के खिलाफ दुकानदारों का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। दुकानदार वर्षों से स्थापित दुकानों को तोड़ने का विरोध कर रहे हैं।

पीडब्ल्यूडी से नोटिस जारी होने के बाद शनिवार को भीषण गर्मी में भी दुकानदार धरने पर बैठे रहे और ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की मांग पर अड़े रहे। दुकानदार अपनी अपनी दुकानें बचाने के लिए उच्च न्यायालय की शरण में गए हुए है। तो नहीं कुछ लोग उच्च अधिकारी और जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर उचित समाधान निकालने के लिए जी तोड़ प्रयास में लगे हैं उन्हें उम्मीद है कि कार्यवाही होने से रुक जाएगी लेकिन कोई विशेष सफलता मिलती नहीं दिख रही। धरना स्थल पर मौजूद दुकानदार अपनी रोज़ी रोटी को लेकर बेहद चिंतित है। विदित हो कि धरने पर बैठे व्यापारी एवं पीड़ित दुकानदारों को समझाने या उनसे वार्ता करने के लिए कोई भी उच्च अधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचा। जिससे दुकानदारों में नाराजगी है। कुछ व्यापारियों एवं दुकानदारों का कहना है कि दुकानों के जरिए वर्षों से बह अपनी आजीविका चला रहे है। नगर में बाईपास होने के कारण उनकी दुकानों से यातायात में बाधा उत्पन्न नहीं होती है। दुकानदारों ने रोजगार का हवाला देते हुए कहा कि एक तरफ सरकार दुकानदारों को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ प्रशासन उन्हीं व्यापारियों और दुकानदारों की दुकानें तोड़ रहा है।

# योग, आयुर्वेद ने भारत को दिलाई विश्व में पहचान

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** योग शिविर के दौरान वक्ताओं ने कहा कि योग और आयुर्वेद ने भारतवर्ष को समूचे विश्व में एक अलग प्रसिद्धी दिलवाई है।

शनिवार की सुबह क्षेत्र के श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ को योगाभ्यास करवाया गया। कालेज के प्रचार्य नीत बिहारी लाल ने कहा कि योग के साथ-साथ आयुर्वेद भी अपना एक अलग महत्व रखता है। इन दोनों का गठजोड़ मानव शरीर के लिए अच्छे परिणाम लेकर आता है। प्राचीनकाल से लेकर अब तक योग और आयुर्वेद ने तमाम उपलब्धियां हासिल की हैं। भारत वर्ष को समूचे विश्व में इन दोनों ने एक अलग पहचान दिलाई है। इस अवसर पर डा. नीलिमा सिंह, डा. शिवम शर्मा, शिल्पा राठी, सहित आदि शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### ज्ञान का सिद्धांत विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला हुई

**बिलासपुर अमृत विचार :** आरएएन पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा ज्ञान का सिद्धांत विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्या ममता बिष्ट ने विशिष्ट अतिथि प्रतीक गोयल और आदेश सिंह के तत्वाधान में कार्यशाला की शुरुआत की। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य, जांच कौशल और ज्ञान अन्वेषण को गहरा करना था। इसमें 60 से अधिक अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भाग लिया।कार्यशाला में ज्ञान को जानने के तरीके-भाषा, इंद्रिय बोध, भावना, तर्क, कल्पना, आस्था, अंतर्ज्ञान और स्मृति की खोज कैसे की जाए, पहलुओं पर बारीकी से चर्चा की। कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों तक बेहतर ज्ञान पहुंचाना। उनका सही मार्गदर्शन करना रहा। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक पूर्व विंग कमांडर एचके राय, डायरेक्टर मोहित राय, निर्देशिका निधि राय उपस्थित रहे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सीएमओ ने दिलाई शपथ


शपथ लेते अधिकारी। फोटो : अमृत विचार


शाहबाद के नशा मुक्ति केंद्र में तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाते डॉक्टर।

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह द्वारा सभी को शपथ दिलाई। इसके साथ ही जनपद में चलाए जा रहे तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम पर विशेष चर्चा की गई।

कार्यक्रम को तहसील स्तर पर विशेष तौर पर प्रचार प्रसार एवं जुर्माने की कार्रवाई पर विचार विमर्श किया। जुर्माना एवं छापेमारी की रूपरेखा तैयार की गई।विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान द्वारा जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस क्रम में जिला चिकित्सालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीएसएम नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा तंबाकू के हानिकारक प्रभाव को दर्शाते हुए विभिन्न प्रकार केस पोस्टर आदि बनाए गए। इन पोस्टर का अवलोकन मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. डीके वर्मा द्वारा किया गया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाये गए पोस्टर को चिकित्सालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता के लिए लगाया।

### युवाओं को तंबाकू के नुकसान के बारे में बताया

शाहबाद अमृत विचार : रत्न ग्राम्य समिति नशा मुक्ति केंद्र में शाहाबाद में तंबाकू न खाने की शपथ ली गई। साथ ही नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवाओं को तंबाकू से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। शुक्रवार को रत्न ग्राम्य समिति नशा मुक्ति केंद्र में तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। समिति के निदेशक पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि तंबाकू का प्रयोग लोग बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, गुटखा, हुक्का तथा अन्य तरीकों के रूप में करते हैं। जिससे अनेक प्रकार की बीमारियां फैल रही हैं। समिति के चिकित्सक डॉ. मोहम्मद सालिम ने कहा कि तंबाकू का सेवन बेहद घातक है। इससे कैंसर सहित तमाम बीमारियां होती हैं। चिकित्सक ने नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवाओं व कर्मचारियों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई कि वह कभी ध्रूमपान नहीं करेंगे और युवाओं को ध्रूमपान से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करेंगे। इस मौके पर डॉ. मोहम्मद सालिम, पुष्पेन्द्र यादव, मनोज कुमार, सुनील कुमार, निधि, उमानंद शर्मा, ब्रजवासी, बनवारी लाल आदि मौजूद रहे।

**मनाई जयंती** | भाजपा के राम विहार स्थित कार्यालय पर हुआ समारोह का आयोजन

# अहिल्याबाई ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता,रामपुर


पुरस्कार के साथ मौजूद भाजपाई एवं विजयी छात्राएं। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी राजा वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण, पीड़ितों को न्याय दिलाने, राष्ट्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उससे साफ है कि वह लोकमाता अहिल्याबाई के द्वारा किए कार्यों को आत्मसात कर भारत को समृद्ध बनाने में लगे हुए हैं। कहा कि समाज के अन्य नेताओं को भी इससे सीख लेनी चाहिए।

राम विहार कालोनी स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राजा वर्मा, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने किया। जिला प्रभारी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने 17वीं शताब्दी में ही महिलाओं के उत्थान का कार्य शुरू कर दिया था। तब उनकी सोच थी कि महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी, तो उनका राज्य आर्थिक रूप से समृद्ध होगा। उनकी इस सकारात्मक सोच ने उस वक्त इंदौर सशक्त राज्य बना दिया था। जैसे आज के समय में बनारसी साड़ी का प्रचलन है, उस वक्त इंदौर की साड़ियां प्रसिद्ध थीं।

जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई धर्मनिष्ठा, विनम्रता और विवेक की प्रतिमूर्ति थीं। न सिर्फ वह बहादुर और न्यायप्रिय शासक थीं, बल्कि धार्मिक रूप से भी सजग थीं। उनके जीवन को आत्मसात कर समाज को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पारूल अग्रवाल, कपिल आर्य, अशोक विश्नोई, महेश मौर्य, कुंवर बहादुर राजपूत, पंकज लोधी, सुभाष भटनागर, दिनेश गोयल, राजकुमार चौहान, कमल सिंह लोधी, भाव्य उप्पल, रोहिताश मौर्य, वेदप्रकाश सागर, विवेक रूहेला, प्रमोद आहूजा, शकुंतला लोधी आदि उपस्थित रहे।

### बच्चों को किया पुरस्कृत

भाजपा के जिला प्रभारी राजा वर्मा ने कहा कि पार्टी स्तर पर लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित कराई गई थी, जो दो वर्गों में हुई थी। जिला प्रभारी ने आठ से 15 वर्ष की उम्र में मुसफिरा खान, खुशी दिवाकर, आराध्या टंडन व 15 से 25 वर्ष की उम्र में मनीषा कश्यप, रेनू वर्मा और नंदिनी अग्रवाल को पुरस्कृत किया।

# समस्याओं का जल्द कराएं निस्तारण

**रामपुर अमृत विचार :** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी के जिला प्रभारी अनिल राज पदाधिकारियों के साथ एकत्र होकर ईओ के पास पहुंचे। उनको काफी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया। जिसमें जल्द से जल्द समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी के पदाधिकारी एकत्र होकर ईओ के पास पहुंचे। ज्ञापन देकर कहा कि नगर पालिका परिषद रामपुर के स्वास्थ्य विभाग में आउसोर्टिंग सफाई कर्मचारियों को पालिका प्रशासन द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से हटाया जा रहा है। आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को नियम विरुद्ध नहीं हटाना चाहिए। कर्मचारियों को बकाया एरियर का भुगतान किया जाए।आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की सूची यूनियन को उपलब्ध कराई जाए।

## सार-संक्षेप

### 10 जून तक खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण होगा

**रामपुर अमृत विचार :** जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश के अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत जून 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि :शुल्क वितरण प्रारम्भ हो गया है। 10 जून, 2025 तक वितरण कराया जायेगा। इस अवधि में अंत्योदय कार्डों के मध्य प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूं व 21 किग्रा चावल कुल 35 किग्रा खाद्यान्न एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 2 किग्रा गेहूं प्रति यूनिट तथा 3 किग्रा चावल प्रति यूनिट कुल 5 किग्रा प्रति यूनिट खाद्यान्न का वितरण नि :शुल्क किया जाएगा। योजना के तहत वितरण की अन्तिम तिथि 10 जून 2025 निर्धारित है। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से नि :शुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। साथ ही जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित गया कि उपभोक्ताओं,कार्डधारकों के बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल उसी समय अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध करा दी जाये।

### शिविर लगाकर लोगों को किया जागरूक


बच्चों को बैग देते मुख्य अतिथि।

**रामपुर अमृत विचार :** स्वार में एक शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें दिव्यांग बच्चों की जांच करके उन बच्चों का इलाज कराए जाए। शिविर का उद्देश्य मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को स्वास्थ्य जांच कर चिकित्सा उपलब्ध कराने को बढ़ावा देना था। उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति द्वारा पारित प्रस्तावों के अनुपालन में ब्लाक स्वार के सभागार कक्ष में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला कुलदीप सिंह एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। शिविर का उद्देश्य मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम बच्चों को स्वास्थ्य की जांच कर चिकित्सा उपलब्ध कराने को बढ़ावा देना है। जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शिविर में दिव्यांग बच्चों के साथ उपस्थित उनके माता-पिता व अभिभावकों को सरकारी योजनाएं एवं विधिक लाभ व ऐसे बच्चों के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर दिव्यांग कल्याण अधिकारी, सहायक विकास खंड अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांग बच्चों के लिए शिविरों का हो रहा आयोजन

**रामपुर अमृत विचार :** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए जनपद के प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर शिविरों का आयोजन हो रहा है।इन शिविरों के लिए नियमानुसार एवं आवश्यकतानुसार चिकित्सा दल का भी गठन किया है। जिससे दिव्यांग बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और उनकी आवश्यकता के सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का एक विशेष अभियान के रूप में क्रियान्वयन के लिए जनपद के प्रत्येक दिव्यांग बच्चे तक पहुंच हो सके। उनका एक डाटा बेस भी तैयार कराया जा रहा है। यह कार्रवाई 15 अगस्त तक पूर्ण किया जाना है। इन दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन के लिए विकास खंड स्तर पर व तहसील स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि तहसील मुख्यालय में 2 जून को एवं तहसील टांडा में 3 जून को प्रात : 10 बजे से सायं 4 बजे तक शिविरों का आयोजन होगा। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा बच्चों को शिविर में लाने के निर्देश दिए। जिससे दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जा सकें।

### सीवर लाइनों की जल्द से जल्द सफाई करवाई जाए


अधिशासी अभियंता को पत्र देते समाजसेवी।

**रामपुर,अमृत विचार :** समाजसेवी शाहवेज उर्फ शैजी ने जल निगम के अधिशासी अभियंता को पत्र देकर कहा है कि पूरे शहर में सीवर लाइन की सफाई और जलभराव की समस्या का समाधान करवाने के लिए और जो घर के कनेक्शन है। उनको चेक कर सीधा नाली में डाल दिया जाए। शहर की लगभग सभी गली-मोहल्लों में सीवर लाइन चौक हो चुकी है। जगह-जगह सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। नालियों भी जाम हैं। बरसात के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। जिससे गलियों में पानी भर जाता है। लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत होती है। इससे न केवल आम जनता परेशान है, बल्कि गंदगी और गंदा पानी बीमारियों को भी जन्म दे रहा है।पूरे शहर की सीवर लाइनों की जल्द से जल्द सफाई करवाई जाए। ताकि बरसात के समय जलभराव न हो और लोग स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में रह सकें।

### शिव परिवार की प्रतिमाओं को कराया नगर भ्रमण

**बिलासपुर अमृत विचार :** शिव महादेव मंदिर में शिव परिवार प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात नगर भ्रमण यात्रा निकाली।जिसका लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर करके स्वागत किया। साथ ही मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन हुआ।श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को मंदिर परिसर में चार दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप सक्सेना ने जानकारी दी। कहा कि मंदिर में चार दिनों तक चलने वाला अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस मौके पर नीरू जौहरी, सीमा सक्सेना, संतोष जौहरी, साधना सक्सेना सहित आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आज चार केंद्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

**रामपुर अमृत विचार :** कड़ी सुरक्षा के बीच आज चार केंद्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा होगी। जिसको लेकर अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। परीक्षा में 1553 अभ्यर्थी शामिल होंगे। शनिवार को सुबह से ही सेंटरों पर लिस्ट चस्पा करने का कार्य किया गया। एक जून रविवार आज होने वाली बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में चार केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें रजा डिग्री कॉलेज, खुर्शीद कन्या इंटर कॉलेज, रजा इंटर कॉलेज और जुल्फिकार बालक इंटर कॉलेज को सेंटर बनाया है। जिसमें 1553 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। जिसको लेकर शनिवार को अधिकारी सक्रिय हो गए। सुबह सभी सेंटरों का निरीक्षण करने के बाद वहां पर लिस्ट को चस्पा किया। परीक्षा दो पालियों में होगी। जिसमें पहली पाली 9 :12 और 2 से 5 बजे तक होगी। रजा डिग्री कॉलेज की प्राचार्य और नोडल अधिकारी डॉ. जागृति ढींगरा ने बताया कि आज होने वाली परीक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। पारदर्शिता के साथ परीक्षा आयोजित होगी।

### राकेश टिकैत को किसानों ने समस्याओं से रूबरू कराया


राकेश टिकैत को समस्याएं बताते किसान।

शाहबाद अमृत विचार : भाकियू टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले के किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों पर 3 प्रतिशत से बढ़कर 7 प्रतिशत ब्याज दर कोऑपरेटिव बैंकों द्वारा किया गया है। इसको लेकर आंदोलन किया जाए। जनपद के पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा संगठन में जोड़ने के लिए निर्देश दिए। प्रतिनिधि मंडल में जिला महासचिव होरी लाल लोधी, युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष शाहाबाद खुशीराम यादव, जिला सचिव नाजिम सिद्दीकी, जिला सचिव नावेद खान, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह यादव, नासिर हुसैन, अजीत चौहान, निरप्रीत सिंह, सुरेंद्र सिंह रंधावा आदि मौजूद रहे ।

### सत्ताधारी नेताओं से भी जमीन कब्जा मुक्त कराए प्रशासन

**मिलक,अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सरकारी संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराने की जो मुहिम चलाई जा रही है। वो अत्यंत प्रशंसनीय है, लेकिन जिला प्रशासन द्वारा दो प्रकार की कार्रवाई की जा रही है। जो किसी भी दशा में उचित नहीं है। किसी भी सरकारी संपत्ति पर किसी सत्ताधारी नेता, किसान नेता या अन्य किसी रसूखदार नेता का अवैध रूप से कब्जा, तो उ नहीं हटाया जा रहा है। जिसको खाली कराने में प्रशासन के पसीने छूट रहे हैं, लेकिन अगर किसी भी गरीब व्यक्ति ने भूलवश या किसी मजबूरी के कारण सरकारी संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, उसे परेशान किया जा रहा है।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# टांडा से सऊदी जाने वाले लोगों की होगी जांच, टीम गठित

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचारः** सोना तस्करी को लेकर अब पुलिस महकमा भी अलर्ट हो गया है। टांडा से सऊदी जाने वाले लोगों की अब पासपोर्ट के माध्यम से जांच की जाएगी।जिसको लेकर उच्च अधिकारियों ने टीमें गठित कर दी है।

टांडा निवासी चार सोना तस्करों के पकड़े जाने के बाद आखिरकार पुलिस महकमा अलर्ट हो गया है। अब टांडा में रहने वाले लोग पुलिस की रडार पर आ गए

**तहकीकात**

- **सोना तस्करी को लेकर पूरे प्रदेश में बदनाम हो रहा टांडा**

है। अब पुलिस ने खासतौर से निगाह यहां के लोगों पर रख ली है। अब टांडा से सऊदी और दुबई जाने वाले लोगों को पुलिस खंगाल रही है। टांडा सोना तस्करी को लेकर पूरे प्रदेश में बदनाम हो चुका है। जैसे ही मामला शांत होतो है उसके बाद टांडा के कुछ सोना तस्करी में पकड़ में आ जाते हैं। इसको लेकर खुफिया पुलिस से एलआईयू और थाना पुलिस भी सक्रिय हो गई है। उच्च अधिकारियों द्वारा पांच टीमें गठित की गई है, हर पहलू पर गंभीरता से जांच करेंगी। जिसको लेकर पासपोर्ट से सभी की डिटेल मांगी गई है। डिटेल आने के बाद पुलिस सर्वे करना शुरू कर देगी। सीओ टांडा कीर्ति निधि आनंद ने बताया कि सऊदी जाने वाले लोगों की अब जांच की जाएगी।

**एक साल में कौन कितनी बार जाता सऊदीः रामपुरः** पुलिस ने सोना तस्करी को जड़ से खत्म करने की मन में ठान ली है। अब पासपोर्ट की डिटेल सामने आने के बाद पुलिस यह पता लगाई कि कौन, कितनी बार एक साल में विदेश जा रहा है। सोना तस्करी में शामिल है तो उस पर कड़ी नजर रहेगी। हर साल 20-20 चक्कर सऊदी में लगाने वाले लोगों को पुलिस निशाना बनाकर उनसे पूछताछ करेगी। इस बात की जानकारी मिलने के बाद टांडावासियों में हड़कंप मच गया है। हालांकि इस बारे में कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

### एनआईए ने टांडा में पाकिस्तानी जासूस शहजाद के घर मारा छापा, क्षेत्र में खलबली

**रामपुर अमृत विचार :** पाकिस्तान की जासूसी करने के मामले में गिरफ्तार किए आरोपी शहजाद के घर पर एनआईए और एसडीएम उसके घर पर पहुंचे। जहां उन्होंने जानकारी हासिल की। इससे मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गया। कुछ दिनों पहले टांडा के रहने वाले शहजाद को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। शनिवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मोहल्ला आजाद नगर में छापा मारा। जिसके बाद एनआईए ने शहजाद के घर पर टीम द्वारा गहनता से जांच की। उसकी संपत्ति से जुड़े कागजातों की भी गहराई से पड़ताल की। एनआईए की यह कार्रवाई यूपी एटीएस द्वारा शहजाद से की गई पूछताछ के आधार पर की है। उसके कई संदिग्ध संपर्कों और गतिविधियों का खुलासा हुआ है। इस दौरान पड़ोसी एक-दूसरे से वार्तालाप करते हुए नजर आए। शहजाद की पत्नी रजिया ने उस पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उसने कहा कि शहजाद निर्दोष है। वह मसाले पाकिस्तान से आने वाले सूट का व्यापार करता। उसे फंसाया जा रहा है। हम जांच में पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं। इस दौरान पुलिस बल तैनात रहा।

# नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में पिता की मौत, बेटा घायल

## गलत दिशा से आ रही टाटा मैजिक ने बाइक में मारी टक्कर, घर में मचा कोहराम

संवाददाता,भोट



मृतक का फाइल फोटो।

**अमृत विचारः** नैनीताल नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में बाइक सवार पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजा, जबकि घायल बेटे को बरेली रेफर कर दिया।

क्षेत्र के सनकरा गांव निवासी मोहम्मद यासीन किसान हैं। शनिवार सुबह दस बजे वह अपने बेटे फुरकान के साथ अपनी बाइक से दवा लेने बिलासपुर जा रहे थे। नैनीताल हाईवे पर लाला वाला बाग से कुछ दूर आगे निकलते ही इंडियन ढाबे के पास पहुंचते ही सामने की ओर से रांग साइड आ रहे तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मैजिक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र दूर जा गिरे। गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र को जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद यासीन 65 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। उनके पुत्र फुरकान के हालत गंभीर देख बरेली रेफर कर दिया। मोहम्मद यासीन की मौत की सूचना पर उनके घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है। मामले की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि नैनीताल हाईवे पर लाला वाला बाग के पास टाटा मैजिक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल हो गए थे। जिन्हें जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने मोहम्मद यासीन को मृत घोषित कर दिया है। फिलहाल शव पोस्टमार्टम को भिजवाया गया है। तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



जिला अस्पताल में मृतक के परिजनों से हाल चाल लेते किसान नेता।

### बाइक टकराने के बाद दबंग लोगों ने युवक को पीटा

**रामपुर अमृत विचार :** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला चूने वाला फाटक निवासी शुभम का कहना है कि वह राजद्वारा में स्थित अर्शी की दुकान पर खड़ा था। तभी वहां पर चोई मियां एवं खालिद मियां के लड़के आए,तो उन्होंने मेरे पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। उसके बाद मेरे साथ गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर पीट दिया। इस बीच उन्होने काफी दोस्तों को बुला लिया।उन्होने भी मेरे साथ मारपीट कर दी। उसके बाद राहगीरों ने किसी तरह से बीच बचाव कराया।आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। पीड़ित उसके बाद कोतवाली चला गया। जहां उसने पुलिस को तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस ने दो नामजद 20-25 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नोडल अधिकारी ने सींगनखेड़ा और काशीपुर गांव का किया निरीक्षण

**रामपुर अमृत विचार :** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी, निदेशक पंचायती राज अमित कुमार सिंह शनिवार को सींगनखेड़ा गांव पहुंचे। उन्होंने गांव का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होने गांव में हुए विकास कार्यों में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के अलावा पंचायत घर में बनी लाइब्रेरी और कम्प्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। उसके बाद सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में महिलाओं से सिलाई कढ़ाई के बारे में जानकारी ली। सिलाई कर रही महिलाओं ने बताया कि सिलाई सेंटर में तीन शिफ्ट लगती है। जिसमें एक शिफ्ट में लगभग 16 महिला सिलाई करती है। उसके बाद गांव प्रधान रूपाली लोधी की सराहना की। जिसके बाद चौपाल का आयोजन हुआ। पंचायत राज निदेशक अमित कुमार सिंह ने गांव वालों से सवाल जवाब किए। महिला पुरुषों ने संतोष पूर्वक सवालों के जवाब दिए। गांव प्रधान के बारे में जानकारी ली तो एक महिला ने बताया कि सही काम कर रही है। लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। चौपाल में सीडीओ नंदकिशोर कलाल, बीडीओ सैदनगर का चार्ज संभाल रहे डीसी मनरेगा अमित कुमार, गांव पंचायत अधिकारी मोहम्मद इलयास, सभापति महेंद्र पाल सिंह,ओमप्रकाश लोधी, जागन सागर, भूपेंद्र पाल सिंह, नंदकिशोर, सोमपाल सिंह, राजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता टांडा

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला टंडोला में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने हंगामा करते हुए ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नगर के मोहल्ला टंडोला निवासी बंटी ने जनपद बिजनौर के ग्राम मोरना तहसील धामपुर निवासी चित्रा के साथ 11 माह पहले प्रेम प्रसंग के चलते कोर्ट मैरिज की थी। मोहल्ले वासियों के अनुसार पति-पत्नी ठीक रह रहे थे। पंद्रह मई को चित्रा ने सीएचसी में छोटे ऑपरेशन से एक बेटे को जन्म दिया था। पिछले कई दिन से उसकी तबियत ठीक नहीं चल रही थी। शनिवार की सुबह विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतका का पति बंटी हरिद्वार में एक मोटरसाइकिल की एजेंसी पर काम करता है। सूचना पर मृतका के मायके वाले भी यहां मोहल्ला टंडोला में मौके पर पहुंच गए। उन्होंने विवाहिता की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि महिला की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

**इंफेक्शन से पीड़ित थी विवाहिताः** ससुराल पक्ष के लोगों के अनुसार 15 मई को बेटे को जन्म देने के बाद चित्रा को इंफेक्शन हो गया है। इसके कारण वो बेहद बीमार थी। बीमारी के चलते ही चित्रा की मौत हुई है। मामले में पुलिस गहनता से जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ हो जाएगा, उसके आधार पर कार्रवाई होगी।

### अस्पताल में व्यक्ति की मौत, डॉक्टरों पर आरोप

**मिलक अमृत विचार :** निजी अस्पताल में भर्ती 47 वर्षीय एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और परिजनों को शांत कराया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाने के कारण मौत हुई है।मामला शनिवार देर शाम का है जहां नगर के हाईवे स्थित मंडी समिति के समीप मान्य हॉस्पिटल में इलाज के लिए आए नगर निवासी नरेश अपने चाचा उम्र 47 वर्ष सतपाल गोस्वामी को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लाए थे। जहां परिजनों ने आरोप लगाया है कि डॉक्टर द्वारा लापरवाही बरतते हुए गलत इंजेक्शन लगा दिया जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई और कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। जिसके बाद डॉक्टर और संचालक द्वारा उन्हें किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और जमकर हंगामा काटा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ।

**दिए निर्देश** | पुलिस लाइन में एसपी ने सैनिक सम्मेलन में सुनीं समस्याएं

# शिकायतों का समय से करें निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** एसपी विद्या सागर मिश्र ने अपराध नियंत्रण व अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए थाना प्रभारियों को सख्ती के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। कहा कि थानो पर आने वाले शिकायतकर्ता की समस्याओं को सहानुभूतिपूर्वक सुनकर त्वरित व प्रभावी निस्तारण कराया जाए। आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के किया जाए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन के बाद राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों के साथ क्राइम बैठक की। पुलिस अधीक्षक ने सैनिक सम्मेलन कर पुलिस कार्मिकों की समस्या को सुना। राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों के साथ क्राइम करके दिशा निर्देश दिए। सुरक्षा, कानून व्यवस्था के दृष्टिगत घटनाओं पर गंभीरता से कार्रवाई को करने को कहा।लुटेरे, चोर व गंभीर अपराध के पेशेवर अपराधियों की सतत निगरानी व उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के लिए थाना प्रभारियों को कहा। लंबित विवेचनाओं, प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कहा। महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व सम्बंधित अपहृता की सकुशल बरामदगी के लिए दिए गए कड़े निर्देश दिए। मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, अवैध शस्त्रों का निर्माण व संग्रहण करने वाले, टॉप-10, इनामी व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई को कहा। सम्मन वारंट को समय से तामिल कर संबंधित को न्यायालय प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। हिस्ट्रीशीटर, इनामी, टॉप-10 अपराधियों, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तथा अवैध शस्त्रों का निर्माण संग्रहण व बिक्री करने वाले अपराधियों के विरूद्ध त्वरित एवं कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सहित यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने क्षेत्र महत्वपूर्ण,सार्वजनिक स्थलों, प्रतिष्ठानों, रोडवेज व रेलवे स्टेशन सहित बाजारों व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में सतत रूप से फुट पेट्रोलिंग करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों की चेकिंग करने एवं संवेदनशील एवं चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में ड्रोन से लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए।



बैठक में मौजूद एसपी, एएसपी और सीओ।

## सार-संक्षेप

### आज दो घंटे बंद रहेगी बिजली

**रामपुर,अमृत विचार :** एसडीओ सिविल लाइन सचिन रस्तोगी ने बताया कि 1 जून को 33 व 11 केवी सिविल लाइन उपकेंद्र पर खराब सी टी बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण सिविल लाइन उपकेंद्र की सप्लाई दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। इसके अंतर्गत सिविल लाइन, स्टेशन रोड, बाबा दीप नगर, पनवड़िया, भमरौआ रोड, स्वाति मेन्थोल, राधा रोड, इंडस्ट्री एरिया, शौकत अली रोड, आवास विकास आदि की सप्लाई पूर्ण रूप से बंद रहेगी।

### ईदगाह के स्थान को ग्रामीण ने अपनी जमीन बताया

**ढकिया,अमृत विचार :** भाकियू असली के उपाध्यक्ष आकिल खां ने एसडीएम को शिकायत करके बताया कि इसी चौकी क्षेत्र के गांव भगवतीपुर निवासी पप्पू मलिक का कहना है। ईदगाह उसकी जमीन में बनी हुई है। इसलिए वह किसी को नमाज नहीं पढ़ने देगा। इस बात की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन के होश उड़ गए। लेखपाल को मौके पर पैमाइश के लिए भेजा गया है, गांव में तनाव की स्थिति हो गई है।

### नदीम अहमद बने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**रामपुर,अमृत विचार :** आम आदमी पार्टी ने नदीम अहमद एडवोकेट को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया। प्रदेश प्रभारी संजय सिंह की संस्तुति पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शकील मलिक ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश प्रवक्ता फैसल लाला ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। नदीम एडवोकेट को बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि उनके प्रयासों से जनपद में न सिर्फ पार्टी मजबूत होगी।

### पुलिस लाइन में हुआ विदाई समारोह

**रामपुर अमृत विचार :** पुलिस लाइन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें एसपी और एएसपी ने सभी पुलिसकर्मियों को फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।उनको इनाम भी दिए। पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सप्रेम उपहार भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर विदाई दी। जिसमें उपनिरीक्षक रेडियो एजाज अली, उपनिरीक्षक रेडियो अशोक कुमार, दरोगा महेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी तेजवीर सिंह, मुख्य आरक्षी राजकुमार सिंह को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसपी ने उनको उपहार देते हुए भविष्य के लिए बधाई दी।

### नगर पालिका परिषद में लिपिक का विदाई समारोह

**रामपुर,अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में तैनात वरिष्ठ लिपिक खुर्शीद अहमद खान का विदाई समारोह पालिका के सभागार में आयोजित हुआ। इस मौके पर खुर्शीद अहमद खान को चेयरपर्सन, अधिशासी अधिकारी और सभासदों ने विदाई दी। शनिवार को नगर पालिका के सभागार में विदाई समारोह के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। खुर्शीद अहमद खान को चेयरपर्सन सना मामून और समाजसेवी मामू शाह खान ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर सभासदों ने चेयरपर्सन के समक्ष आउटसोर्सिंग के रूप में खुर्शीद अहमद खान की तनाती के बारे में प्रस्ताव रखा। इस पर पालिका अध्यक्ष ने सभासदों को आश्वासन दिया। इस मौके पर मंजूर हुसैन नकवी, अजीम खान, हन्नान खा, सभासद शावेज अंसारी, बाबू जिया उर रहमान आदि मौजूद रहे।

### मां बेटे को भाइयों ने पीटकर किया घायल

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर अमृत विचार :** बैंक आ रहे मां बेटे को कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला फर्राशान निवासी बहारे आलम का कहना है कि वह और उसकी मां अनीसा बेगम 28 मई को यूनियन बैंक में आए थे। तभी परवेज आलम, शाने आलम, शावेज तीनों भाइयों ने मुझे व मेरी मां को लगभग 4 बजे घेर लिया।मारपीट करने लगे। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में जाकर तहरीर दी। जिसके बाद पुलिस तीन सगे भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### लिफ्ट देकर मामी-भांजी से चाकू के बल पर किया दुष्कर्म

**संवाददाता,स्वार अमृत विचार :** कार में लिफ्ट देकर दबंग लोगों ने चाकू के बल पर मामी और भांजी से दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। शिकायत करने पर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियों को नामजद कर एक अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। जिला मुरादाबाद के एक गांव निवासी एक महिला जमीन खरीदने का काम जिला नोएडा के डिस्कवरी टावर थाना सेक्टर 62 निवासी धनंजय, सिद्धार्थ, विजय पाल के साथ पार्टनरशिप में करती है। इसलिए महिला तीनों से भली भांति परिचित थी। महिला के बहन बहनोई बाहर रहते है। महिला के पास भांजी रहती है। महिला का आरोप है कि पांच मई को अपनी भांजी के साथ स्वार जाने के लिए तोपखाना रोड पर सवारी के इंतजार में खड़ी थी। इसी दौरान एक कार आकर रूकी। महिला से पूछा कहां जा रही हो जिस पर महिला परिचितों को देखकर स्वार जाने की बात कही। तब उन लोगों ने उत्तराखंड के रामनगर जाने का बहाना बनाकर महिला और उसकी भांजी को कार में लिफ्ट दी। तीनों आरोपी शराब के नशे में थे। जब कार स्वार रामपुर मार्ग स्थित खौद से आगे बढ़ी तो तीनों ने उसकी भांजी से अश्लील हरकतें शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू निकाल लिया। डरा धमका कर कपड़े उतरवाकर अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद तीनों ने डरा धमका कर कार के अंदर चाकू के बल पर बारी बारी से दुष्कर्म किया।आरोपियों ने धनौरी चौराहे पर एक स्कूल के आगे कार से उतार दिया। शिकायत करने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। महिला और उसकी भांजी थाने पहुंचे। तीनों आरोपियों को नामजद कर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पीड़ितों को भगा दिया। जिस पर महिला कोर्ट की शरण में पहुंची। न्याय दिलाने की गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन आरोपियों को नामजद कर एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मिट्टी की जांच के बाद सही उर्वरकों का करें प्रयोग

**कार्यालय संवाददाता,रामपुर अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक राजकिशन सिंह ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का आयोजन विकासखंड बिलासपुर के ग्राम- पदपुरी निकट बमनपुरा, धामनी हसनपुर, अफसर नगर में हुआ। इसमें किसानों को मिट्टी की जांच के बाद सही उर्वरकों का प्रयोग करने की जानकारी दी गई। इसके बाद विकासखंड चमरौआ के ग्राम मगरमऊ, खजुरिया, भंडपुरा व सैदनगर के ग्राम-खिमौतिया भक्ति, जटपुरा, खिमौतिया खेड़ा सहित कुल 9 ग्रामों में कार्यक्रम हुआ। बिलासपुर के ग्राम-पदपुरी निकट बमनपुरा में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कृषि बलदेव सिंह औलख और ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख द्वारा प्रतिभाग किया। राज्य मंत्री कृषि द्वारा कृषकों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा नीतियों के बारे में बताया। कृषि वैज्ञानिकों,विशेषज्ञों द्वारा बताई गई वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने पर जोर देते हुए कृषकों से अपने खेतों की मिट्टी की जांच कराने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड में उल्लिखित संस्तुतियों के हिसाब से उर्वरकों का प्रयोग करने की कृषकों को सलाह दी। कृषकों से अपनी फसलों का बीमा कराने का भी आह्वान किया। सोलर पंप पर 60 प्रतिशत अनुदान व 25 वर्ष की गारंटी तथा निजी नलकूपों के विद्युत कनेक्शन का बिजली बिल माफ करने योजना के संबंध में विस्तार से बताया। अपर कृषि निदेशक जगदीश कुमार भट्ट किसानों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में आईसीएआर, आईवीआरआई, बरेली एवं कृषि विज्ञान केंद्र धमोरा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक ने कृषि की आधुनिक तकनीकों, क्षेत्र के हिसाब से खरीफ में बोई जाने वाली फसलों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में बताया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह तथा कर्मचारियों तथा लगभग 300 से अधिक कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया। 1 जून को चमरौआ के ग्राम करीमपुर सर्की, वाजिदपुर, रम्पुरा, सैदनगर के ग्राम-बजावाला, बरगव्वा, खंडिया तथा विकासखंड बिलासपुर के ग्राम-नानकार रानी, गजरौला, पजावा में कार्यक्रमों का आयोजन कराया जाएगा।

## एक नजर

### अहिल्याबाई की जयंती पर पिलाया शरबत

**असमोली,अमृत विचार :** असमोली में चीनी मिल के निकट पाल नगर पर माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। लोगों को शरबत की व्यवस्था की गयी । पाल समाज के प्रानसुख, मोहर सिंह, मुखराम सिंह, चतराम सिंह, बलवीर, चन्द्रपाल सिंह, कुंवरपाल सिंह, आदि लोगों ने अपना अपना योगदान दिया। कहा कि अहिल्याबाई होलकर महान शासक और समाज सुधारक थीं। उन्होंने मंदिर निर्माण, जलमार्गों का विकास, गरीबों की मदद और सामाजिक सुधार जैसे जन कल्याणकारी कार्य किये।

### पाल महासभा ने मनाई अहिल्याबाई की जयंती

**बबराला,अमृत विचार :** पाल महासभा के तत्वावधान में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। गांव मझोला फतेहपुर में डॉ. राहुल यादव, सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव संगीता पाल ने अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक पुत्र अखिलेश यादव, बिट्टू कश्यप, गजेंद्र लाल, विनोद, रंजीत बघेल आदि ने रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। इसके बाद गांव में अहिल्याबाई होल्कर संबंधित दो शिलापट भी स्थापित किए गए।

### किसान के खेत से 40 किलो पाइप चोरी

**संभल/ओबरी।** असमोली थाना क्षेत्र के गांव बुकनाला में निवसी हिलाल ने बताया कि शुक्रवार की रात चोरों ने उसके खेत में सिंचाई करने के लिए बिछाई गई करीब 40 किलो पाइप लाइन को चोरी कर लिया। शनिवार की सुबह खेत पर पहुंचे तो पाइप लाइन चोरी जानकारी हुई। पीड़ित ने चोरी की तहरीर को को दे दी है।

### चोरी के मामले में दोषी को 1 वर्ष 6 माह का कारावास

**चन्दौसी, अमृत विचार :** चोरी का दोष सिद्ध होने पर दोषी को 1 वर्ष 6 माह के कारावास से दंडित कर 2500 रुपये अर्थ दंड लगाया है। पीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि आरोपी राधे निवासी गांव नरैनी थाना बिल्सी जनपद बदायूं को पुलिस ने चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में जमा कर दी। इसके बाद दोनों अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन/एसीजेएम ने राधे को दोषी पाया। जिसे न्यायालय ने 1 वर्ष 6 माह का कारावास व 2500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

# हैंडीक्राफ्ट कारखाने में लगी आग, तीन लोग झुलसे

## शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान, सरायतरीन के कच्चे इलाके की घटना, लोगों ने बुझाई आग

- **झुलसे लोगों का जिला अस्पताल और निजी अस्पताल में कराया गया उपचार**

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में हैंडीक्राफ्ट कारखाने में शार्ट सर्किट से आग लग गई। केमिकल ने आग पकड़ी तो भयावह रूप ले लिया। आग से बाइक, केमिकल, प्रोडक्ट समेत लाखों का सामान जल गया। कारखाना मालिक समेत तीन लोग झुलस गए। लोगों ने समरसेबल से पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया।

सरायतरीन के कच्चा इलाके में फैजान का हैंडीक्राफ्ट कारखाना है। शनिवार को सुबह लगभग 11.30 बजे काम शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी वहां पड़ी तो आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई गई। शोर मचा तो आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। तब तक आग से फैजान पुत्र रईसुद्दीन, जैद पुत्र सलाउद्दीन, नूर पुत्र मेहंदी झुलस गए।

लोगों ने आग बुझाने के लिए अपने घरों के समरसेबल चलवाए। इसके बाद बाल्टियों से आग पर पानी डालना शुरू किया। कड़ी मशक्कत करते हुए किसी तरह आग पर काबू पाया। नूर को जिला अस्पताल में जबकि फैजान और मोहम्मद जैद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाइक, केमिकल, प्रोडेक्ट समेत लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।


हैंडीक्राफ्ट कारखाने में आग से जला सामान। ● अमृत विचार


हैंडीक्राफ्ट कारखाने में आग के बारे में जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

### लोगों की कोशिश से बच गए दूसरे कारखाने

सरायतरीन के कच्चा इलाके में कई कारखाने हैं। फैजान के कारखाने में आग लगी तो आसपास के लोग पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। फायर ब्रिगेड को सूचना दी लेकिन गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच सकी। बहरहाल, लोगों की सक्रियता के चलते दूसरे कारखाने बच गए क्योंकि वहां तक आग नहीं पहुंच सकी।


अस्पताल में भर्ती झुलस मजदूर।

# नोडल अधिकारी ने देखीं गांवों में योजनाएं

- **नोडल अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने गांव सिंहपुरसानी और भारतल सिरसी का किया दौरा**

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** शासन से आए नोडल अधिकारी निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अंकित कुमार अग्रवाल ने विकास खंड संभल के दो गांवों का दौरा करते हुए सफाई, पेयजल समेत कई योजनाओं का हाल देखा। मदरसों के प्रतिनिधियों से आधुनिकीकरण को लेकर चर्चा की। कमियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

नोडल अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने शनिवार को संभल ब्लॉक के गांव भारतल सिरसी और सिंहपुरसानी का दौरा किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, जल जीवन मिशन को लेकर कराए गए कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए। गांव सिंहपुरसानी में टीकाकरण कार्य देखा। गांव भारतल सिरसी में पीएम श्री विद्यालय में समीक्षा बैठक की। ग्रामीणों ने शौचालय और आवास की समस्या रखी तो अधिकारियों को निर्देश दिए। आरोग्य मंदिर को देखने के साथ ही टीकाकरण कार्य का जायजा लिया। संभल ब्लॉक मुख्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक की। मदरसों में बांग्लादेशी बच्चों के होने को लेकर भी निर्देश दिए। साफ सफाई को लेकर बीडीओ को निर्देश दिए गए। कहा कि जो कमियां हैं उन्हें लेकर शासन को अवगत कराएंगे।

इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ.तरुण पाठक, एसडीएम डॉ.वंदना मिश्रा, बीडीओ प्रेमपाल सिंह, एडीओ पंचायत गुरुदयाल सिंह, बीईओ आदि अधिकारी रहे।

### मदरसों के आधुनिकीकरण को लेकर की चर्चा

नोडल अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल से मदरसा जियाउल उलूम सरायतरीन, सिराज उल उलूम, मदरसा हामिदिया अशरफी का प्रतिनिधिमंडल भी मिला। प्रतिनिधिमंडल में मौलाना कारी राशिद, रहबर, मौलाना जकरिया, मौलाना नूर आलम, मौलाना अफसर आलम, मतीन कमाल आदि रहे। नोडल अधिकारी ने मदरसों के आधुनिकीकरण और सुधार को लेकर चर्चा की। मदरसों में बांग्लादेशी बच्चों के सवाल पर नोडल अधिकारी ने कहा कि यहां तो ऐसी बात सामने नहीं आई लेकिन कुछ जनपदों की ऐसी शिकायतें रही हैं। उसकी शासन स्तर पर जांच चल रही है।


संभल में मदरसा संचालकों के साथ बैठक करते नोडल अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल।

# पेड़ पर चढ़े दो भाई करंट से झुलसे, हालत गंभीर


निजी अस्पताल में भर्ती करंट से झुलसा छात्र। ● अमृत विचार

संभल/ओबरी

- **33 हजार केवीए बिजली लाइन के तार पेड़ से छूने की वजह से हुआ हादसा**

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव में खेलते समय पेड़ पर चढ़ रहे दो भाई हाईटेंशन लाइन के करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया।

मनोटा- चोधरपुर मार्ग पर गांव असगरीपुर में नूरउद्दीन का 12 साल का बेटा मोहम्मद ज़ैद व छोटा बेटा आकिब शनिवार की सुबह 8.30 बजे घर के बाहर खेल रहे थे। खेलते समय दोनों भाई घर के पास ही पेड़ पर चढ़ गए। असगरीपुर विद्युत उपकेंद्र को जाने वाली 33 हजार केवीए विद्युत लाइन का तार पेड़ से छू रहा था। करंट की चपेट में आकर दोनों भाई गंभीर रूप से झुलस गए और पेड़ से गिरकर बेहोश हो गये। एक ग्रामीण ने बच्चों को उठाकर उनके घर पहुंचाया।

निजी अस्पताल में दोनों बच्चों का इलाज किया जा रहा है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पति गजराम सिंह छात्रों का हाल जानने क्लीनिक पर पहुंचे। उन्होंने जेई असगरीपुर को फोन पर हादसे की जानकारी देते हुए सड़क किनारे विद्युत लाइन से भिड़ी पेड़ों की टहनियों को कटवाने की मांग की।

# संभल हिंसा: मुल्ला अफरोज गुलाम नवी, वारिस कोर्ट में पेश

- **सुनवाई के लिए 12 जून की तारीख नियत की गई**

**चन्दौसी,अमृत विचार:** संभल हिंसा में चार लोगों की हत्या सहित पांच मुकद्मों के आरोपी शारिक साटा गिरोह के सदस्यों मुल्ला अफरोज, गुलाम नवी व वारिस पर आरोप तय करने को कार्ट में पेश किया गया। अगली सुनवाई 12 जून को नियत की गई है।

शनिवार को मुल्ला अफरोज, गुलाम नवी व वारिस को दोपहर 12 बजे कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच जिला न्यायालय लाया गया। शाम को जिला न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह के न्यायालय में तीनों आरोपियों को पेश किया गया। न्यायालय में मुल्ला अफरोज ने बताया कि वह प्रॉपट्री डीलर है। जब घटना घटित हुई वह वहां मौजूद नहीं था। उसको पुलिस ने छूठे मुकद्मों में फंसाया है। गुलाम नवी व वारिस ने अपने पक्ष में कोई बयान नहीं दिया। न्यायालय में मुल्ला अफरोज ने मांग की जिस दिन मिलाई की तारीख हो उस दिन न्यायालय की तारीख न हो। जिला शासकीय अधिवक्ता राहुल दीक्षित ने आरोपी मुल्ला अफरोज के बयानों को झूठा बताया। कहा कि वादी पक्ष की ओर से गवाही करायी जायेगी। साथ ही मजबूती के साथ मुकदमे की पैरवी की जायेगी। आरोपियों को कड़ी सजा दिलाएंगे । न्यायालय ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 12 जून नियत की है।

## अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन भी किया बहिष्कार


**चन्दौसी, अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिशन के अधिवक्ताओं ने शनिवार को दूसरे दिन भी एसडीएम न्यायालय का बहिष्कार किया। एसोसिएशन की बैठक में अधिवक्ताओं ने कहा कि एसडीएम ने अमर्यादित व्यवहार एवं विधि विरुद्ध न्याय प्रक्रिया अपनाने व विधि विरुद्ध तरीके से विवादित पत्रावलियों का निस्तारण किया। अधिवक्ताओं ने कई बार एसडीएम न्यायालय में भ्रष्टाचार एवं समय पर कार्य न होने आदि समस्याओं के बारे में अवगत कराया लेकिन एसडीएम निधि पटेल की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। बैठक में अध्यक्ष मुकेश पाल सिंह, सचिव अरविंद कुमार गुप्ता, पिन्टेश शर्मा, विजय पाल सिंह, सत्यवीर सिंह, शाकिर अली, धर्मवीर सिंह, तारिक अनवर, बलराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में अग्रणी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** गांव मौलागढ़ में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी समारोह का आरंभ राज्यमंत्री गुलाब देवी व ब्लाक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने माता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

राज्यमंत्री ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने पशु-पक्षी, नदी, तालाब, पेड़-पौधे यहां तक मिट्टी के संरक्षण की बात कही। अहिल्याबाई ने अपने कई हजार धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्वार कराया। जिसमें कल्कि, काशी, अयोध्या व केदारनाथ प्रमुख है। उन्होंने देश की प्रगति में विशेष योगदान दिया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। वह माता अहिल्याबाई को अपना आदर्श मानती हैं और उनके बताए रास्ते पर चलने का प्रयास कर रही है। इसके पश्चात गांव मौलागढ़ में रैली का आयोजन किया गया। सुशील कुमार, चंद्र सैन, अरविंद पाल, अमन पाल, अशर्फी पाल, नवल पाल, प्रदीप, हेम सिंह, रवेंद्र पाल, लटूरी, डिंपल, कुमकुम, धर्मेंद्र, राकेश आदि मौजूद रहे।



ग्राम मौलागढ में कार्यक्रम में भाग लेतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

- **समारोह पूर्वक मनाई गई माता अहिल्याबाई की जयंती**

**सख्त कार्रवाई** — प्रशासन के बुलडोजर ने निर्माण किया ध्वस्त, अब जुर्माना वसूली की होगी कार्रवाई

# बोन मिल के कब्जे से मुक्त कराई सरकारी जमीन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** प्रशासन ने संभल मुरादाबाद मुख्य मार्ग पर स्थित करोड़ों की सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराने के लिए बोन मिल पर बुलडोजर एक्शन किया। निर्माण ध्वस्त कर बोन मिल में शामिल की गई सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया।

संभल-मुरादाबाद मार्ग पर लगभग पौने दो बीघा सरकारी जमीन थी। इसी जमीन के बराबर में बोन मिल लगाया गया था। प्रशासन का कहना है कि बाद में सरकारी भूमि को भी बोन मिल में शामिल कर उस पर निर्माण कर लिया गया था। जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए प्रशासन काफी समय से कवायद कर रहा था। तहसीलदार धीरेंद्र सिंह कोतवाली अंबरीश कुमार व राजस्व टीम के साथ शनिवार को बोन मिल पहुंचे। नाप जोख के बाद सरकारी जमीन पर किये गये निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। बोन मिल मालिक ने जमीन को अपनी बताते हुए कार्रवाई रोकने को कहा लेकिन उनकी एक न चली। निर्माण ध्वस्त कर करोड़ों रुपये की भूमि को राजस्व विभाग ने कब्जे में ले लिया। तहसीलदार धीरेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर बोन मिल बनाकर कब्जा कर लिया गया था। ग्राम समाज की भूमि का यह धारा 67 का मामला तहसीलदार न्यायालय में चला। जिसमें चार लाख रुपये से अधिक के जुर्माने के साथ ही बेदखल किए जाने का आदेश पारित हुआ। इस आदेश के विरुद्ध जिलाधिकारी के यहां अपील प्रस्तुत की गई लेकिन राहत नहीं मिली। उसी को लेकर कब्जा हटाकर भूमि कब्जे में ली गई। यह भूमि ग्राम सभा के सुपुर्द कर दी जाएगी। जुर्माने की जल्द ही वसूली की जाएगी।


जमीन कब्जा मुक्त कराने के दौरान मौजूद पुलिस।



सरकारी जमीन पर निर्माण को ध्वस्त करता बुलडोजर।

# चन्दौसी चौराहा की दुकानों में दुकानदारों ने लगाए शटर


चन्दौसी चौराहा पर दुकानदारों को हिदायत देते अवर अभियंता।

कार्यालय संवाददाता, संभल

- **जेई ने कहा-यथा स्थिति बनी रहे, न कराया जाए दुकानों में काम**

**अमृत विचार :** चन्दौसी चौराहा पर स्थित दुकानों पर शटर लगाए जाने की सूचना पर जेई विनियमित क्षेत्र मौके पर पहुंचे और यथास्थिति बनाए रखने को कहा।

प्रशासन द्वारा चंदौसी चौराहा चौड़ीकरण को लेकर तैयारी चल रही है। जिसके तहत कई दुकानों को तोड़ा जा चुका है। प्रशासन ने यातायात पुलिस बूथ, चेक पोस्ट, शौचालय, शीतल जल प्याऊ को भी हटा लिया है। शनिवार को प्रशासन को सूचना मिली कि चौराहा पर दो दुकानों पर शटर लगा दिए गए। जिसके बाद जेई विनियमित क्षेत्र सचिन सिंह मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। जेई ने दुकान मालिक और लोगों से बात की। कहा कि मौके पर यथास्थिति बनी रहनी चाहिए। कोई काम न किया जाए। आगे दुकानों में निर्माण कार्य नहीं होना चाहिए। जिस पर लोगों ने सहमति दे दी।

## सार-संक्षेप

### मनाया जाएगा योगी आदित्यनाथ का अवतरण दिवस



**चन्दौसी,अमृत विचार :** कस्बा नरौली में कैंप कार्यालय पर विश्व हिंदू महासंघ की बैठक में बताया गया कि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी दास प्रजापति के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में 5 से 11 जून तक महंत योगी आदित्यनाथ के अवतरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रक्तदान के साथ-साथ तिरंगा यात्रा भी निकाली जाएगी। आरंभ 5 जून को तिलक उत्सव एवं आरती के साथ घरों पर केसरिया ध्वज लगाकर की जाएगी। अन्श् दिनों में गौसेवा, पौधारोपण, साधु संतों का सम्मान, दीन दुखियों की मदद, रक्तदान एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। तिरंगा यात्रा व रैली भी निकाली जाएगी। 9 जून को नरौली में कार्यक्रम में मंडल प्रभारी प्रदीप शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद सक्सेना मुख्य अतिथि रहेंगे। बैठक में जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अवधेश यादव, रजत तिवारी, राकेश कुमार, अमन श्रीवास्तव, विपिन गोयल, मुकेश शर्मा, अमरीश शर्मा, सुनील तिवारी, आशा तिवारी, कंचन तिवारी, पूजा शर्मा, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

### समर कैंप समापन पर बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में समर कैंप के समापन पर बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि बच्चों ने समर कैंप के दौरान सीखी कलाओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया। रैंप वॉक ,नृत्य, ताइक्वंडो में बच्चों ने मन मोह लिया। बच्चों ने मेहंदी की सुंदर डिजाइन सीखी। हैंडराइटिंग में बच्चों ने सुंदर लेखन के कौशल सीखे। इसके अलावा अन्य गतिविधियों का भी प्रदर्शन किया। इस दौरान निशा, नेहा, काजल, इशिता, सिल्की, प्रिया, सोनल, रूपाली, नीरज, दीया, अंकुश, सरिता, शिल्पा, पारुल, वंशिका, दीपिका, दीपा आदि मौजूद रहेगी।

### अहिल्याबाई की जयंती पर बाइक रैली निकाली



**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर असमोली क्षेत्र के गांवों में बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली का आरंभ भाजपा जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने किया। रैली के समापन पर कार्यक्रम में महारानी अहिल्या बाई होल्कर के शिक्षा और समाज की सेवा के कार्यों के बारे में बताया गया। लोगों ने महारानी अहिल्याबाई के आदर्शों और मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष करणी सेना ठाकुर रितिक राजपूत, दिनेश पाल इंशा, जयपाल सिंह, मनोज पाल ,अविनाश पाल, रोहित पंवार, मनोज प्रजापति, अमर सिंह पाल, अंकित माथुर, मोनू पाल आदि लोग उपस्थित रहे। रैली में अहिल्या बाई होल्कर की विरासत और योगदान को याद किया गया।

### नोडल अधिकारी ने किया सीएचसी का निरीक्षण



**गुन्नौर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएचसी में बने कोल्ड रूम का निरीक्षण किया। इमरजेंसी रूम देखा। डॉट्स सेंटर में पूछा कि टीवी मरीजों को दवाएं मिलती हैं या नहीं। महिला विंग में प्रसूताओं की डिलीवरी के बारे में जानकारी की। ओटी का निरीक्षण कर पूछा कि यहां सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा है या नहीं। अधीक्षक डॉ. राजकिशोर ने अपने आवास पर निवर्तमान अधीक्षक का कब्जा होने की शिकायत की। कहा कि आठ महीने हो चुके हैं मुझे आवास नहीं मिला है। इमरजेंसी में रात को मरीज आते हैं तो दूर से चल कर आना पड़ता है। नोडल अधिकारी ने कहा कि जवाब तलब कराया जाएगा।

### ऐंचोड़ा कंबोह में एक ही रात तीन नलकूपों से सामान चोरी



**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में किसानों के तीन नलकूपों के ताले तोड़कर कीमती सामान चोरी कर लिया। असमोली व संभल सर्किल के थानों में पिछले बीस दिन में नलकूप पर चोरी की 30 से ज्यादा घटनाएं हो चुकी हैं। हालात यह है कि पुलिस बदमाशों को पकड़ने की बात तो दूर इन घटनाओं की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं करती। शुक्रवार की रात चोरों ने ऐंचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के पेली गांव में वारदात को अंजाम दिया। हरचरन, शिवांग, व सर्वेश के नलकूप की कोठरी के ताले तोड़कर स्टार्टर व केबल सहित तमाम कीमती सामान चोरी कर लिया। सुबह किसान अपने अपने खेतों पर गए तो नलकूपों की कोठरी का ताला टूटा व नकब लगा देख चोरी का एहसास हुआ। 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची। किसानों ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### आठ दंपती ने खत्म किया पारिवारिक विवाद

**बहजोई,अमृत विचार :** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र छोटी-छोटी बातों को लेकर अलग हुए पति-पत्नी ने फिर साथ रहने का फैसला किया। पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र में काउंसलर ने दंपतियों को विवाद खत्म कर साथ रहने को समझाया। काउंसलिंग के बाद 8 पति पत्नी ने विवाद समाप्त कर दिया। महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद ने बताया कि कुल 79 पत्रावलियों को सुनकर 19 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। दो पत्रावली में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। 8 दंपति को मिलाया गया तथा 9 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण से बंद की गई। काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, कंचन महेश्वरी, बबीता शर्मा, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य आदि ने सहयोग किया।

### केक काटकर मनाई जयंती

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव दारनी में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदन लाल धनगर ने केक काटा और अहिल्याबाई होल्कर के जीवन प्रकाश डाला। राकेश धनगर, भगवान स्वरूप धनगर, भूरे धनगर, रामवीर धनगर, रघुनंदन, ऋ षिकांत धनगर, मनोज, राजकुमार, छत्रपाल, अवनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### मूर्ति प्रकरण में 19 लोगों को मुचलका पाबंद किया

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धनुपुरा में एक समाज के लोगों ने सड़क किनारे ग्राम समाज की भूमि पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाने के लिए शुक्रवार को कार्य आरंभ कर दिया। बिना अनुमति के चबूतरा बनाने के लिए नींव खोदने का कार्य आरंभ कर दिया था। जानकारी दूसरे समाज के लोगों को हुई तो शुक्रवार को ही एसडीएम को ज्ञापन देकर गांव में दूसरे स्थान पर डॉ. भीमराव आंबडेकर की मूर्ति लगवाने की मांग की। इसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के 19 लोगों को मुचलका पाबंद किया है। एक पक्ष के लक्की, रामकुमार, जहारी, रितेश, राहु, सुनी, नन्हे, गुड्डू, मनोज व द्वितीय पक्ष से विकेश, यतेंद्र, अवधेश, कृष्ण पाल, कप्तान, अजीत, दिनेश, उमेश पाल, पिंटू, अनुभव आदि शामिल है। पुलिस ने मुचकला पाबंद करने के लिए रिपोर्ट न्यायालय में भेजी है।

# इतिहास से बड़ा होता है लोक



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं।

प्रेरणा सामान्य क्षमता की वृद्धि करने वाला असामान्य रसायन है। संभव है कि मस्तिष्क में डोपामाइन जैसा कोई रस इस प्रेरणा के लिए जिम्मेदार हो। प्रेरणा ध्येय निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। उत्साह भरती है। स्वाभाविक आलस्य को भी निकट नहीं आने देती। प्रेरणा की शक्ति मूल कार्य में लगने वाली शक्ति की क्षमता को भी प्रभावित करती है। प्रेरित करने वाले तत्व कई प्रकार के हो सकते हैं। वे मोटे तौर पर दो हैं। दो से अधिक भी हो सकते हैं। अच्छे कार्य के लिए उत्साहित करने वाली प्रेरणा। किसी गलत कार्य के लिए उकसाना भी प्रेरणा कहा जा सकता है। महापुरुष प्रेरित करते हैं। स्वयं तपते हैं। समाज को उत्साहित करते हैं। भारतीय जीवन दृष्टि में प्रेरणा का महत्व है। कोई ई-रिक्शा चलाने वाला चालक भी उच्चतर परीक्षाओं में अच्छे अंक पाता है। वह प्रेरित करता है। कोई नदी में डूबते हुए व्यक्ति को अपनी जान पर खेल कर बचाता है। यह प्रेरणादायी है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के लिए उच्चतम काम करता है। वह प्रेरणादायी है।

भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्जागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बताकर मार दिया जाता था, लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है कि "जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।" परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है कि "वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।" अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, "मैं साम हूं। तू ऋक् है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।" एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, "तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।" भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं।

ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, "प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात् एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीयं ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री। परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया। रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गईं थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई हैं।

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होल्कर ने अपने शासकीय क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए। जल संसाधन की चिंता की। कुओं और पेयजल की तमाम व्यवस्थाएं की। सड़क बनवाई। गरीबों के लिए निःशुल्क अन्न क्षेत्र खोले। समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही। उनके काम लोकमत की सराहना का विषय बने। सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्होंने कराया था और वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का भी। महिलाओं की शिक्षा के लिए संस्थाएं खोली। समाज जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सन् 1725 में उनका जन्म हुआ था। मराठा हिंदू परिवार में चैंडी गांव में उनका जन्म हुआ था। खास बात है कि 18 वीं सदी में भी उनके कार्य प्रेरक थे और भारतीय समाज का आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उनके व्यक्तित्व में माता की ममता थी और पुरुष जैसा शौर्य पराक्रम। तत्कालीन समाज ने उन्हें आदर के साथ देखा। देखते ही देखते समाज के बड़े वर्ग ने उन्हें देवी जैसा सम्मान दिया। विभिन्न पुराण कथाओं के मिथक जैसी स्मरणीय नेत्री बनीं। वे अखिल भारतीय स्तर पर सब जगह श्रद्धा का विषय बनी रहीं और अपने निधन (13 अगस्त 1795) के 229 वर्ष बाद भी लोकप्रिय हैं। वे जीवित होतीं तो 300 वर्ष की होतीं, लेकिन इससे क्या वे न होकर भी राष्ट्रीय आदर की पात्र हैं। समाज को प्रेरित करने वाले ऐसे प्रतीक प्रायः कम ही मिलते हैं। आश्चर्य है इतिहास में उनके पद प्रतिष्ठा के सापेक्ष उन्हें जगह नहीं मिली। ऐसे संगठन और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं, जो उनके स्मरण में श्रद्धापूर्वक अभियान चला रहे हैं।

लोक इतिहास से बड़ा होता है। इतिहास की संपदा की तुलना में लोक ज्यादा समृद्ध होता है। राजा हरिश्चंद्र को भी इतिहास में प्रायः जगह नहीं मिली, लेकिन लोक ने उन्हें अपनी स्मृति में संजोए रखा। सत्यनिष्ठा और राजा हरिश्चन्द्र पर्यायवाची हैं। उनका स्मरण किया जाता है। ऐसे ही होलकर भी इतिहास की छोटी पोथियों से हटकर लोक हृदय सम्राट बनीं और जनसेवा की प्रतिष्ठा की प्रतीक भी। आदर्श स्त्री विमर्श चलते रहना चाहिए और इसके लिए हम सबको अतीत का अध्ययन करना चाहिए। ऐसी महिलाएं विरल हैं। इनमें अनेक पुराकथाओं जैसी दिव्य हो गईं थीं। ऐसी इतिहाससिद्ध व प्रसिद्ध महिलाओं में होलकर का नाम अग्रणी है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। अतीत की प्रेरणा से आधुनिक को संवारने के लिए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# ज्ञान एवं आधुनिक प्रबंधन



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

भारतीय ज्ञान के स्रोत वेद, पुराण, उपनिषद इत्यादि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं। ये ग्रंथ मानव व्यवहार, नेतृत्व, निर्णय-निर्माण और संगठनात्मक संस्कृति के ऐसे सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं, जो आज के कॉरपोरेट और प्रशासनिक ढांचे में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। 'धर्म' केवल व्यक्ति विशेष की धार्मिक मान्यता या पूजा पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदार और न्यायसंगत आचरण के रूप को परिभाषित करता है। एक अच्छा प्रबंधक वही है, जो फैसले लेते समय केवल लाभ नहीं, बल्कि नैतिकता, पारदर्शिता और सभी हितधारकों की भलाई एवं कल्याण को ध्यान में रखता हो। 'सत्य' और 'आत्म-ज्ञान' की अवधारणाएं न केवल आत्मिक उन्नति के लिए, बल्कि नेतृत्व की परिपक्वता के लिए भी आवश्यक है। इसलिए जीवन में परिणाम की चिंता छोड़कर कर्म को प्राथमिकता देने की प्रेरणा निष्काम कर्म के सिद्धांत द्वारा प्रदर्शित होती है।

"कर्म करो, फल की चिंता मत करो" का संदेश भगवद गीता का मूल मंत्र ही नहीं है, बल्कि यह तनावमुक्त और प्रभावशाली नेतृत्व का रहस्य भी है। जब कोई व्यक्ति अपने कर्म को उद्देश्य की शुद्धता के साथ निष्पादित करता है, तो उसकी टीम के सदस्यों में भी विश्वास और समर्पण की भावना जागृत होती है और कार्य स्थल पर बेहतर व स्वस्थ कार्यसंस्कृति का निर्माण होता है। यह विचार विश्व बंधुत्व को प्रेरित कर वसुधैव कुटुम्बकम् और गर्वनेंस में वैश्विक स्तर पर पारस्परिक हितों के संरक्षण के दृष्टिकोण को व्यक्त करता है।

वेदों की अवधारणा हमें सिखाती है कि संगठन केवल एक सीमित इकाई नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक परिवार का हिस्सा है और इस सोच से आधुनिक समय में कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की अवधारणा को बल मिलता है। आज वैश्विक स्तर पर सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा काफी प्रबल है। हमारे धर्मशास्त्र प्रकृति के साथ तालमेल, प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण का संदेश देते हैं। इसलिए इको-फ्रेंडली नीतियां और दीर्घकालिक भारतीय सोच ही भविष्य को टिकाऊ बना सकती हैं।

मानव संसाधन के सफल प्रबंधन के लिए योग, अनुशासन की सीख कार्यसंस्कृति, कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सर्वोत्तम क्षमता के प्रदर्शन एवं योगदान की भावना को अभिप्रेरित करता है। हमारे वेद और उपनिषद हमें कठिनाइयों में धैर्य और संकट प्रबंधन की दृष्टि प्रदान करते हैं, क्योंकि परिवर्तन ही जीवन का नियम है, जो हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता विकसित करने एवं जीवन में लचीला दृष्टिकोण अपनाने और नवाचारी निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह हमें संकट के समय आत्मनियंत्रण और संतुलित मनः स्थिति बनाए रखने में सहायक होता है। हमारे ग्रंथ हमें निरंतर ज्ञान प्राप्ति की सीख देते हैं। प्राचीन काल में 'गुरु-शिष्य परंपरा' केवल शिक्षण तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह सतत् विकास और व्यक्तित्व निर्माण का प्रक्रिया भी थी। आज के समय में संगठनात्मक नेतृत्व, नवाचार और टीम प्रबंधन में सामंजस्य के साथ ज्ञान साझा करने की संस्कृति उसी परंपरा का आधुनिक रूप है। वेद और उपनिषद केवल अतीत की गाथाएं नहीं, बल्कि ये ऐसे दिशासूचक हैं, जो हमें आज के बदलते जटिल और प्रतिस्पर्धी प्रबंधन जगत में नई दिशा और स्थिरता देने के साथ ही व्यावसायिक और सामाजिक परिदृश्य में नैतिक, प्रभावी और दूरदर्शी नेतृत्व का मार्ग दिखाते हैं। जब आधुनिक प्रबंधन इन प्राचीन सिद्धांतों को अपनाता है, तो वह केवल लाभ कमाने वाला नहीं, बल्कि समाज के लिए मूल्य निर्माण करने वाला मानवीय उपक्रम बनेगा, जो संस्थान की दीर्घकालिक सफलता और संतुलन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# भारत से नक्सलवाद समाप्ति की ओर



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है।



भारत नक्सलवाद की समस्या से तेजी से उबर रहा है और अब इसकी उपस्थिति सिर्फ नौ राज्यों के कुछ जिलों तक सीमित रह गई है। भारत में उग्रवाद के प्रभाव क्षेत्र को लाल गलियारा या रेड गैलरी कहा जाता है। भारत के मध्य, दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में इसका विस्तार देखा जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से संसद को बताया गया है कि छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल उन नौ राज्यों में शामिल हैं, जहां नक्सलवाद का प्रभाव बचा है।

भारत ने बीते तीन दशकों में उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है, जिसने इसे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्था का दर्जा दिलाया है। हालांकि इन वर्षों के दौरान कई ऐसे मुद्दे भी रहे हैं, जिन्होंने भारत की प्रगति, इसके विकास और इसकी राष्ट्रीय एकता को खतरे में डाला है। इनमें से एक प्रमुख मुद्दा नक्सलवाद भी रहा है। भारत में नक्सलवाद, जो एक समय में काफी व्यापक था, अब तेजी से कम हो रहा है और इसके समाप्ति की ओर है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह सुदूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में एक बड़ी बाधा है। शाह की इस रणनीति का परिणाम रहा कि 2024 में सबसे अधिक 290 नक्सली मारे गए, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया। इस साल तीन महीने से कम समय में ही 90 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया जा चुका है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। अबूझमाड़ नक्सल एनकाउंटर में सुरक्षा बलों के जवानों ने नक्सलियों की रीड़ की हड्डी तोड़ दी। इस मुठभेड़ में बस्तर में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का वांटेड ईनामी सीपीआई का सेक्रेटरी बसव राजू को ढेर किया गया, जो नक्सलियों के संचालक के रूप में काम कर रहा था। इसकी सुरक्षा में लगी टीम के नक्सली भी मारे गए। नक्सलियों के लिए ये बहुत बड़ा झटका है। इससे कुछ दिन पहले 31 नक्सलियों के शव और बड़ी मात्रा में हथियार मिले।

सरकार की कार्य प्रणाली से सुप्रीम कोर्ट भी सहमत हुआ। कोर्ट ने पीआईएल खारिज कर टिप्पणी कि छत्तीसगढ़ में शांति बहाली की प्रक्रिया चल रही है। लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ऐसे में शांति के लिए चल रहे प्रक्रिया में हम अनावश्यक रूप से दखल नहीं देंगे। इस तरह के मुकदमे शांति व्यवस्था के लिए चलाई जा रही प्रक्रिया में बाधा पैदा करते हैं। इलाके में शांति आ रही है ऐसे में इस तरह की अनावश्यक रूप से चीजों को करने का कोई औचित्य नहीं है। साफ है कि नक्सल के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब ऐसे लोगों को बहुत राहत नहीं मिलने जा रही है, जो राजनीतिक या फिर अपने फायदे की रोटी सकते थे।

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है। भारत से नक्सलवाद के समाप्त होने के कई कारण हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है सरकार द्वारा नक्सलवाद के खिलाफ व्यापक और समन्वित अभियान। सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे लोगों को नक्सलवाद से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। वर्ष 2013 में आजीविका योजना के तहत 'रोशनी' नामक विशेष पहल की शुरूआत की गई थी ताकि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। वर्ष 2017 में नक्सल समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना की शुरुआत की है।

सरकार अब जनजातीय लोगों और स्थानीय लोगों को विकास योजनाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे नक्सलवाद से दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से आम लोगों को होने वाली हिंसा और डर से भी लोग इससे दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार हो रहा है, जिससे लोगों को अन्य क्षेत्रों से जुड़ने में मदद मिल रही है। सरकार नक्सलियों को समर्पण करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है, जिसमें वित्तीय सहायता, स्टार्टअप अवसर और नौकरी की व्यवस्था शामिल है। ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में रहने की स्थिति, ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए विभिन्न मंडलियों पर कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षक विचार शून्य रोबोट नहीं



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

अत: यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

आज का समाज विचारधाराओं में इस कदर विभाजित है कि हर बात, हर विचार और हर व्यक्ति को किसी न किसी पक्ष में खड़ा कर दिया जाता है। ऐसे समय में एक शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान का प्रसार करने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि वह समाज के उस संवेदनशील सेतु का काम करता है, जो छात्र को मूल्यबोध, विवेक और संतुलन की दिशा में ले जाता है, लेकिन जब खुद शिक्षक की विचारधारा को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगे या जब उससे यह अपेक्षा की जाए कि वह अपने निजी विचारों को या तो छुपा ले या किसी खास विचार के साथ कदम मिलाए, तो यह केवल उसकी स्वतंत्रता पर हमला नहीं, बल्कि शिक्षा की आत्मा पर प्रहार होता है।

एक शिक्षक की विचारधारा उसकी आंतरिक समझ, अनुभव और सामाजिक सरोकारों से उपजती है। यह जरूरी नहीं कि वह विचारधारा छात्रों पर थोपे, लेकिन यह भी उचित नहीं कि वह अपने विचारों को जीने के अधिकार से वंचित कर दिया जाए। शिक्षक का मूल्य इस बात में नहीं है कि वह किस विचारधारा से जुड़ा है, बल्कि इस बात में है कि वह छात्रों को समाज के शाश्वत मूल्यों-जैसे सत्य, करुणा, न्याय, सहिष्णुता और प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता से कैसे जोड़ता है।

यदि किसी शिक्षक की विचारधारा उसके शिक्षण में पूर्वाग्रह, कट्टरता या एकपक्षीय दृष्टिकोण लाती है, तो वह छात्रों के विवेक का हनन करती है। यदि वही विचारधारा शिक्षक को अधिक मानवीय, संवेदनशील और विवेकशील बनाती है, तो वह शिक्षण को सजीव बनाती है। समाज को यह समझना होगा कि शिक्षक कोई विचार शून्य रोबोट नहीं होता और न ही वह समाज की राजनीतिक लड़ाइयों का मोहरा है। उसकी भूमिका उस संतुलनकारी शक्ति की है, जो छात्रों को सोचने, समझने और आत्मनिर्भर निर्णय लेने योग्य बनाती है। अतः यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

# वैश्विक शिक्षा का नया सूर्योदय



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

भारत, जो कभी नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान के दीपों से पूरे विश्व को आलोकित करता था, आज एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। इस परिवर्तन की आहट अब केवल विचारों में नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और क्रियान्वयन में स्पष्ट सुनाई दे रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पांच अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को भारत में डिग्री प्रदान करने वाले परिसर खोलने की स्वीकृति देना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। यह महज एक नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि उस बौद्धिक आत्मविश्वास की पुनर्प्राप्ति है, जिसने भारत को सदियों तक ज्ञान का केंद्र बनाए रखा। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस दृष्टिकोण की पूर्ति करता है, जिसमें शिक्षा को न केवल समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात कही गई है, बल्कि भारत को वैश्विक ज्ञान व्यवस्था में नेतृत्वकारी भूमिका में लाने का संकल्प भी निहित है।

आज भारत में शैक्षिक नवाचार की गति तीव्र हो रही है। अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, इटली और अन्य देशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय-जैसे इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैंपटन और इस्तितूतो यूरोपियो डी डिजाइन- अब भारत के प्रमुख शहरों मुंबई, बेंगलुरु, नोएडा, गुरुग्राम और गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित करने जा रहे हैं। यह एक नई दिशा है, जो केवल अकादमिक क्षेत्र में परिवर्तन नहीं लाएगी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्तर पर भी दूरगामी प्रभाव डालेगी। यह किसी तात्कालिक प्रयास का परिणाम नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीति की परिपक्वता का संकेत है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष जो भारी विदेशी मुद्रा छात्रों की विदेश यात्रा पर व्यय होती है, वह देश के भीतर ही निवेशित होकर न केवल अवसंरचना को सशक्त बनाएगी, बल्कि प्रतिभा पलायन पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगी। जब वैश्विक स्तर की शिक्षा भारत में ही सुलभ होगी, तो यह न केवल युवा प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल प्रदान करेगी। साथ ही यह भारतीय विश्वविद्यालयों को भी अपनी गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने को प्रेरित करेगी और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में आकर्षित कर शैक्षिक पर्यटन को नया आयाम देगी। किंतु इस उदीयमान सूरज की किरणों के साथ कुछ प्रश्नों या यूं कहें कि चिंताओं की छाया भी है। जैसे कि एक चिंता समावेशिता को लेकर है। यह आवश्यक होगा कि सरकार और संस्थान मिलकर छात्रवृत्तियां, ऋण सहायता और क्रेडिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं को प्रभावी बनाएं ताकि ग्रामीण और वंचित तबके के छात्र भी इस बदलाव का हिस्सा बन सकें।

सांस्कृतिक और भाषायी विविधता को समाहित करना भी एक बड़ी चुनौती होगी। विदेशी पाठ्यक्रमों और शिक्षण पद्धतियों को भारतीय संदर्भों के अनुरूप बनाना आसान नहीं होगा। यह आवश्यक है कि शिक्षा केवल वैश्विक ब्रांडिंग तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें स्थानीय भाषाओं, संदर्भों और संवेदनाओं के लिए भी पर्याप्त स्थान हो। जब तक पाठ्यक्रम भारतीय विद्यार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक यथार्थ से नहीं जुड़ेंगे, तब तक वे सार्थक नहीं बन पाएंगे। यदि यह संकल्प समावेशी, सुलभ और दूरदर्शी ढंग से क्रियान्वित हुआ, तो भारत न केवल वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि एक नए बौद्धिक पुनर्जागरण का अग्रदूत भी बनेगा।

# तंबाकू और धूम्रपान, विनाशकारी प्रवृत्ति



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दें। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

तंबाकू का सेवन 28 अक्टूबर, 1492 को कोलंबस ने क्यूबा के आदि निवासियों को 'टैबोकास' द्वारा धूम्रपान करते देखा गया था। 1605 में भारत में इसका प्रवेश गोवा के मार्ग से पुर्तगाली व्यापारियों द्वारा हुआ। प्रारंभ में मुगल शासकों को इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया, परंतु 1619 में बुद्धिमान जहांगीर ने धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की आशंकावश इस पर प्रतिबंध लगा दिया, फिर 13 अप्रैल 1699 में सिख गुरुओं ने इसको धर्मविरुद्ध घोषित कर दिया। इसी प्रकार बौद्ध धर्म में भी तंबाकू का प्रयोग वर्जित है।

दुर्भाग्यवश अंग्रेजों के शासन आते ही तंबाकू और धूम्रपान को राज्याश्रय मिल गया और धूम्रपान को बड़प्पन की निशानी भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में मन जाने लगा। भारतवर्ष में जो गरीब थे महंगी सिगरेट या सिगार नहीं पी सकते थे, उन्होंने तंबाकू को तेंदू के पत्ते में लपेट कर बीड़ी के रूप में पीना शुरू कर दिया, जिनके पास बीड़ी भर का भी पैसा नहीं वे तंबाकू के पत्तों को सुखा कर हथेली पर रगड़ कर उसका स्वाद और नशा उठाने लगे। तंबाकू के विभिन्न प्रकार हैः धूम्रपान-सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, ई-सिगरेट (वेपिंग), मौखिक तंबाकू-सुर्ती, खैनी, गुटखा, पान मसाला आदि है। धूम्रपान के धुएं में 7000 विषैले पदार्थ होते हैं। संक्षेप में कहें तो बीड़ी-सिगरेट की छिपी हुई आग आपके कोमल अंगों ( होंठ, मुख, परानासा गह्वरों, श्वसन पथ व हृदय) को धीमे-धीमे ऑक्सीकृत प्रक्रिया द्वारा जलाती रहती है। तंबाकू के कारण होने वाले असंक्रामक महामारियां है, जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज हृदयाघात, दिल का दौरा, कैंसर, पक्षाघात, सांस-खांसी आदि है। हर दिन 3,500 की जान ले रही है। भारत में तंबाकू का सेवन तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं। इसमें 11 करोड़ लोग खैनी, 7 करोड़ लोग गुटखा तथा 5 करोड़ लोग तंबाकू के साथ सुपाड़ी का सेवन करते हैं (सोसाईटी फॉर रिसर्च ऑन निकोटीन एण्ड टोबैको जर्नल,2024)।

भारत में पिछले दस सालों में असंक्रामक रोगों जैसे बीपी, डायबिटीज, हार्ट अटैक, कैंसर, पक्षाघात (लकवा) और सांस-खांसी की बाढ़ सी आ गई है। महामारी की सी स्थिति है। इस महाविनाश के मूल में तंबाकू या धूम्रपान प्रमुख कारण होता है (लैंसेट,2016)। तंबाकू के कारण कैंसर से 10 लाख लोग हर साल जान गवां रहे हैं। हमारे देश में कम उम्र में (35 वर्ष से कम) लोगों में होने वाले मुख कैंसर या हृदयाघात के पीछे बहुधा तंबाकू या धूम्रपान का हाथ होता है। वे महिलाएं, जो धूम्रपान करती हैं, उन्हें कम उम्र में हृदयाघात की संभावना उन स्त्रियों की अपेक्षा अधिक होती है, जो धूम्रपान नहीं करती हैं।

यही नहीं कभी-कभी तो मौखिक तंबाकू और धूम्रपान दोनों करने के कारण उस व्यक्ति को मुख का कैंसर और हृदयाघात दोनों एक साथ हो सकते हैं। मुंह वाणी अन्न का घर है तंबाकूखाना नहीं, गिरा अमृत की जगह है, जहर का ठिकाना नहीं। दिन भर निरंतर बीड़ी पीने के कारण किसी किसी को एक साथ दो जगह, दो अंगों में कैंसर हो सकता है। इसे कहते हैं तंबाकू की दोहरी मार। इतनी खतरनाक हो सकती है तंबाकू और धूम्रपान। किशोरों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि बच्चे हमारे देवदूत होते है, इन्हें जागरूक करना चाहिए। साथ ही स्कूल में स्वास्थ्य व्याख्यान का आयोजन/माता-पिता द्वारा अच्छे संस्कार देना/समाज के संभ्रांत और शीर्षस्थ लोगों द्वारा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना न कि उसका प्रचार -प्रसार करना/टेलीविजन पर विमर्श/सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध, स्वयं बच्चों द्वारा इसकी मांग। तंबाकू से पर्यावरण-प्रदूषणः छोटी-छोटी प्लास्टिक की थेलियों का निस्तारण, जगह-जगह थूक, लार और खखार का घिनौना दृश्य, उससे उत्पन्न संक्रमण का भय। एक ही हुक्के से कई लोगों द्वारा धूम्रपान से एक दूसरे को टीबी जैसे संक्रामक रोगों का आदान-प्रदान।

आप जब धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो आपकी अपनी संतति विशेषतः पुत्र को अपरोक्ष रूप से इन आदतों के लिए प्रेरित करते हैं। आप कितना भी न चाहें, उन्हें मना करें 100 में से 70 प्रतिशत बच्चे आपकी इन विषमय आदतों के जाल में फंस जाते हैं और अनेक प्रकार की मारक बीमारियों का छोटी उम्र में शिकार होते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दे। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

संक्षेप में तंबाकू, धूम्रपान, गुटखे और वेपिंग से उत्पन्न बहुतेरी महामारियों की विनाशलीला को देखते हुए हम सबका यह परम कर्तव्य बनता है कि हम इन समस्त हानिकारक पदार्थों से कोसों दूर रहें ताकि हमारे किशोर इसके चंगुल में न फंस सके। यह जिम्मेदारी समाज के शीर्ष और श्रीमंत कहे जाने वाले लोगों पर और अधिक बनती है कि वे ऐसे आदर्श कदापि न प्रस्तुत करें, जो किसी भी प्रकार तंबाकू-धूम्रपान की विनाशकारी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती हो। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी की हमें तंबाकू मुक्त धरा के लिए हम सबको 'हर पल हर क्षण, तंबाकू विरुद्ध रण' करना पड़ेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### मारपीट कर युवक को किया घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला कोट दरबार निवासी शाहरुख पुत्र मुर्सरत निवासी युवक का आरोप है कि मोहल्ले के ही एक युवक ने फोन कर शुक्रवार की देर रात नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल के पास बुलाया और एक कमेंट को लेकर अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया। अन्य दो युवकों को आता देखकर युवक धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी वरुण कुमार ने बताया तहरीर के आधार पर नगर निवासी माज पुत्र इरफान वह दो अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### महिला को ईंट मार कर किया घायल

**रहरा, अमृत विचार :** संभल जनपद के कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव नारंगपुर निवासी महिला कामिनी अपने पति हरीश कुमार शर्मा के साथ रहरा थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह में दावत खाने जा रहे थे। दोपहर में गांव निवासी गौरवने चलती बाइक पर ईंट मार दी जिससे कामिनी के सिर में खुली गंभीर चोट आई है। थाना अध्यक्ष कुमरेश त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर निकाली रैली

## मिनी स्टेडियम से निकाली बाइक रैली में बड़ी संख्या में युवा शामिल, लोकमाता के लगाए जयकारे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


बाइक रैली में शामिल जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी व बड़ी संख्या में युवा।

- भारत की विरासत और शक्ति को समृद्ध करने में लोकमाता का बड़ा योगदान : सुरमित कुमार

**अमृत विचार :** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर ऐतिहासिक उत्साह देखने को मिला। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने शहर की सड़कों पर बाइक रैली निकालकर माता के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया।

रविवार को अहिल्याबाई होलकर की जयंती वर्ष के समापन कार्यक्रम पर शहर के मिनी स्टेडियम से बाइक रैली निकाली। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर की अगुवाई में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा एकत्रित हुए। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर व भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने बाइक रैली में प्रतिभाग किया। रैली मिनी स्टेडियम से शरू होकर आजाद रोड, बिजनौर रोड से होते हुए पूरे शहर में निकाली गई। इस दौरान युवा बाइक रैली में नारे लगाते रहे। रैली में देशभक्ति और लोकनायिका के जयघोष गूंजते रहे, जिससे माहौल गौरवमयी हो गया। ललित तंवर ने कहा कि अहिल्याबाई भारतीय इतिहास की वह प्रेरणास्त्रोत हैं, जिन्होंने शासन, सेवा और संस्कृति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। लोकमाता सक्षम तीरंदाज थीं। उन्होंने ही मालवा आर्मी में महिलाओं की अलग इकाई स्थापित की। लोकमाता ने यह सुनिश्चित किया कि महिलाएं सेना का हिस्सा बनें।

**हसनपुर:** भारतीय जनता पार्टी विधि प्रकोष्ठ अमरोहा के द्वारा तहसील परिसर में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जयंती त्रिशताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुरमित कुमार गुप्त एडवोकेट ने कहा आज ही के दिन 1725 में अहिल्याबाई का जन्म महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में हुआ था। एक दूरदर्शी प्रशासक के रूप में अहिल्याबाई ने भूमि राजस्व प्रबंधन की प्रक्रिया सरल बनाई। उनका प्रशासन निष्पक्षता, न्याय और अपनी प्रजा के प्रति कर्तव्य की गहरी भावना की मिसाल था। ऐसे समय में जब महिलाओं की आवाज अक्सर दबा दी जाती थी, उन्होंने उनके अधिकारों की वकालत की और उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए रास्ते बनाने की दिशा में काम किया।

जयकुमार राणा ने कहा भारत की विरासत, संस्कृति और शक्ति को समृद्ध करने में अहिल्याबाई जैसा दूसरा उदाहरण नहीं है। अध्यक्षता बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ऋषि पाल सिंह चौहान ने की संचालन कार्यक्रम संयोजक संजय सिंह चौहान डगरपुरी ने किया। कार्यक्रम बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष फतेह सिंह एडवोकेट के चैंबर में हुआ। मुख्य रूप से एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शिवचरन सिंह, दिनेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुबोध शर्मा, अरविंद शर्मा, विनोद त्यागी, संजय भड़ाना, देशराज सिंह ऋषिपाल सिंह, सत्य प्रकाश सैनी, गौरव भारती, कौशिक कुमार ,भरत सिंह, संजीव कुमार, नंदराम सिंह सागर, देशराज चौहान,अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सीएचसी में ली गई शपथ

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नगर स्थित सीएससी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शपथ ग्रहण कर तंबाकू का प्रयोग न करने की शपथ ली और जनता को जागरूक करने का भी संकल्प लिया।

शनिवार को नगर स्थित सीएचसी में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. धुर्वेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शपथ ली। इप्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सिगरेट और तंबाकू उत्पाद का सेवन शरीर एवं स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक है। सिगरेट और तंबाकू उत्पाद के सेवन से हमारा शरीर, कैंसर, टीबी, दिल संबंधी बीमारियां, स्ट्रोक व सांस की बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट अनुसार सिगरेट और तंबाकू उत्पादों के सेवन से भारत में हर साल लगभग 13.5 लाख मौतें हो जाती हैं। इसी के साथ उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों से आग्रह किया कि वह जनता को भी तंबाकू का सेवन न करने के लिए जागरूक करें। इस मौके पर डॉ प्रियंका सिंह,डॉ अंजू, डॉ हुमेरा, मनोज जोशी सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पत्नी को जलाकर हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

- पांच रिश्तेदारों को दहेज उत्पीड़न का दोषी मानते हुए दो-दो साल की सजा सुनाई

**अमृत विचारः** पत्नी को आग के हवाले करने के मामले में अदालत ने पति को दोषी मानते हुए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही अन्य पांच रिश्तेदारों को दहेज उत्पीड़न का दोषी मानते हुए उन्हें भी दो दो साल की सजा सुनाई गई है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव कटाई के किसान नरेश कुमार ने अपनी बेटी अनीता की शादी मई 2014 को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अव्वलपुर निवासी चमन सिंह के साथ की थी। ससुराल पक्ष के लोग अनीता को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसी बीच 23 फरवरी 2019 को मिट्टी का तेल उड़ेलकर अनीता को आग के हवाले कर दिया गया था। 25 फरवरी की रात में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई थी। नरेश ने दामाद चमन सिंह, जेठ मनोहरी लाल, भोजराज, जिठानी सोमवती, ससुर रघुवीर सिंह, सास रामेश्वरी, ननद दीक्षा व बहनोई शंकर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दामाद चमन सिंह, भोजराज सिंह, सोमवती, शंकर, रामेश्वरी देवी व रघुवीर के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित प्रथम ईश्वर सिंह की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी की पैरवी मजबूत रही। शनिवार को पति चमन सिंह को दहेज हत्या का दोषी करार देते हुए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही भोजराज सिंह, सोमवती, शंकर सिंह, रामेश्वरी देवी, रघुवीर सिंह को दहेज प्रताड़ना के मामले में दोषी करार दिया। उन्हें भी दो दो साल की सजा सुनाई गई। सभी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 12 साल की सजा

किशोरी को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 12 साल की सजा सुनाई। साथ ही 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव की ग्रामीण 6 दिसंबर 2021 को पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गया हुआ था। घर में उनकी 17 वर्षीय बेटी अकेली थी। पड़ोस के गांव ख्यालीपुर का रहने वाला संगीत किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया और दुष्कर्म किया था। करीब एक महीने बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम हेमलता त्यागी की कोर्ट में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी की रही। शनिवार को पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने संगीत को दोषी करार देते हुए उसे 12 साल जेल की सजा सुनाई। उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# जर्जर सड़क पर गड्ढों में भरा पानी, लोगों को हो रही परेशानी

संवाददाता गजरौला


जर्जर सड़क पर जलभराव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जर्जर सड़क पर जलभराव की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पैदल निकलना तक मुश्किल हो रहा है।

गजरौला में कई सड़कें खराब हालत में हैं। आजानगर से ललिता देवी मंदिर की तरफ जाने वाली सड़क की हालत जर्जर है। सड़क में कई जगह गहरे गड्ढे हैं। इन गड्ढों में जलभराव की वजह से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पानी में गिरकर बाइक सवार अक्सर चोटिल हो जाते हैं। गजरौला से सटे कई गांवों को जाने वाली सड़कों का यह मुख्य रास्ता है। ईओ चंद्रकांता ने सड़क की मरम्मत जल्द ही किए जाने की बात कही।

**दो दर्जन से अधिक गांवों के रास्तों को जोड़ती है सड़क :** यह सड़क गजरौला से सटे सलेमपुर गोंसाई, खेड़की, ढकिया, मझौला, बवनपुरा, भारापुर समेत दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ती है। इसके अलावा इस सड़क से लोग बदायूं-बिजनौर स्टेट हाईवे पर भी जाते हैं।

### गड्ढों की वजह से रोजाना गिरते हैं बाइक सवार

सड़क पर गड्ढों की वजह से वहां से गुजरने वाले बाइक सवार रोजाना गिरते हैं। कई बार ई-रिक्शा भी पलट चुके हैं। दरअसल सड़क के किनारे से गुजर रही नाली भी क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिससे पानी सड़क के गड्ढों में भर जाता है। गंदे पानी से पनपने वाले मच्छर लोगों को घरों में दस्तक देकर संक्रामक रोगों को बढ़ावा दे रहे हैं।

# युवती ने घर में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**गजरौला, अमृत विचार :** शहर के एक मोहल्ला निवासी युवती नोएडा में नौकरी करती थी। फिलहाल वह कोई परीक्षा देने के लिए अपने घर आई हुई थी। शनिवार को युवती की मां अपनी बहन के घर गई थीं जबकि चालक पिता ट्रक लेकर बाहर गए हुए थे।

सुबह के वक्त घर में युवती व उसका सात वर्षीय छोटा भाई ही था। इसी दौरान युवती किसी से फोन पर वीडियो कॉल कर रही थी। दूसरी ओर से बात कर रहे व्यक्ति से उसका झगड़ा हुआ था। गुस्साई युवती ने घर में ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। भाई ने शोर मचा दिया तो आसपास के लोग आ गए। युवती के परिजन घर वापस आ पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने कहा कि तहरीर मिलने की स्थिति में मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# आज पांच केंद्रों पर होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती

**अमृत विचार :** जिले में रविवार को पांच केंद्रों पर बीएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। 2269 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।कई अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा के दौरान शहर में कार सहित भारी वाहनों की नो एंट्री रहेगी।

बीएड की प्रवेश परीक्षा इस बार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा कराई जा रही है। परीक्षा रविवार को आयोजित की जाएगी। जिले मेंजेएसएस डिग्री कॉलेज के ब्लॉक-ए में 500, ब्लॉक-बी में 450, जेएसएच इंटर कॉलेज में 450, राजकीय इंटर कॉलेज में 419 व आईएम इंटर कॉलेज में 450 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली का आयोजन सुबह नौ बजे से 12 बजे तक व दूसरी पाली दोपहर दो बजे से पांच बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के लिए हर केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा दो-दो पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, ब्लूटुथ आदि ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। केंद्र से 200 मीटर की परिधि में फोटोकॉपी की दुकानें, साइबर कैफे आदि बंद रहेंगे। परीक्षा की व्यवस्थाओं को लेकर डीएम भी सभी संबंधित अफसरों की बैठक ले चुकी हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी केंद्र पर अव्यवस्था नहीं होना चाहिए।

# नैक ए ग्रेड यूनिवर्सिटी का कमाल बिना प्रश्न हल किए दे दिए नंबर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अमरोहा के अब्दुल रज्जाक लॉ कालेज के छात्र ने परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में की शिकायत
- आरटीआई में पुनर्मूल्यांकन के दौरान सामने आया मामला, जांच का दिया आश्वासन

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला है अब्दुल रज्जाक लॉ कालेज का। एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के छात्र को उस प्रश्न के भी अंक दे दिए जिसे उसने हल ही नहीं किया था। छात्र ने कम अंक आने पर पुनर्मूल्यांकन के बाद आरटीआई में अपनी कॉपी देखी तो वह दंग रह गया। छात्र की लिखित शिकायत के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने जांच कराने का आश्वासन दिया है।

अमरोहा के अब्दुल रज्जाक लॉ कॉलेज में एलएलबी के छात्र ने आरोप लगाते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में शिकायत दर्ज करवाई है। छात्र के अनुसार, उसने प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में प्रश्न संख्या आठ हल नहीं किया था। इसके बावजूद उसे अंक दे दिए गए। छात्र ने बताया कि उसने उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन नहीं होने को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में पहुंचने पर तैनात कर्मियों ने बताया कि ऑनलाइन कापियां जांचने के दौरान उत्तर पुस्तिकाओं में कोई लिखित मूल्यांकन नहीं होता है, जबकि नंबरों को ऑनलाइन ही अपलोड किया जाता है, लेकिन जब पुनर्मूल्यांकन के बाद आरटीआई के तहत कापी में द्वितीय खंड के प्रश्न आठ के सामने पूर्णांक के 15 और प्राप्तांक 7 लिखा मिला, तो वह हैरान रह गया, जबकि प्रश्न संख्या आठ उसने हल ही नहीं किया था। रुविवि के परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने मामले पर संज्ञान लेते हुए जांच की बात कही है।

# महिला से छेड़छाड़ व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और जातिसूचक गाली-गलौज के मामले पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी शशिबाला आंगनवाड़ी कार्यकर्ता है। 20 अक्टूबर 2024 को दवा लेकर लौटते समय रुद्रपुर निवासी रविंद्र, मोमराज, सुनील, तुलसी और 20 अज्ञात व्यक्तियों ने रोक लिया। उन्होंने शशिबाला को लाठी-डंडों से पीटा, जातिसूचक गालियां दीं और कपड़े फाड़ दिए। बचाने आए उनके परिचित गुलाब सिंह को भी पीटा गया। पीड़िता ने छेड़छाड़ का आरोप भी लगाया है।पीड़िता ने बताया कि हमलावर उसे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस से कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

# अहिल्याबाई होल्कर द्वार का लोकार्पण


कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता गजरौला

- मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा की निधि से हुआ निर्माण

**अमृत विचार :** लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा ने अपनी निधि से कुमराला पुलिस चौकी के पास निर्मित माता अहिल्याबाई होल्कर द्वार का लोकार्पण किया। कार्यक्रम स्थल से यात्रा भी निकाली गई।

पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने अहिल्याबाई होल्कर को वह सम्मान दिया है, जिसकी वह वास्तव में हकदार थीं। सैदनगली चेयरपर्सन अनुकृति चौधरी ने लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की नीतियों को अपनाने पर जोर दिया। भाजपा नेता अभिनव कौशिक, कार्यक्रम संयोजक युवा नेता अंकुश पाल, पाल सभा के जिलाध्यक्ष मदनपाल सिंह, महेंद्र सिंह प्रजापति, सुनील गुप्ता, सत्यपाल पाल, अमर सिंह पाल, मुन्नू पाल, बंटी पाल, सूरजपाल, सोनू पाल, परमू सिंह पाल, चंद्रपाल पाल, योगेश कुमार, देवेंद्र, प्रमोद, अरविंद, निहार त्यागी, अमन अग्रवाल, सुशील मौर्य, मनमोहन सेन आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### भाकियू बीआरएसएस की बैठक में बिजली को लेकर नाराजगी



**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को नगर के संभल अड्डे के पास स्थित रिहान चौधरी के आवास पर भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस की बैठक की अध्यक्षता शिवनारायण सैनी ने तथा संचालन जिला अध्यक्ष दीपक गुर्जर ने किया। किसान नेताओं ने कहा की विद्युत विभाग द्वारा समय से आपूर्ति न दिए जाने के कारण किसानों को काफी परेशानी हो रही है। जिला अध्यक्ष दीपक गुर्जर ने रिहान चौधरी को छात्र सभा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया। कावेंद्र चौधरी,मिंकु चौधरी, दीपक गुर्जर,शिवनारायण सैनी, रिजवान सैफी,अर्जुन सिंह,मेहंदी हसन,ऋषि पाल सिंह सहित काफी संख्या किसान मौजूद रहे।

### मिड टाउन क्लब ने कॉलेज को दान किए 10 पंखे




**हसनपुर, अमृत विचार :** शनिवार को नगर के पुरुषोत्तम शरण राममूर्ति सरस्वती कन्या इंटर कॉलेज में समाजसेवी संस्था मिड टाउन क्लब हसनपुर की ओर से 10 सीलिंग फैंस उपलब्ध कराए गए। क्लब सदस्य अधिवक्ता सतीश चंद्र अग्रवाल ने बच्चों को एकाग्र होकर पढ़ने व लक्ष्यों को जीवन में मेहनत के बल पर हासिल करने पर विशेष ज़ोर दिया। चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन हसनपुर के निदेशक पुनीत कुमार अग्रवाल ने बच्चों को समय का सदुपयोग कर अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। क्लब अध्यक्ष निरंजन कुमार अग्रवाल ने आगे भी यथासंभव सहायता करने का आश्वासन दिया। सचिव महेंद्र चावला, शरद मिश्रा,महेश रस्तोगी,राजीव कुमार अग्रवाल,मनोज कुमार अग्रवाल, धर्म प्रकाश अग्रवाल,डॉ भरतवीर,त्रिभुवन रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

### विद्यालय में समर कैंप का हुआ समापन




**हसनपुर,अमृत विचार :** शनिवार को नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल के प्रांगण में आयोजित समर कैंप का समापन हुआ। समर कैंप के समापन के अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा बच्चों को आइसक्रीम, फ्रूटी एवं बिस्कुट आदि का वितरण भी किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना,अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा,प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप,अंशु त्यागी,अनुराधा, भावना सक्सेना,चरन सिंह, खुशबू शर्मा,लक्ष्मी रस्तोगी, नीलम सक्सेना, अतुल माथुर,सीमा वर्मा,रवि वर्मा सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु



**हसनपुर,अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम अगरौला कला गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास सतकाम कृष्णा जी ग़ौर महाराज द्वारा कंस वध की कथा सुनाई। कथा व्यास ने कहा कि कृष्ण को मारने के लिए कंस ने तमाम असुरों को भेजा, लेकिन वे असफल रहे। योजना के तहत नंदबाबा तथा गोकुलवासियों को कंस निमंत्रण भेजता है। कथा व्यास ने कहा कि श्री कृष्ण ने कंस वध कर मानवता का कल्याण किया और अपनी मां देवकी तथा पिता वासुदेव को कारागार से मुक्त कराते हैं। काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई



**गजरौला, अमृत विचार :** पाल समाज के लोगों ने लोकमाता पुण्यश्लोक रानी अहिल्यादेवी होल्कर की 300वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। कहा कि उनकी विरासत आज भी नारी सशक्तिकरण और कुशल शासन का प्रतीक है। इस दौरान पाल समाज में अलग-अलग क्षेत्रों में कुशल कार्य कर रहे लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ अनुकृति चौधरी, जिला महामंत्री भाजपा अभिनव कौशिक,विधायक राजीव तरारा, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा अमरोहा मदन सिंह पाल, पाल महासभा संरक्षक भगवत सिंह पाल,सभासद राजपाल सिंह पाल,अंकुश पाल,वंश शर्मा,परम सिंह पाल, देवेन्द्र सिंह पाल, अमर सिंह पाल,सत्यपल सिंह पाल,पूर्व सभासद चंद्रपाल सिंह पाल,चंद्रभान सिंह पाल,सभासद पुष्पा देवी,रवि पाल उर्फ पिंकू, लक्की पाल,बिपिन पाल,सतवीर सिंह,सुशील सिंह,वंशिका पाल प्राची पाल एवं मातृशक्ति व पाल समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच की बैठक आयोजित

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शनिवार को क्षेत्र के गांव नसीरपुर में प्रधान रामगोपाल सैनी के आवास पर महात्मा ज्योतिबा फुले विचार मंच की बैठक का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि कुछ सामाजिक संगठनों द्वारा फूले दंपति पर बनी फिल्म के विरोध में ओछी मानसिकता का परिचय दिया जा रहा है। कुछ संगठन द्वारा सड़कों पर कानून को धता बताकर हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं उन्हें कानून की हद में रहकर विरोध प्रदर्शन करना चाहिए। अन्यथा ओबीसी,एससीएटी समाज सेवा के संगठन उन्हें सड़कों पर ही कानून का पाठ सिखा देंगे। उन्होंने जनपद का नाम पुन: ज्योतिबा फुले नगर करने की मांग की। मुंशी राम सैनी, जगराम सैनी, चंद्र प्रकाश सैनी, जगदीश सैनी, राजू सैनी ,रामचंद्र सैनी, कृपाल सैनी ,कल्याण सैनी व सविता सैनी सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### शिक्षामित्र की हार्ट अटैक से मौत



**हसनपुर, अमृत विचार :** शिक्षामित्र की हार्ट अटैक से मौत हो गई। शिक्षामित्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव मेहरपुर गुर्जर निवासी 35 वर्षीय बृजेश पुत्र जगमाल सिंह पड़ोसी गांव महमूदाबाद के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा मित्र था। शुक्रवार रात डेढ़ बजे बृजेश घर पर सो रहा था। इस दौरान अचानक उनके सीने में दर्द होने लगा। परिजन मेरठ ले जा रहे थे रास्ते में ही गढ़मुक्तेश्वर में शिक्षामित्र की मौत हो गई। शिक्षामित्र बृजेश अपने पीछे चार बेटियां और पत्नी प्रीति को रोते-बिलखते छोड़ गया है। शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों को लगी तो उनमें शोक की लहर दौड़ गई। दिन निकलते ही भारी संख्या में शिक्षक,शिक्षा मित्र एवं ग्रामीण मृतक के घर पर पहुंच गये।

### विद्यालय में हुआ समर कैंप का आयोजन

**रहरा,अमृत विचार :** शनिवार को चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज देहरा में शौर्य तिरंगा यात्रा के साथ समर कैंप का आयोजन किया गया। आरंभ त्रिवेणी शुगर मिल के उपाध्यक्ष शुगर आमोद कुमार शर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रमोद त्यागी ने फीता काट कर किया ।बच्चों को खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। रामकिशोर सिंह, वीरेंद्र सिंह,राजेश चंद त्यागी, दीपक त्यागी,श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, भास्कर राणा, मुनीम कुमार, श्रीमती रश्मि रानी आदि उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के दो दोषियों को सुनाई सजा, जुर्माना लगाया

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गैंगस्टर एक्ट के दोषी को 3 वर्ष 10 माह का कारावास व 5 हजार रुपये अर्थ दंडित किया है। एक अन्य दोषी को 2 वर्ष का कठोर कारावास दिया।

एसपीओ धनंजय पांडेय ने बताया नीटू निवासी पाडली थाना आदमपुर जनपद अमरोहा पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। उस पर आरोप था कि वह संगठित गिरोह बनाकर अवैध रूप से आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने को लूट जैसे जघन्य अपराध करता है। जिससे समाज में भय व आक्रोश उत्पन्न होता है। न्यायालय ने आरोपी पर दोष सिद्ध होने पर 3 वर्ष 10 माह का कारावास व 5 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

वहीं बाबू उर्फ सरफराज उर्फ सरताज निवासी कागजी हाल निवासी मुगल गार्डन मसूरी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद संगठित गिरोह बनाकर नकबजनी, चोरी आदि अपराध करता था। जिससे जनता अपने व अपने माल, वस्तु, वाहन को असुरक्षित महसूस करते हैं। न्यायालय एडीजे ने दोषी को 2 वर्ष का कठोर कारावास व 5 हजार रुपये अर्थ दंड से दंडित किया है।

## दीदी की दुकान प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया

**गजरौला, अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने के लिए जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा बी-एबल फाउंडेशन के सहयोग से संचालित दीदी की दुकान प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। शनिवार को गजरौला में ग्रामीण समृद्धि केंद्र पर दीदी की दुकान प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी साजिद पाशा ने बताया कि जेबीएफ के सहयोग से क्षेत्र में 60 दीदी की दुकानें संचालित की जा रही हैं। जल्द ही इनकी संख्या बढ़कर सौ हो जाएगी। एडीओ संजीव कुमार ने महिलाओं को बचत करने के प्रति जागरूक किया और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षि, सीएसआर कार्यक्रम अधिकारी गौरव विशाल ने भी संबोधित किया। महिलाओं ने बताया कि दीदी की दुकान खोलने के बाद से उनके जीवन में कई परिवर्तन आए हैं। वे माह में 10 से 35 हजार रुपये तक कमा रही हैं। हिमांशु शर्मा, सरिता, ज्योति देवी, गुड्डी रानी, काजल, संतोष. मजली, नीतू शर्मा, सुमन, सुरभि, मीना, शशि रानी, रूबी गोस्वामी, सुमन एवं रश्मि को टेबल फैन दिए गए।

# तंबाकू निषेध दिवस पर किया जागरूक

## समिति ने मनाई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती, तंबाकू के खतरे बताए

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान ने किया आयोजन

**अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अलावा विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन बड़ा महादेव पर किया गया।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य की मराठा व मुस्लिम शासकों से रक्षा करते हुए प्रजा को न्याय प्रदान किया। 100 से ज्यादा मंदिरों का निर्माण कराने के साथ तीर्थ स्थलों पर धर्मशालाएं, कुंआ, बावड़ी, घाट तथा विकास के लिए सड़कें बनवाई। गरीबों को अन्न क्षेत्र खोले। समिति की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस भी मनाया गया। कहा कि तंबाकू से निर्मित गुटखा, सिगरेट, बीडी, खैनी से मुख के कैंसर, फेफड़े का कैंसर, न्यूरोलाजिकल बीमारी, लीवर से लेकर कई प्रकार का कैंसर होता ही है। सेहत के लिए खतरनाक अन्य चीजों पर भी चर्चा की गई। विनोद कुमार विन्नी, दिनेश चंद्र गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, देवेंद्र प्रसाद शर्मा, रामकिशोर अग्रवाल, अनिल कुमार शर्मा, योगेश कुमार, दुर्गेश कुमार गुप्ता, एनके शर्मा, गेंदन लाल, वेदराम मौर्य आदि मौजूद रहे।



देवी अहिल्याबाई के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते लोग। • अमृत विचार

## सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**बहजोई, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300 वीं जयंती मनाई। कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर ने अपने राज्य में बहुत से परोपकार के कार्य किए। महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया। प्रदेश सचिव संगीता पाल कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर ने आपने राज्य में मन्दिर एवं घाटों का निर्माण कार्य कराया। जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, उमेश यादव, सद्दाम कुरेशी, अशोक राणा, चेतन गुप्ता, अमित प्रजापति, राम निवास दिवाकर, सुभाष पाल, कमल शर्मा, राहुल गुप्ता, अशोक गुप्ता, सूरज यादव, मनोज शर्मा, सत्यवीर सिंह यादव, लवकुमार यादव आदि मौजूद।

## खाते से चार्ज काटने पर बैंक पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

**बहजोई, अमृत विचार :** उपभोक्ता के खाते से 5900 रुपए ईएम चार्ज काटने को गलत बताते हुए उपभोक्ता आयोग ने भारतीय स्टेट बैंक को 5900 वापस करने के साथ 10 हजार जुर्माना लगाया।

बहजोई निवासी हृदेश अग्रवाल का भारतीय स्टेट बैंक शाखा बहजोई में एक केसीसी खाता है। बैंक ने खाते से ईएम चार्ज 5900 रुपए की कटौती कर ली जिसकी शिकायत उन्होंने बैंक प्रबंधक से की। बताया कि उत्तर प्रदेश में केसीसी खाते से ईएम चार्ज नहीं लिया जा सकता। उन्होंने अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय के जरिये जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। बैंक की ओर से कोई भी पक्ष रखने नहीं आया तो आयोग ने एक पक्षीय कार्रवाई करते हुए बैंक को परिवादी के खाते से काटी गई धनराशि के दिन से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित उसके खाते में दो माह अंतरित जमा करने, 5000 रुपए आर्थिक हानि व मानसिक कष्ट के मद में तथा 5000 रुपये वाद व्यय के मद में भी अदा करने के आदेश पारित किये।

## सीओ ने पुलिस फोर्स के साथ नगर में की पैदल गश्त

**चांदपुर, अमृत विचार :** बकरीद के मद्देनजर शनिवार की शाम पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने संयुक्त पैदल मार्च निकाला। पुलिस क्षेत्राधिकारी चांदपुर देश दीपक सिंह के नेतृत्व में यह मार्च थाना कोतवाली चांदपुर से शुरू हुआ।सुरक्षा बलों ने नहटौर चौक, हल्दौर चौक, शिवलोक कालोनी और सरगम सिनेमा से होते हुए गश्त की। मार्च सातों ईमली तिराहा, बाजार बजरिया और जामा मस्जिद चौक तक पहुंचा।

इसके बाद कटकुई, मोहल्ला सराय रफी, अम्बेडकर चौक और फीना तिराहा होते हुए चरण सिंह चौक तक गया। अंत में कराल फाटक और बाइपास रोड से होते हुए कोतवाली पर लौटा। इस दौरान थाना प्रभारी संजय कुमार तोमर, आरएएफ के सहायक कमांडेंट सतवीर सिंह और कस्बा इंचार्ज अजीत कुमार भी मौजूद रहे।


### पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना स० सी/434/एटीवीएम स्थापना/1/1/25
(यह आवेदन पत्र नौकरी के लिये नहीं है।)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा मण्डल के अन्तर्गत 24 रेलवे स्टेशनों के 24 एटीवीएम फैसिलिटेटर की नियुक्ति हेतु कमीशन के आधार पर निम्नलिखित स्टेशनो पर एक-एक फैसिलिटेटर का चयन दिनाँक 31.03.2026 तक किये जाने हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र सं. | एटीवीएम फैसिलिटेटर की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले स्टेशन के नाम | ए0टी0वी0एम0 कार्य की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | हल्द्वानी | 31.03.2026 |
| 2 | रुद्रपुर सिटी | 31.03.2026 |
| 3 | बाजपुर | 31.03.2026 |
| 4 | रोशनपुर | 31.03.2026 |
| 5 | रामनगर | 31.03.2026 |
| 6 | किच्छा | 31.03.2026 |
| 7 | भोजीपुरा | 31.03.2026 |
| 8 | बहेड़ी | 31.03.2026 |
| 9 | बीसलपुर | 31.03.2026 |
| 10 | टनकपुर | 31.03.2026 |
| 11 | बरेली सिटी | 31.03.2026 |
| 12 | उझानी | 31.03.2026 |
| 13 | कासगंज | 31.03.2026 |
| 14 | सिकन्दरा राव | 31.03.2026 |
| 15 | मथुरा छावनी | 31.03.2026 |
| 16 | सहावर टाउन | 31.03.2026 |
| 17 | गंजडुण्डवारा | 31.03.2026 |
| 18 | कायमगंज | 31.03.2026 |
| 19 | फर्रुखाबाद | 31.03.2026 |
| 20 | कमालगंज | 31.03.2026 |
| 21 | कन्नौज | 31.03.2026 |
| 22 | बर्राजपुर | 31.03.2026 |
| 23 | बिल्हौर | 31.03.2026 |
| 24 | रावतपुर | 31.03.2026 |

आवेदन पत्र मूल्य जीएसटी सहित (रुपये में) Rs 1,180/- सेवानिवृत्ति रेल कर्मचारी/कर्मचारी का व्यस्क पुत्र/कर्मचारी की पत्नी को छोड़कर केवल सामान्य नागरिको के लिये आवेदन पत्र मूल्य देय है। आवेदन प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समयः मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य/इज्जतनगर कार्यालय से कार्य दिवस में प्रकाशन तिथि से दिनांक 19.06.2025 तक समय 10.00 बजे से 16.00 बजे तक। आवेदन प्रपत्र आवेदन बाक्स में डालने की तिथि एवं समयः दिनांक 19.06.2025 से दिनांक 20.06.2025 तक समय 15.00 बजे तक। आवेदन खुलने की तिथि एंव समयः दिनांक 20.06.2025 को 15.30 बजे।
आवेदन डालने एवं खोले जाने की तिथि को किसी कारणवश यदि कार्यालय बन्द रहता है तो आवेदन उसके अगले कार्य दिवस में डाली/खोली जायेगी। आवेदन पत्र अधिसचूना की पात्रता, नियम एंव शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे की बेवसाइट **www.ner.indianrailways.gov.in** पर देखा जा सकता है एवं डाउनलोड किया जा सकता हैं या मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र के मूल्य रूपये Rs. 1,180/- (One Thousand one hundred Eighty Rupees) के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे के पक्ष में जारी हो एवं बरेली में देय हो आवेदको को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने होगे। बिना आवेदन प्रपत्र शुल्क के आवेदन पत्र को वैद्य नही मानते हुए विचार नही किया जायेगा। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों को न तो स्वीकार किया जायेगा न ही विचार किया जायेगा। किसी भी आवेदन या समस्त स्टेशन एटीवीएम फैसिलिटेटर की नियुक्ति की प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये रद्द एवं अस्वीकार करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित होगा। यह आवेदन रेलवे में नौकरी के लिये नही है।

मंडल वणिज्य प्रबन्धक
मुजाधि/वाणिज्य-54 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



कार्यालय,
अधिशासी अभियन्ता,
भूगर्भ जल विभाग,खण्ड-मुरादाबाद,
बी-161/4, जिगर विहार कालोनी,
सिविल लाइन, मुरादाबाद।

पत्रॉकः- 97/भू0ज0वि0खं0 मुरा0/अक्रियाशील पीजो0/2025-26/ मुरादाबाद/दिनांकः 26/05/2025

ऑफलाईन टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की
अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या : 02/PZ/MBD/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश की ओर से अद्योहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑफलाईन टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक 13.06.2025 के पूर्वान्ह 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड उसी दिनांक 13.06.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग,खण्ड-मुरादाबाद,बी-161/4, जिगर विहार कालोनी,सिविल लाइन, मुरादाबाद में गठित कमेटी द्वारा ऑफलाईन खोली जाएगी एवं प्री-क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदाताओं की प्राइस बिड/फाइनेंशियल बिड उसी दिनांक 13.06.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे खोली जायेगी। निविदा/बिड दिनांक 02.06.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 13.06.2025 के पूर्वान्ह 11:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की स्थिति में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय पर खोली जाएगी।

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू में) (जी0एस0टी0 सहित) | कार्य पूर्ण करने का समय | धरोहर धनराशि (रु0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) (जी0एस0टी0 सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 02/PZ/MBD/2025-26 | खण्ड के अन्तर्गत जनपद-मुरादाबाद में कुल 06 नं0 अक्रियाशील पीजोमीटर के स्थान पर नये पीजोमीटर की स्थापना/निर्माण कार्य का कार्य। | 7.50 | 30 दिवस | 15,000.00 | 860.00 |

निविदा से सम्बंधित समस्त विवरण, विस्तृत नियम व शर्तें तथा बिड प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग,खण्ड-मुरादाबाद,बी-161/4, जिगर विहार कालोनी,सिविल लाइन, मुरादाबाद से प्राप्त किये जा सकते है।

UP - 234425 **दिनांकः** 30/05/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**

गणेश सिंह
अधिशासी अभियन्ता
भूगर्भ जल विभाग, खण्ड-मुरादाबाद।


## सार- संक्षेप

### वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर पकड़ा गुलदार

**बिजनौर, अमृत विचार :** जनपद बिजनौर के शेरकोट थाना क्षेत्र में गुलदार आखिरकार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। गुलदार आए दिन छुट्टा पशुओं को अपना निवाला बना रहा था और ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। वन विभाग ने चार दिन पहले ग्राम शहजादपुर में बंद पड़े एक ईंट भट्ठे के निकट पिंजरा लगाया था। शुक्रवार की रात किसी समय गुलदार पिंजरे में फंस गया जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को वीके अफजलगढ़ को दी। वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा अपनी टीम के साथ मौके पर पंहुचे और गुलदार को ले गए। उन्होंने बताया कि गुलदार नर है और उसकी उम्र लगभग चार वर्ष है। गुलदार के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे अधिकारियों के आदेश पर उनके बताए स्थान पर छोड़ा जाएगा।

### विवाहिता की मौत, ससुरालियों पर आरोप

**बिजनौर, अमृत विचार :** जनपद बिजनौर के चांदपुर थाना क्षेत्र में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुक्छे खान ने पुलिस में दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बेटी शमा की शादी 21 फरवरी 2021 को बास्टा निवासी नदीम पुत्र सरफराज के साथ की थी।शादी के बाद से ही पति नदीम व उसके परिवार वाले दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित करते रहते थे। 29 मई की सुबह मृतका की छोटी बहन ने फोन कर बताया कि उसकी बहन की हालत खराब है। जब परिजन ससुराल पहुंचे तो हालत गंभीर थी। मेरठ के अस्पताल में मौत हो गई। पिता का कहना था कि सास और ननद ने उसके हाथ-पैर पकड़े और ससुर ने जहर दे दिया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ देश दीपक सिंह उन्हें बताएं की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### विद्यार्थियों ने रैली निकाल किया नशे से दूर रहने का आह्वान



**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम इंटर कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रैली, पोस्टर मेकिंग व शपथ ग्रहण से नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों व उपस्थिति लोगों को संकल्प दिलाया गया कि स्वयं नशा नहीं करेंगे और समाज को भी इससे मुक्त करने प्रयास करेंगे। प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने कहा कि तंबाकू न केवल शरीर को नष्ट करता है, बल्कि एक पूरे परिवार को अंधकार में धकेल देता है। नशा उन्मूलन समिति के अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि तंबाकू और शराब से मुक्त राष्ट्र का विचार कोई स्वास्थ्य योजना नहीं, यह एक आध्यात्मिक पुनर्जागरण है। युवा यदि ठान ले तो समाज से नशे जैसे बुराइयों को जड़ से मिटाया जा सकता है। नशा वह आग है जिसमें इंसान जलता है और परिवार राख होता है। जयप्रकाश, अभिषेक त्यागी, शामेंद्र, कृष्ण अवतार, शिवम, संजीव आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा, लहराये झंडे



**संभल, अमृत विचार :** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने शनिवार को शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली। प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने भी हिस्सा लिया। शौर्य तिरंगा यात्रा चंदौसी चौराहा, यशोदा चौराहा, शंकर कॉलेज चौराहा, पुरानी तहसील रोड होते हुए विभिन्न मार्गों से गुजरी और स्कूल पर जाकर समाप्त हुई। शौर्य तिरंगा यात्रा में सबसे आगे वाहन पर भारतीय सेना के अधिकारियों के फोटो लगे थे। इस दौरान सुरक्षा के भी प्रबंध रहे।

### कार रोक गोली मारने के आरोपी को भेजा जेल



**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस ने युवक पर हमला कर गोली माने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव झनकपुरी में सलारपुर निवासी अभिजीत सिद्धू 28 मई को अपने भाइयों अमन और लक्की के साथ अमरोहा कचहरी से मुकदमे की तारीख से लौट रहा था। शाम 5 बजे जब वे झनकपुरी के सामने सर्विस रोड पर पहुंचे, दो गाड़ियां उनकी गाड़ी के सामने आकर रुकीं। बदमाशों ने गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। बदमाशों ने तमंचे से फायरिंग की। अभिजीत को पेट और हाथ में दो गोलियां लगीं। घायल अभिजीत को पहले सीएचसी गजरौला और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया। पीड़ित ने हिमांशु नागरे, आदित्य नागरे, गौरव नागरे और नेमपाल पर हमले का आरोप लगाया। रजबपुर थाना पुलिस ने शनिवार को निपनिया निवासी हिमांशु उर्फ सौरव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक कारतूस बरामद हुआ है।

### राजस्थान से किशोरी पहुंची प्रेमी के घर, पुलिस ने की बरामद

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** इंस्टाग्राम पर प्यार के चलते राजस्थान की किशोरी कैला देवी थाना क्षेत्र में प्रेमी के घर पहुंच गई। राजस्थान पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया लेकिन युवक नहीं मिला। पुलिस ने युवक के पिता को हिरासत में ले लिया। कैला देवी थाना क्षेत्र में पुलिस चौकी सौंधन मोहम्मदपुर अंतर्गत एक गांव निवासी एक युवक को इंस्टाग्राम के जरिये राजस्थान की किशोरी से प्यार हो गया। छह महीने पहले प्रेमी युगल फरार हो गया। हरियाणा के किसी मंदिर में दोनों ने शादी कर ली। किशोरी के पिता ने बेटी को नाबालिग बताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कुछ महीने पहले प्रेमी जेल से छूटकर आया और दोबारा किशोरी से बातचीत करने लगा। 9 दिन पहले किशोरी प्रेमी के घर पहुंच गई। किशोरी के पिता ने संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। शनिवार को राजस्थान पुलिस कैला देवी थाने पहुंची। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया लेकिन युवक भाग गया। पुलिस युवक के पिता को हिरासत में लेकर राजस्थान लौट गई।

### बकरीद शांतिपूर्वक मनाने की अपील

**संभल, अमृत विचार :** बकरीद पर्व को लेकर शनिवार की रात संभल कोतवाली में अधिकारियों ने अमन कमेटी की बैठक में कहा कि किसी तरह की कोई नई परंपरा न डाली जाए। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, सीओ संभल आलोक भाटी, ईओ नगर पालिका डॉ .मणिभूषण तिवारी रहे। अधिकारियों ने कहा कि बकरीद को परंपरा के अनुसार ही मनाया जाए। दूसरे वर्ग के लोगों की भावनाओं का ध्यान रखा जाए। बकरीद के मौके पर किसी तरह की कोई नई परंपरा न डाली जाए। प्रशासन की ओर से बिजली, सफाई और पेयजल की समुचित व्यवस्था कराई जाएगी। कमलकांत तिवारी, नरेंद्र अग्रवाल सर्राफ, प्रवीण वर्मा गुल्लू, हाजी एहतेशाम, नाजिम सैफी, गुलजार, शाकिर, हाजी भूरा, जियाउल, रागिब आदि रहे।

### खेत में गिरे तार में करंट से सात नीलगाय की मौत

**चांदपुर, अमृत विचार :** तहसील के ग्राम शादीपुर मिलक में बलराम सिंह के खेतों परसात नीलगाय की मृत्यु हो गई। ग्राम वासियों ने बताया कि 18 अप्रैल को आंधी में बिजली के तार टूट कर गिर गए थे। ग्राम पीपलसाना बिजली घर पर जाकर अवगत कराया था लेकिन शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्हीं तारों से नीलगायों की मृत्यु हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग इन तारों को जल्द से जल्द सही कराये वरना इन तारों से कोई बड़ी घटना घट सकती है।

### किशोरी को भगा ले जाने में दो पर रिपोर्ट

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के एक गांव से 22 मई को एक किशोरी को रजपुरा थाना क्षेत्र का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अनिल और कुमरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मारपीट के मामले में वांछित दो आरोपी पकड़े

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी श्योदान पुत्र करन सिंह तथा अजय पुत्र हरिश्चंद्र पिछले दिनों हुई मारपीट के मामले में वांछित चल रहे थे। शनिवार को थाना पुलिस ने लखनपुर गांव से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।


Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
- B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
- M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
- M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
- D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
- M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड ऑडियो टूर की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए योगी सरकार एक और परियोजना शुरू करने जा रही है। इसके तहत पर्यटन विभाग 100 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर पोर्टल और सामग्री विकसित कर रहा है। पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर, जो पर्यटकों को पांच से सात मिनट की ऑडियो कहानियों के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख स्थानों की जानकारी देगा। ये ऑडियो टूर 10 क्षेत्रीय भाषाओं (हिंदी, बंगला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, अंग्रेजी, कन्नड़, ओडिया और मलयालम) तथा पांच अंतरराष्ट्रीय भाषाओं (फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन, जापानी और मंदारिन) में उपलब्ध होंगे। ये ऑडियो कहानियां ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तथ्यों को जीवंत करेंगी, जिसमें बैकग्राउंड म्यूजिक और परिवेश ध्वनियां शामिल होंगी। इस परियोजना में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम और आनंद भवन, अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि और कनक भवन, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती, आगरा के ताजमहल, मथुरा-वृंदावन के श्री कृष्ण जन्मभूमि और बांके बिहारी मंदिर और लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा जैसे प्रतिष्ठित स्थान शामिल हैं।

### इको पर्यटन की थीम पर 22 जिलों में लगेंगे साइनेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड राज्य के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का गंतव्य स्थल बनाने जा रहा है। इसके लिए लगभग 9 .72 करोड़ रुपये से 22 जिलों में साइनेज लगाए जाएंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को बताया कि इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गंतव्य स्थल के आसपास पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रहा है। बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर वाइल्डलाइफ सेंचुरी और कतर्नियाघाट वाइल्डलाइफ सेंचुरी आदि प्रमुख स्थलों पर आने के लिए लखनऊ और दिल्ली सेंटर प्वाइंट है। यहां से गंतव्य स्थलों को जाने वाले प्रमुख मार्गों पर साइनेज लगाए जाएंगे। साइनेज में नजदीकी गंतव्य स्थल की दूरी के साथ-साथ वहां के प्रमुख आकर्षणों को भी दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह दो अलग-अलग परियोजनाओं में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्ध नगर आदि जिलों में साइनेजेज लगाए जाएंगे।

# आउटसोर्स सेवा निगम बनाने में आड़े आ रहे श्रम कानून

## 60 साल में सेवानिवृत्ति तय होते ही संबंधित कार्मिक समान पद-समान वेतन के होंगे हकदार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- न्याय विभाग देख रहा कानूनी पक्ष, फिर तय होंगे नियम और अंतर्नियम

**अमृत विचार :** आउटसोर्स सेवा निगम के तय किए गए मसौदे में अब श्रम कानून आड़े आ रहा है। न्याय विभाग को आपत्ति है कि जब चयन बोर्डों के मुखिया डीएम से लेकर प्रमुख सचिव होंगे और सभी को नए मानदेय पर 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर जारी होगा तो समान पद-समान वेतन की मांग श्रम अदालतों से लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक उठेगी। ऐसे में अब न्याय विभाग कानूनी अड़चनों का समाधान करते कानूनविदों से नए नियम और अंतर्नियम तय कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले फरवरी माह के विधानसभा सत्र में आउटसोर्स कार्मिकों की पीड़ा गिनाकर उन्हें शोषण से मुक्ति दिलाने की घोषणा की थी। इसके लिए आउटसोर्स सेवा निगम बनाने का एलान करते हुए न्यूनतम वेतन, सेवा-सुरक्षा और हर माह की पांच तारीख तक कार्मिक के बैंक खाते में वेतन देने का संकल्प लिया था। किसी आउटसोर्स को नौकरी से न निकालने और 60 साल की उम्र में सरकारी कर्मचारी की भांति सेवानिवृत्ति देने जैसे एलान से लाखों कर्मचारी तीन माह से निगम के गठन का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर 25 अप्रैल को मुख्य सचिव समेत आउटसोर्स सेवा निगम का सीमा नियम (मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन) और अंतर्नियम (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) बनाने की जिम्मेदारी निभा रहे सचिवालय प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, न्याय विभाग और श्रम विभाग के एसीएस या प्रमुख सचिव के साथ बैठक की थी। इसके बाद दो कैबिनेट बैठक हो चुकी है, मगर आउटसोर्स सेवा निगम का प्रस्ताव अभी तक कानूनी जामा पहनाने के लिए सामने नहीं आ पाया है।

सूत्र बताते हैं कि कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत गैर लाभकारी उद्देश्यों वाले इस निगम के गठन समेत निदेशक मंडल तय करने के साथ उसके कार्य-अधिकार, कर्तव्य, नियमावली यानि सीमा नियम और अंतर्नियम के प्रावधान और इसी अनुरूप शासन, निदेशालय, नगर निगम, स्थानीय निकाय, सरकारी संस्थाएं, सरकार से अनुदानित संस्थाओं, मंडल और जिला स्तर बनीं समितियों के जरिए नियमानुसार चार श्रेणी के कुल 93 विभागों में नियुक्तियों के लिए तैयार मसौदा में श्रम कानून आड़े आ रहा है।

### कार्यरत 11 लाख संविदा कार्मिकों को एलआईपी देने पर पेंच

सरकारी विभागों और संस्थाओं में कार्यरत करीब 11 लाख संविदा कार्मिक कहीं 11 माह तो कहीं अधिकतम तीन साल के लिए एग्रीमेंट पर कार्यरत हैं। अब निगम सभी को नए मानदेय पर 60 साल उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर (एलआईपी) और निगम की ओर से आईडी कार्ड चयन समिति के अध्यक्ष को भेजने और उनके डिजिटल हस्ताक्षर से संबंधित कार्मिक को देने में न्याय विभाग कानून विदों से राय के बाद सहमत नहीं है। तर्क दिया जा रहा है कि आउटसोर्स एजेंसी को बाहर करते ही नए नियमों पर नियुक्त कर्मी सरकारी विभाग में स्थाई कर्मी का दावेदार तो होगा ही, वह समान पद पर समान वेतन का दावा भी श्रम न्यायालयों से लेकर हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कर सकता है।

### ऐसे सामने आ सकता नया प्रस्ताव

शासन के शीर्ष अधिकारी बताते है कि तीन पक्षीय समझौते के तहत विभाग, निगम व आउटसोर्सिंग एजेंसी के बीच समन्वित रूप से सभी प्रक्रियाएं संचालित होंगी। पारदर्शी चयन प्रक्रिया, जेम पोर्टल से एजेंसियों का चयन, मेरिट आधारित भर्ती, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग, ईपीएफ/ईएसआई की समयबद्ध जमा व निगरानी और आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित होगा। किसी भी कर्मचारी को सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा तब तक सेवा से नहीं हटाया जाए, जब तक कि सम्बंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो। प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सभी कार्मिकों के बैंक खाते में पूरा पारिश्रमिक जमा हो जाए। साथ ही, ईपीएफ व ईएसआई की राशि भी समय से जमा हो। निगम का गठन करते हुए स्पष्ट प्रावधान हो कि नियमों के उल्लंघन पर एजेंसियों पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबार, पेनाल्टी व वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### समान वेतन ही नहीं, स्थायी की भी होगी मांग : कानूनविद

हाईकोर्ट में श्रम मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी सिंह कहते हैं कि आउटसोर्स सेवा निगम सरकार के द्वारा बनाया गया और शासन के शीर्ष अधिकारियों की ओर संचालित होगा। नियुक्तियां भी वही प्राधिकारी करेंगे, जो सरकारी नियुक्तियां करते हैं, ऐसे में पदों की जो श्रेणियां तय की गई हैं, उन्हीं पदों पर पहले सरकारी कार्मिक भी है। ऐसे में एक ही पद पर दो तरह का वेतन-भत्ता और सुविधाएं क्यों? जब सरकार के पास 60 साल के सेवानिवृत्ति तक पद रिक्त है तो संबंधित व्यक्ति अंशकालिक और संविदा जैसे वेतन का हकदार क्यों होगा। अभी तक सरकार की ओर से तर्क दिए जाते थे कि तय समयावधि के लिए ही जगह खाली था, इसलिए रखा गया।

## सरकारी अस्पतालों में योग दिवस मनाने की तैयारी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर योगी सरकार प्रदेश के समस्त छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में कार्यक्रम आयोजित कराएगी। स्थानीय गणमान्य व्यक्ति को योग एंबेस्डर बनाया जाएगा, ताकि सभी आयु वर्ष के ज्यादा से ज्यादा लोग योगाभ्यास कर स्वस्थ्य रहें। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर विभाग के मुखिया ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों (सीएमएस) को अभी से तैयारी व प्रचार-प्रसार में जुट जाने को कहा है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने शनिवार को बताया कि इस वर्ष की थीम है, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग। उन्होंने कहा कि योग दिवस का उद्देश्य जनसमुदाय को योग अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करना है। समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर नियमित योग सत्र संचालित किए जाने की व्यवस्था है।

# खोजा फैटी लिवर का इलाज

## एसजीपीजीआई के चिकित्सकों ने लंबे शोध के बाद पाई सफलता

संवाददाता, लखनऊ (पीजीआई)

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के विशेषज्ञों ने लंबे शोध के बाद नॉन एल्कोहलिक लोगों के फैटी लिवर का इलाज खोजा है। शोध के मुताबिक, शरीर में पाए जाने वाले प्राकृतिक डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लोगों के फैटी लिवर के जोखिम को कम करेगा। यह शोध पीजीआई के इंडोक्राइनोलॉजी विभाग के डॉ. रोहित ए. सिन्हा, डॉ. सना रजा और प्रतिमा गुप्ता ने किया है। इस शोध को मॉलिक्यूलर एंड सेल्युलर एंडोक्रिनोलॉजी पत्रिका ने हाल ही में प्रकाशित किया है।


टीम के सदस्यों के साथ डॉ. रोहित।

डॉ.रोहित ने बताया कि आधुनिक दौर में शराब न पीने वाले लोगों में मोटापा, डायबिटीज और खराब जीवन शैली सबसे बड़ा फैटी लीवर का कारण बनता जा रहा है। युवा और बड़ों में यह ज्यादा हो रही है। पीजीआई द्वारा किए गये शोध में यह देखा गया कि इस हार्मोन का स्तर बढ़ाने से लोगों में फैटी लिवर का जोखिम कम किया जा सकता है। हाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लिवर की कोशिकाओं से हानिकारक वसा को हटाने, सूजन कम करने के साथ ही दूसरे नुकसान को रोकता है। यह हार्मोन पुरुष और महिलाओं में सेक्स हार्मोन के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। लिहाजा यह शराब न पीने वाले लोगों में फैटी लिवर से बचाने में मददगार साबित होगा। डॉ. रोहित ने बताया कि इस हार्मोन की मात्रा को शरीर में संतुलित कर लोगों में फैटी लिवर को काबू में किया जा सकता है।

- मोटापा, डायबिटीज और खराब जीवन शैली है फैटी लिवर का बड़ा कारण
- डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हर्मोन का स्तर बढ़ाने से कम होगा जोखिम

## 514 करोड़ से चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे का होगा निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** चित्रकूट को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को 18 महीने में 514 करोड़ रुपए से अधिक लागत से बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

यूपीडा की ओर से तैयार कार्ययोजना के अनुसार, यह लिंक एक्सप्रेसवे 15.175 किलोमीटर लंबा होगा तथा इसे मुख्यतः फोरलेन बनाया जाएगा जिसकी विस्तार क्षमता 6 लेन की होगी। यह लिंक एक्सप्रेसवे चित्रकूट की कनेक्टिविटी बढ़ाने में मददगार होगा तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगा। इस प्रकार, यह पर्यटकों, तीर्थयात्रियों व स्थानीय यात्रियों के लिए यातायात के उच्च स्तरीय मानक स्थापित करेगा तथा उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा।

# ऊर्जा निगमों में नहीं हो सकेगा आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### मिलेगा समय पर निर्धारित वेतन


शक्ति भवन में बैठक करते उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल।

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों में अब आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न नहीं हो सकेगा। कर्मियों को समय पर निर्धारित वेतन मिल सकेगा। अब आउटसोर्स कंपनियों को सारा विवरण पोर्टल पर डालना होगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने विभागीय पोर्टल पर आउटसोर्स कर्मियों का विवरण 'अपलोड' करना अनिवार्य कर दिया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शनिवार को समीक्षा बैठक में इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये।

पारदर्शिता की दृष्टि से पोर्टल पर इन कर्मियों का आवश्यक विवरण ईपीएफ, ईएसआई, मोबाइल नंबर, फोटो, तकनीकी-शैक्षिक योग्यता आदि पोर्टल पर 'अपलोड' करना आवश्यक है। इस पोर्टल के माध्यम से ही आउटसोर्स कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति आदि भी सत्यापित होगी और वेतन भी इसी आधार पर बनेगा। निर्देश के तहत जिस आउटसोर्स कंपनी का पूरा डाटा इस पोर्टल पर नहीं पड़ेगा, उसे उसके लाभ का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैठक में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने सभी वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आउटसोर्स पोर्टल पर सभी संविदा कर्मियों का डाटा 'अपलोड' कराएं।

- आउटसोर्स कंपनियों को सारा विवरण पोर्टल पर डालना होगा अनिवार्य

# नए डीजीपी बीहड़ में तोड़ चुके हैं अपहर्ताओं की कमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई अधिकारी थे डीजीपी बनने की दौड़ में, राजीव कृष्ण ने सबको पीछे छोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश के नये कार्यवाहक डीजीपी बनाये गए राजीव कृष्ण वर्ष 2004 में आगरा में एसएसपी के तौर पर अपनी कार्यशैली के कारण काफी चर्चा में रह चुके हैं। उन्होंने उस समय पर आगरा में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। साथ ही, बीहड़ में सक्रिय अपहरण गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की थी। नये भूमिका में अपनी नियुक्ति के दौरान उन्होंने दौड़ में शामिल कई अफसरों को पीछे छोड़ दिया।

20 जून 1969 को जन्मे राजीव कृष्ण मूल रूप गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की। स्नातक के बाद उन्होंने 1991 में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की और आईपीएस अफसर के रूप में चयनित हुए। उनकी पत्नी मीनाक्षी सिंह वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी हैं और लखनऊ स्थित आयकर विभाग के मुख्यालय में तैनात हैं। डीजीपी की दौड़ में राजीव कृष्ण के अलावा 1990 बैच के आईपीएस बीके मौर्य समेत कई अधिकारी दौड़ में थे, पर उन्हें सफलता नहीं मिली।

राजीव कृष्ण मथुरा, इटावा, आगरा, नोएडा और लखनऊ में एसपी/एसएसपी जैसे चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह यूपी एटीएस (एंटी टेरर स्क्वाड) के संस्थापक प्रमुख थे। इसके अलावा, उन्होंने बीएसएफ में आईजी ऑपरेशंस के रूप में कार्य किया। उनकी सेवानिवृत्ति में चार वर्ष और एक माह का समय बाकी है, जिसकी वजह से वह प्रदेश के स्थाई डीजीपी भी बन सकते हैं।

## बिना बाईपास सर्जरी खोली जा सकेंगी दिल की बंद नसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल की बीमारी को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें लोहिया संस्थान में कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. सुदर्शन के विजय ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्षों से बंद पड़ी दिल की नसों को खोलने के लिए बाईपास सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेट्रोग्रेड विधि से कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कर आसानी से नसों को खोला जा सकता है। उन्होंने बताया कि दिल की 100 फीसदी बंद नसों को बिना ऑपरेशन खोलना आसान हो गया है। इन नसों में आगे के रास्ते से तार ले जाना संभव नहीं होता है। इन नसों को विपरीत दिशा से दूसरे साइड की दिल की नस पतले चैनल के माध्यम से ब्लड सप्लाई करने लगती है। इन चैनलों के द्वारा तार को बंद नस में ले जाकर उसको पीछे से खोला जाता है। एक सामान्य एंजियोप्लास्टी में जहां 15 मिनट से आधे घंटे का समय लगता है। वहीं रेट्रोग्रेड विधि से एंजियोप्लास्टी में दो से चार घंटे का समय लगता है। इस विधि से 70 से 80 हजार रुपये का खर्च आता है।

# कार्मिकों के स्थानांतरण किए जाएंगे ऑनलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के अधीन विभागों में नई प्रक्रिया
- तबादले मानव संपदा पोर्टल के जरिए मेरिट बेस्ड होंगे
- पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 5 जून

**अमृत विचार :** आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के नियंत्रणाधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिकों के स्थानांतरण मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से मेरिट बेस्ड ऑनलाइन किये जायेंगे। स्थानांतरण नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत लंबी अवधि से कार्यरत कार्मिकों का स्थानांतरण किया जाएगा।

निदेशक, आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा साधना श्रीवास्तव ने बताया कि लेखा संवर्ग के लेखाकार-सहायक लेखाकार, लेखा परीक्षक संवर्ग के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक-लेखा परीक्षक तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के सहायक लेखाधिकारी के पदों पर कार्यरत कर्मियों के स्थानांतरण होने हैं। इसके लिए निदेशालय की वेबसाइट http://upiaad.up.gov.in पर जानकारी उपलब्ध है। मानव संपदा पोर्टल से स्थानांतरण किये जाने के लिए कार्मिकों से पोर्टल पर ऑनलाइन विकल्प प्राप्त किये जाने की तिथि 31 मई से 5 जून तक निर्धारित की गयी है।

उन्होंने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर 10 विकल्प कार्मिकों द्वारा स्वयं भरने होंगे। जिसके बाद उन्हें उनके विकल्प के अनुसार इच्छित जिले में स्थानांतरण किये जाने की संभावना बढ़ जाएगी। मानव संपदा पोर्टल पर भरे गए विकल्प को पोर्टल पर खोले गए जिला कार्यालय से मैच कराकर पोर्टल द्वारा स्वयं स्थानांतरित कर दिया जायेगा। विकल्प मैच न होने पर पोर्टल किसी भी जिला में स्थानांतरण कर देगा।

# भाजपा चंदाखोरी मिटाए फिर करे महंगाई घटाने की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा महंगाई की चैंपियन है। भाजपा सरकार पहले 'मुनाफाखोरी' घटाए और 'भाजपाई चंदाखोरी' मिटाए फिर महंगाई घटाने की बात करे। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल पर आयात शुल्क को घटाने का फायदा जनता को भी मिलना चाहिए। लागत घट रही है तो खुदरा मूल्य भी घटना चाहिए।

सपा प्रमुख ने कहा कि ऐसा तो नहीं कि ये दिखावटी आयात शुल्क कटौती बस कुछ खास आयातकों और उत्पादकों के फायदे के लिए ही है। भाजपा सरकार को खाद्य सामग्री की लागत-लाभ के अनुपात को जनता के पक्ष में तय कर देना चाहिए। साथ ही तय होना चाहिए कि एक निश्चित प्रतिशत से अधिक कोई भी मुनाफा नहीं कमाएगा, लेकिन इसके पहले भाजपा सरकार को भी कसम खानी होगी कि 'भाजपाई चंदा वसूली' नहीं करेगी। हर टैक्स और चंदा आखिरकार जनता से ही वसूला जाता है।

## वर्ग पहेली- 448

**बाएं से दाएं**

3. 1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4. 1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7. 1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।


8. 1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।



### वर्ग पहेली -447 का हल


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | | 2 घ | | |
| | | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | | घ | | ली |
| ल | | | ड़ा | | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | | |
| री | | | 7 ट | कु | ली |
| | 8 ज | ड़ी | | | |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 20 .59 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्लेशा 21 .36 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें। आज आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। त्वचा में किसी तरह का संक्रमण हो सकता है। परिजनों की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है।

**वृष** — आज पुराने रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बिक्री होने की संभावना बन रही है। गंभीर विषयों के अध्ययन का प्रयास करेंगे। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन** — आज शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे आप विवादों से बचे रहेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपको कुछ नकारात्मक समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आज सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे। व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे। स्वादिष्ट भोजन व व्यञ्जनों का आनंद उठायेंगे। जीवनसाथी के प्रति मन में गर्व की भावना उत्पन्न होगी। किसी जरूरी काम को कल पर टालना आपके लिए उचित होगा।

**सिंह** — आज नई परियोजनाओं को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। आसपास के लोगों से अपने संबंध अच्छे बनाए रखें। व्यर्थ के प्रेम संबंधों के कारण आपका मन व्यथित हो सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध कुछ गलत बातें फैला सकते हैं।

**कन्या** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपने प्रेमी से दिल की बात कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको पहले की गई मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहने वाला है।

**तुला** — आज आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान रखेंगे। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोस्तों के साथ भरपूर मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। नया भवन या वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक** — आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर काफी विश्वास करेंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करना उत्तम होगा। विचारों में लचीलापन हमेशा बनाकर रखें।

**धनु** — आज दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित हो सकती है। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। धन को लेकर असंतोष की भावना रहेगी। पुराना रुका हुआ काम आपको तनाव का अनुभव करायेगा।

**मकर** — आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। आपकी मध्यस्थता से कई विवाद सुलझ सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे। दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ** — आज अपने करियर को लेकर थोड़ा असंतुष्ट हो सकते हैं। घर पर आज शान्तिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा। असामाजिक तत्वों से भय रहेगा। परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। लेकिन फिर भी आप अपने सभी कार्य निष्ठापूर्वक करेंगे।

**मीन** — आज पुरुष जातकों को महिलाओं के सहयोग से लाभ मिल सकता है। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास सफल होगा। विद्यार्थियों के लिये दिन शुभ परिणामकारी है। विरोधियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

## सुडोकू -172

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 2 | | | | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | | | | 8 | | | | |
| | | 7 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |

### सुडोकू - 171 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 |

# देश में कोरोना के 3,395 मरीज, 4 की मौत

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, संक्रमण से जान गंवाने वालों में यूपी का भी एक व्यक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 3,000 से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित हैं। मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देश में कुल चार रोगियों की मौत हुई है। दिल्ली, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति ने जान गंवाई है। एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार पहुंची हैद्ध

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारत में कोविड-19 की स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि संक्रमण की गंभीरता कम है, ज्यादातर मरीजों की घर पर ही देखभाल की जा रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। देश में 22 मई को रोगियों की संख्या 257 थी। 26 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 1,010 हो गया और शनिवार को 3,395 पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 685 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों में कहा गया है कि केरल में 1,336, महाराष्ट्र में 467, दिल्ली में 375, गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 और उत्तर प्रदेश में 117 लोग संक्रमित हैं। वहीं, ओडिशा में दो और लोगों के कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद राज्य में कुल मामलों की संख्या सात हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव अश्वथी एस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने लोगों से न घबराने की अपील करते हुए कहा कि सभी मरीजों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा स्वरूप में गंभीर लक्षण नहीं दिखते और ज्यादातर मामले हल्के हैं। साथ ही, केंद्र ने कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन सभी को बदलते मौसम के मद्देनजर सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार आवश्यक सावधानी बरत रही है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सोमवार को कहा था कि पश्चिम और दक्षिण भारत में नमूनों की जीनोम अनुक्रमण से पता चला है कि नये स्वरूप गंभीर नहीं हैं और ये ओमीक्रॉन के उप-स्वरूप हैं। उन्होंने कहा था कि पहले तीन स्वरूप के मामले ज्यादा हैं। डॉ. बहल ने कहा था, हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। इस समय, कुल मिलाकर, हमें निगरानी रखनी चाहिए, सतर्क रहना चाहिए, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है।



• एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार, केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित

### हमें और होशियार रहने की जरूरत

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने मुताबिक हम स्थिति पर नजदीकी निगाह रखे हुए हैं। इस स्थिति में हमें और होशियार रहने की जरूरत है। लेकिन बहुत ज्यादा डरना नहीं है। अब तक ओमिक्रॉन के 4 सबवैरिएंट मिले हैं– एलउफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी.1.8.1 मिले हैं। इनमें पहले तीन ज्यादा तेजी से फैलते हैं।

# राहुल को नहीं दी जाएगी सावरकर के पोते के मातृवंश की जानकारी, याचिका खारिज

पुणे, एजेंसी



**मानहानि मामला**

• कांग्रेस नेता पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कराई गई थी शिकायत दर्ज

• राहुल ने अदालत में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था

पुणे की एक कोर्ट ने शनिवार को विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की मातृवंश की जानकारी मांगने वाली राहुल गांधी की अर्जी खारिज कर दी। कांग्रेस नेता द्वारा सावरकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में सत्यकी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है और राहुल ने कोर्ट में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला लंदन में राहुल गांधी द्वारा दिए गए कथित अपमानजनक भाषण से संबंधित है, न कि सत्यकी सावरकर की मां दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के मायके से। हिमानी सावरकर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के छोटे भाई गोपाल विनायक गोडसे की बेटी थीं। गांधी ने अपने वकील के जरिये दलील दी थी कि शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज करते समय अपने पिता के परिवार का विवरण तो दिया था, लेकिन अपनी मां के मायके की जानकारी नहीं दी है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि यह जानकारी सुनवाई के लिए महत्वपूर्ण थी। कोर्ट कहा, यह मामला दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के वंश से संबंधित या विवाद को लेकर नहीं है। इसलिए, आरोपी के आवेदन में कोई गुण नहीं दिखती। मामले को आगे जांच के लिए भेजने की भी कोई जरूरत नहीं है। इस बीच, अदालत ने गांधी की जमानत रद्द करने का अनुरोध करने वाली सत्यकी सावरकर की याचिका को भी खारिज करते हुए कहा कि दिए गए आधार ऐसी कार्रवाई के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

## एक नजर

### नामपट्टिका पर पेशाब करने के आरोपी पर मामला दर्ज

**पुणे।** अम्बेगांव बुद्रुक में स्थित शिवाजी महाराज को समर्पित शिवसृष्टि थीम पार्क के गेट पर लगी नामपट्टिका पर शनिवार तड़के पेशाब करने के आरोप में 59 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया नवनाथ अमराले की शिकायत के आधार पर भारती विद्यापीठ पुलिस ने अमोल अरुण कुलकर्णी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता दोस्त के साथ घर लौट रहा था, जब तड़के तीन बजे उसने एक व्यक्ति को शिवसृष्टि के गेट पर लगी नामपट्टिका पर पेशाब करते देखा।

### आय से अधिक संपत्ति में घिरे अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेलागवी।** कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य भर में उन सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जिन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। बेलगावी, बागलकोट, बल्लारी, उडुपी, दावणगेरे, धारवाड़ और गदग सहित सात जिलों में छापेमारी की गई। जिन स्थानों पर छापे मारे गए वे बेलगावी में डी देवराज उर्स पिछड़ा अभिवृद्धि निगम के जिला प्रबंधक सिद्धलिंगप्पा, बागलकोट में ग्रामीण अभिवृद्धि और पंचयात राज विभाग के प्रथम श्रेणी सहायक शैला सुभाष तत्राणी तथा बल्लारी में पीडब्ल्यूडी से जुड़े हैं।

# भारतीय सेना ने किया अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकी का परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

• तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना लक्ष्य

भारतीय सेना कई अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण कर रही है, ताकि उनके प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया जा सके। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परीक्षणों का उद्देश्य सेना की तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे सैन्य साजो सामान में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन, रनवे इंडिपेंडेंट, रिमोटली पायलटेड एरियल सिस्टम और काउंटर-यूएएस समाधान शामिल हैं। इन मूल्यांकनों के माध्यम से, भारतीय सेना का लक्ष्य अपनी तकनीकी बढ़त को विस्तार देना, परिचालन तत्परता को बढ़ाना और रक्षा क्षमता विकास में स्वदेशी नवाचार व आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करना है। भारतीय सेना वर्तमान में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित देश भर के प्रमुख स्थानों पर व्यापक क्षमता विकास प्रदर्शन कर रही है।

## जागरूकता अभियान




कोलकाता में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते स्वयंसेवक। इस दौरान तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों बताया गया। एजेंसी

# वायुसेना प्रमुख का हालिया बयान चिंताजनक : कांग्रेस

• कहा- परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय सरकार उठाए सुधारात्मक कदम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय है और ऐसे में सरकार को जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए।

सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय विजय करार दिया था और विभिन्न रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता जताई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। कांग्रेस नेता और तेलंगाना सरकार के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, पार्टी भारत-पाकिस्तान संघर्ष में एक बहुत ही निर्णायक जीत में वायु सेना की भूमिका की सराहना करती है।

# प्रधानमंत्री ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली : नड्डा

जयपुर, एजेंसी



• कहा- पहले नेता आते थे एक दूसरे के दोषारोपण में समय गुजारते थे, लेकिन आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली और आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही है। नड्डा यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश की तस्वीर बदली है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों का देश दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ रहा है। इस बात को हम लोगों ने देखा है। हम अगर आपके पास आते हैं तो या तो कोई योजना देकर जाते हैं, बटन दबाकर आपके खाते में कुछ देकर जाते हैं और आपका सशक्तीकरण करने का काम करते हैं, यह हमारे काम करने का तरीका है।

## एनआईए ने तीन नक्सलियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

• प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली का मामला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड में तीन नक्सलियों के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली में कथित रूप से शामिल होने के लिए आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के रांची में एक विशेष अदालत के समक्ष शुक्रवार को दाखिल पूरक आरोपपत्र में एनआईए ने कृष्णा हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरा उर्फ मतला कोरा उर्फ सुनील कोरा और रामदयाल महतो उर्फ नीलेश दा उर्फ बच्चन दा पर 2023 के भाकपा (माओवादी) साजिश मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है।

# जयपुर में दो प्रमुख होटलों को बम से उड़ाने की धमकी, कार्यक्रम में तीन मंत्री भी थे मौजूद

जयपुर, एजेंसी

• धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद होटलों को खाली करवाया

जयपुर के दो प्रमुख होटलों में शनिवार को विस्फोटक होने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और इन होटलों को खाली करवाया गया। शनिवार को जब यह धमकी भरा ईमेल मिला उस समय राज्य सरकार के तीन मंत्री एक होटल में कार्यक्रम में भाग ले रहे थे।

हालांकि, होटल की गहन तलाशी ली गई लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। शहर में स्थित हॉलिडे इन होटल को शनिवार सुबह ईमेल के माध्यम से परिसर में बम होने की धमकी मिली। उस समय वहां एक कार्यक्रम चल रहा था। इसके मेहमानों में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, उद्यमिता मंत्री के.के. बिश्नोई और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक शामिल थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मंत्री बेढम को कार्यक्रम के दौरान धमकी के बारे में बताया गया। उन्होंने कार्यक्रम में होटल को खाली करने की घोषणा की। इसके तुरंत बाद तीनों मंत्री वहां से चले गए।

अतिरिक्त उपायुक्त (दक्षिण) ललित शर्मा ने बताया कि बम और स्वान दस्ते ने होटल की गहन तलाशी ली लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इसके कुछ ही देर बाद, दिल्ली रोड पर स्थित रैफल्स होटल को ईमेल के जरिए ऐसी ही धमकी मिली। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और बम निरोधक दस्ते की टीम दोनों जगहों पर पहुंच गईं।

## कारोबार/कृषि

# इस्पात आयात पर शुल्क दोगुना कर 50 प्रतिशत करेंगे ट्रंप

## भारत में आवास, वाहन और अन्य सामान की बढ़ सकती हैं कीमतें

पेन्सिल्वेनिया, एजेंसी

• एल्युमीनियम शुल्क में भी बढ़ोतरी बुधवार से होंगी लागू



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को पेन्सिल्वेनिया के इस्पात कर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर रहे हैं। यह एक नाटकीय वृद्धि है, जो आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली धातु की कीमतों को और बढ़ा सकती है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ये निर्यात अब तेजी से बढ़ते अमेरिकी शुल्क से प्रभावित होंगे, जिससे भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों की लाभप्रदता को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, ट्रंप द्वारा शुल्क को दोगुना करने के बाद, यह देखना बाकी है कि क्या भारत एक महीने के भीतर कुछ अमेरिकी निर्यात पर शुल्क बढ़ाकर जवाबी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले ही डब्ल्यूटीओ में एक औपचारिक नोटिस दिया है, जिसमें उसने इस्पात पर पहले लगाए गए शुल्क के जवाब में अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाने के अपने इरादे का संकेत दिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम शुल्क को भी दोगुना करके 50 प्रतिशत किया जाएगा, और दोनों शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। ट्रंप ने उपनगरीय पिट्सबर्ग में यूएस स्टील के मोन वैली वर्क्स-इरविन संयंत्र में बात की, जहां उन्होंने एक विस्तृत सौदे पर भी चर्चा की जिसके तहत जापान की निप्पॉन स्टील प्रतिष्ठित अमेरिकी स्टील विनिर्माता में निवेश करेगी। हालांकि, ट्रंप ने शुरू में पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील को खरीदने के लिए जापानी स्टील विनिर्माता की बोली को रोकने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह अपना रुख बदल दिया और निप्पॉन द्वारा 'आंशिक स्वामित्व' के लिए एक समझौते की घोषणा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके प्रशासन द्वारा मध्यस्थता में किया गया सौदा अंतिम रूप ले चुका है या नहीं, या स्वामित्व किस तरह का होगा। यूएस स्टील के एक गोदाम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ट्रंप ने कहा, हम आज यहां एक ब्लॉकबस्टर समझौते का जश्न मनाने के लिए आए हैं, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी एक अमेरिकी कंपनी बनी रहे।

उन्होंने कहा, आप एक अमेरिकी कंपनी बने रहेंगे, आप यह जानते हैं, है न? शुल्क के बारे में, ट्रंप ने कहा कि आयातित इस्पात पर शुल्क दोगुना करने से 'अमेरिका में इस्पात उद्योग और भी सुरक्षित हो जाएगा। लेकिन इतनी नाटकीय वृद्धि कीमतों को और भी अधिक बढ़ा सकती है। सरकार के उत्पादक मूल्य सूचकांक के अनुसार, जनवरी के मध्य में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से इस्पात की कीमतों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### स्टील, एल्युमीनियम पर ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

नई दिल्ली, एजेंसी

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है। निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पाट्र्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं।

**सरकार से निर्यात की सुरक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह**

# कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क में 10% की कमी

• शुल्क बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना

नई दिल्ली, एजेंसी



खाद्य तेल की कीमतों को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि रिफाइंड ऑयल पर शुद्ध सीमा शुल्क अभी 35.25 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय द्वारा कल देर रात जारी अधिसूचना के अनुसार यह कमी शुक्रवार से प्रभावी हो गया है। इसके बाद कच्चे खाद्य तेल पर शुद्ध सीमा शुल्क 16.5 प्रतिशत हो गया है।

शुल्क में बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना है।सरकार ने यह कदम खाद्य तेल कीमतों में उछाल के बीच उठाया है। भारत में इस साल सरसों की बंपर फसल के प्रभाव को नकारते हुए खाद्य तेलों की कीमतें वैश्विक स्तर पर बढ़ गई हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरसों तेल की कीमतें औसतन 25 प्रतिशत बढ़कर 170 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गई हैं। एक साल पहले की तुलना में 28 मई को पाम ऑयल की औसत खुदरा कीमत 34 प्रतिशत बढ़कर 134 रुपये प्रति लीटर हो गई जबकि सूरजमुखी की कीमतें 30 प्रतिशत अधिक थीं। सोया तेल में सबसे कम 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और घरेलू बाजार में इसकी कीमत करीब 147 रुपये प्रति लीटर है।

### खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती से रिफाइनरों को संरक्षण मिलेगा: उद्योग निकाय

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए और आईवीपीए ने कच्चे तेलों पर मूल सीमा शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने के सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा है कि इस कदम से तैयार उत्पादों के आयात को हतोत्साहित किया जाएगा और घरेलू तेल परिशोधक कंपनियों (रिफाइनरों) के हितों की रक्षा होगी। इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा, जबकि पहले यह 27.5 प्रतिशत था। पिछले छह महीनों में रिफाइंड पामोलीन के आयात में तेज वृद्धि होने के बाद, दोनों उद्योग निकाय, सरकार से कच्चे खाद्य तेलों और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच शुल्क अंतर को बढ़ाने का आग्रह करते आ रहे हैं। सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का सरकार का निर्णय एक साहसिक और समय पर उठाया गया कदम है।

# नैतिक तरीकों से अर्जित लाभ से राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उद्यमियों को संपत्ति सृजनकर्ता कहती है। उन्होंने कहा कि नैतिक तरीकों से उनके द्वारा अर्जित लाभ विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करते हैं।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्मारक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, "भारत में संपत्ति सृजन कभी भी वर्जित नहीं रहा है। हमने संपत्ति सृजन को बढ़ावा दिया है। हम संपत्ति सृजन चाहते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में उद्यमियों को हम संपत्ति सृजनकर्ता कहते हैं। वे चोर नहीं हैं। पंडित उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। यह पार्टी ही अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में सामने आई। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि वास्तविक नैतिक प्रथाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाए। इससे ही राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन होगा। एक बार जब आपके पास संपत्ति होगी, तो आप श्रम को गरिमा देंगे, आप शिक्षा देंगे, आप कौशल देंगे, और आप राष्ट्र की गति और भावना को बढ़ावा देंगे। भारत के लिए दीनदयाल उपाध्याय के विचार को याद करते हुए, सीतारमण ने कहा कि योजना बनाते समय, हमें व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर मौजूद व्यक्ति को ध्यान में रखना चाहिए ताकि उसकी गरिमा को बरकरार रखते हुए उसका उत्थान किया जा सके।

## 8,450 करोड़ की तीन संपत्तियां इनविट फंड में स्थानांतरण को मंजूर

**नई दिल्ली।** देश के पहले सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने अपनी तीन राजमार्ग संपत्तियों को आईआरबी इनविट फंड में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

इन संपत्तियों का कुल उद्यम मूल्य लगभग 8,450 करोड़ रुपये के करीब है। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स की सहायक कंपनियों के बीच शेयर खरीद समझौता शुक्रवार को हुआ। यह लेन-देन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

# जीएसटी पंजीकरण में देरी के सोशल मीडिया के दावे खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआईसी ने शनिवार को जीएसटी पंजीकरण देने में देरी और भ्रष्टाचार के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक दावे को खारिज करते हुए कहा कि आवेदक ने अभी तक दिल्ली राज्य जीएसटी अधिकारियों द्वारा मांगे गए विवरण पेश नहीं किए हैं।

एक व्यक्ति ने पेशेवरों के लिए सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर बताया कि कैसे 20 दिन पहले आवेदन करने के बाद भी उसे जीएसटी पंजीकरण नहीं दिया गया है। इस पोस्ट को 'एक्स' पर एक अन्य उपयोगकर्ता ने साझा किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि जीएसटी पंजीकरण देने में भ्रष्टाचार है।

एक्स पर ही सीबीआईसी ने मामले के तथ्य दिए और कहा कि आवेदन इस सप्ताह 26 मई, 2025 को दायर किया गया था, जिसे दिल्ली राज्य जीएसटी को सौंपा गया था। सीबीआईसी ने कहा कि इस मामले में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं थी। मामले को तुरंत संसाधित किया गया था और कंपनी की ओर से किराया समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति का पदनाम नहीं होने के बारे में सवाल किया गया था।

## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
शाम 7:30 बजे




**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# आईपीएल फाइनल की दूसरी टीम का फैसला आज

## पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती


श्रेयस अय्यर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा।


पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है, तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवोन जैकब्स, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज बावा, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन, चैरिथ असलंका।

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर, प्रवीण दुबे।

**मौसम का हाल :** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान अहमदाबाद में बारिश की संभावना न के बराबर है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से लेकर 33 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।


अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास करते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं। जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।

### किंग्स के बल्लेबाजों को सुधार करना होगा

पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। टीम प्रबंधन अब अच्छी तरह से जानता है कि किसी भी विभाग में गलती करने का बड़ा खामियाजा भुगतना होगा। जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली।



हार्दिक पंड्या

### रोहित लौटे लय में, अंकुश लगाना आसान नहीं

रोहित फिर से लय में लौट आए हैं और पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम में कोई कमी नजर नहीं आ रही है क्योंकि उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसकी टीम काफी हद तक रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या पर निर्भर रहेगी।


## काउंटी क्रिकेट ने मुझे 'बेसिक्स' की याद दिलाई: सुदर्शन

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

भारत के उदीयमान बल्लेबाज साई सुदर्शन को काउंटी क्रिकेट में कुछ मैच खेलने के बाद यकीन हो गया कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों पर ध्यान देना) सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है।

सुदर्शन ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस के लिए 54.21 की औसत से 759 रन बनाए। उनकी टीम के शुक्रवार की रात को एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद उनका ध्यान लाल गेंद की क्रिकेट पर केंद्रित हो गया है। पिछले कुछ सत्र

● **आईपीएल में 54.21 की औसत से सर्वाधिक 759 रन बनाए हैं साई ने**



में सरे के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि ऐसा संभव है। टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।

सुदर्शन ने कहा मैंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच खेले हैं, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो इससे मुझे बहुत अच्छा अनुभव हासिल हुआ। इससे मेरी बल्लेबाजी में तकनीक और बुनियादी बातों के मामले में कई गुना सुधार हुआ। इससे मुझे पता चला कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' सबसे महत्वपूर्ण चीज हैं। उन्होंने पीटीआई के सवाल के जवाब में कहा इसलिए, मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिलेगी और मैंने जो सीखा है उस पर अधिक ध्यान दूंगा। में सीरीज से पहले खुद को जागरूक करने और जागरूकता पैदा करने पर ध्यान दूंगा। सुदर्शन ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेल रहे हैं और सफेद गेंद से खेलने की आदत तुरंत छोड़ना मुश्किल होगा लेकिन पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा और उनके पास लंबी अवधि के प्रारूप में खेलने के लिए सामंजस्य बिठाने के लिए पर्याप्त समय है।

उन्होंने कहा निश्चित रूप से, सफेद गेंद के टूर्नामेंट के तीन महीने के लंबे समय के बाद आपकी बल्लेबाजी में कुछ चीजें बदल गई होंगी। मुझे लगता है कि 'बेसिक्स' पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट में लागू करने में कुछ समय लगेगा, लेकिन सीरीज शुरू होने से पहले तैयारी करने के लिए हमारे पास कुछ अच्छा समय होगा। सुदर्शन से पूछा गया कि क्या आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत की टी20 टीम में चुने जाने की उम्मीद है, उन्होंने कहा देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है।

## भारत की युवा टीम इंग्लैंड में कुछ खास हासिल करने में सक्षम : डिविलियर्स

**मुंबई :** दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के युवा खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में कुछ खास हासिल करने की क्षमता है, बशर्ते वे खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी आगे आए। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अगले महीने इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के दौरे के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र शुरू करेगा। भारत को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेगी। इन दोनों ने हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारत को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी कमी खलेगी, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान संन्यास ले लिया था। इसके अलावा तेज गेंदबाज



मोहम्मद शमी की भी कमी खलेगी, जो टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं। डिविलियर्स ने यहां एनजीओ प्रोजेक्ट मुंबई कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा हां, अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा भारत में बहुत प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है, क्योंकि यह बहुत कम उम्र में ही कुछ युवाओं को अच्छा प्रदर्शन का मौका दे रहा है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन मंच है।

## वर्षों से बनी जीत की संस्कृति बड़े मैचों में मदद करती है: माहेला

**मुल्लापुर :** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने का मानना है कि उनकी टीम ने अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ वर्षों से जो जीत की संस्कृति बनाई है, उससे उन्हें दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां आईपीएल के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश किया जहां उसका सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा। जयवर्धने ने बड़े मैचों में टीम के अच्छे प्रदर्शन के संदर्भ में कहा कि जीत की संस्कृति बनाए रखने से उन्हें काफी मदद मिलती है। जयवर्धने ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह सहित टीम के मुख्य खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा इसलिए, हमारी बातचीत, रणनीति और सब कुछ इस बारे में है कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ये खिलाड़ी वर्षों से टीम के विजयी अभियान का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी जीत के बारे में सब कुछ जानते हैं।

## खेल डायरी

### जय शाह ने म्यूनिख में यूईएफए अध्यक्ष सेफरिन से मुलाकात की




**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मेन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने शुक्रवार को सेफरिन से मुलाकात की। शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। शाह ने इस वर्ष की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी। लॉस एंजिलिस में 2028 होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी।

### ओवरटन इंग्लैंड की वनडे और टी20 सीरीज से बाहर

**लंदन :** जेमी ओवरटन बृहस्पतिवार को वनडे सीरीज के पहले मैच में लगी उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड के बाकी बचे वनडे और टी20 मैचों से बाहर हो गए हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर एजबेस्टन में इंग्लैंड की 238 रन की जीत के दौरान रिटर्न कैच लेने की कोशिश करते हुए उंगली में चोट लगा बैठे। इंग्लैंड क्रिकेट ने शनिवार को एक बयान में कहा अब वह इंग्लैंड की मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैबिलिटेशन करायेंगे।

### ललित ने आईबीबीएफ विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीते

**अहमदाबाद :** गुजरात के ललित पटेल ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित आईबीबीएफ विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते। मास्टर टू श्रेणी (83-93 किग्रा) में चुनौती पेश करने वाले पटेल ने 10 से 12 मई के बीच आयोजित प्रतियोगिता में बेंच प्रेस डेडलिफ्ट और 'स्क्वाट' स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## अल्काराज और होल्गर रूण फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, एजेंसी :** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चार सेट तक चले संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके होल्गर रूण के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज ने रात के सत्र में खेले गए मैच में बोस्निया के 33 वर्षीय खिलाड़ी दामिर दज़ुमुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। यह पहला अवसर था जबकि स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज बोस्निया के खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। अल्काराज ने कहा आज मुझे काफी परेशानी हुई। पहले दो सेट में मैंने नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उसने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया। यह मेरे लिए वास्तव में मुश्किल था। चौथे दौर में उनका सामना बेन शेल्टन से होगा। इस बीच डेनमार्क के 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूण ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस को पांच सेट तक चले मैच में 4-6, 6-2, 5-7, 7-5, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। रूण ने इस दौरान एक दर्शक को बाहर करने की अपील भी की जो लगातार उन पर चिल्ला रहा था। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।


बोस्निया के दामिर दज़ुमुर को हराने के बाद जश्न मनाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज़।

## करुण नायर का दोहरा शतक भारत ए ने लंच तक सात विकेट पर 533 रन बनाए

**कैंटरबरी (इंग्लैंड) :** करुण नायर के शानदार दोहरे शतक से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक सात विकेट पर 533 रन बना लिए। नायर ने 281 गेंद का सामना करते हुए 26 चौके और एक छक्का जड़कर 204 रन बनाए। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 409 रन से आगे खेलना शुरू किया और उनके दोहरे शतक से टीम ने मजबूत प्रदर्शन जारी रखा।

शुरुआती सत्र के अंत में अंशुल कंबोज 16 और हर्ष दुबे 32 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। नायर ने 186 रन से आगे खेलना शुरू किया और तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर कवर के ऊपर से चौका लगाकर 272 गेंद में 200 रन पूरे किए। इससे पहले भारत ए ने ध्रुव जुरेल (94) और नीतिश कुमार रेड्डी (07) के रूप में दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे। नायर और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े। जुरेल के आउट होने से यह भागीदारी टूट गई। नायर भी अपना दोहरा शतक पूरा करने के बाद ज्यादा देर तक नहीं खेल पाए और जमान अख्तर की इनकमिंग गेंद पर बल्ला छुआकर जेम्स रियू के हाथों लपके गए। शार्दुल ठाकुर भी 27 रन पर अख्तर का शिकार बने।

## भारत 24 पदक के साथ एशियाई एथलेटिक्स में दूसरे स्थान पर

**गुमी (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन छह पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया। भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए। पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे। भारत के कुल पदकों की संख्या पिछली बार से तीन कम है लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार दो स्वर्ण पदक अधिक जीते हैं। भारत पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक के




● **सचिन, पारुल और महिला रिले टीम ने रजत पदक जीता**


सचिन यादव। ● एजेंसी

साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत का यह 2017 में भुवनेश्वर में हुए इन खेलों के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भुवनेश्वर में भारत 29 पदक (10 स्वर्ण, छह रजत और 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर था। जापान पांच स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। पारुल महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए।

उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। सचिन यहा विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर को मामूली अंतर से चूक गये। उन्होंने अपने टखने और कंधे की चोट का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ठ नहीं है। उन्होंने कहा, मैं संतुष्ट नहीं हूं। मैं हालांकि पदक और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ वापस जाऊंगा। सचिन ने सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने की उम्मीद जताई लेकिन इसके लिए कोई समय सीमा तय नहीं की है। उन्होंने कहा मैं जब वापस लौटूंगा, तो पूरी ताकत से अभ्यास करुंगा।

## जान बचाने की जद्दोजहद



मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में मूसलधार बारिश के बाद जलजमाव की स्थिति बन गई है। इस दौरान पानी से घिरे इलाकों में फंसे लोगों की मदद के लिए रस्सी के सहारे कमर तक भरे कीचड़युक्त पानी में बचावकर्मी संघर्ष कर रहे। मणिपुर में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जबकि राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बारिश के कारण ऊपरी इलाके लोग घरों में कैद हो गए है और नीचले क्षेत्र में पानी भर जाने से तबाही सा मंजर बना हुआ है। एजेंसी

# भारतीय रुपया विदेश में कितना ताकतवर

रुपया (आईएनआर) भारत की आधिकारिक मुद्रा है, लेकिन इसकी स्वीकार्यता सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। भारत के कुछ पड़ोसी देशों और अन्य देशों में भी यह मुद्रा या तो अनौपचारिक रूप से उपयोग की जाती है या कानूनी मान्यता प्राप्त है। भारत का आर्थिक प्रभाव, पर्यटकों की संख्या, और पड़ोसी देशों के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध इसके प्रमुख कारण हैं। कुछ देशों में भारतीय मुद्रा को सीमित सीमा तक स्थानीय दुकानों या बाजारों में स्वीकार किया जाता है, जबकि जिंबाब्वे जैसे देश में इसे कानूनी मुद्रा के रूप में मान्यता प्राप्त है। हालांकि, विदेश यात्रा करते समय भारतीय रुपये की सीमित मात्रा ले जाने की अनुमति होती है, और हर देश की अपनी विनिमय नीतिया होती हैं।

### रुपया कहां-कहां मान्य

**भारतीय रुपया मुख्यत:** भारत की मुद्रा है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ देशों में यह मुद्रा स्वीकार की जाती है। इन देशों में इसका उपयोग दो श्रेणियों में होता है- अनौपचारिक रूप से स्वीकार किया गया और कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त।

### अनौपचारिक रूप से स्वीकार करने वाले देश

**नेपाल में रुपया की मान्यता :** भारत और नेपाल के बीच सामाजिक संबंध हैं। भारतीयों की संख्या अधिक होने से 100 रुपये तक के नोट स्वीकार हैं।

**भूटान में रुपये की उपयोगिता :** भूटान की मुद्रा नगुलत्रुम भारतीय रुपये के बराबर है। भारत और भूटान के बीच आर्थिक साझेदारी से 100 रुपये तक के नोट उपयोग हैं। भूटान में रुपया पर्यटन और व्यापार में सहायक है।

**बांग्लादेश में रुपये का सीमित प्रयोग :** भारत से सटे बांग्लादेशी सीमावर्ती इलाकों में व्यापार और चिकित्सा कारणों से भारतीय मुद्रा का अनौपचारिक प्रयोग होता है। स्थानीय दुकानों में 50 और 100 रुपये के नोटों को स्वीकार किया जा सकता है।



### मालदीव में पर्यटक करते हैं उपयोग

मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत अधिक है। होटल, रिसॉर्ट और कुछ स्थानीय दुकानों में भारतीय रुपया स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह कानूनी नहीं है। विदेशी मुद्रा में भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

संबंधित देश की मुद्रा नीति की जानकारी लें।
आईबीआई की वेबसाइट या वित्तीय सलाहकार से मार्गदर्शन लें।
कुछ देशों में केवल छोटे मूल्य के नोट ही मान्य होते हैं।
मुद्रा विनिमय दरों की जांच करें।

### कितनी राशि ले जाने की अनुमति

भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, नेपाल और भूटान को छोड़कर आप विदेश यात्रा में अधिकतम 25,000 रुपये ही साथ ले जा सकते हैं। इससे अधिक राशि ले जाना अवैध माना जाता है। वहीं नेपाल में अब 4.25 लाख रुपये लेकर भारतीय पर्यटक जा सकते हैं। नेपाल सरकार ने अपने आर्थिक बजट में इसे शामिल किया है। नेपाल के अर्थ मंत्री विष्णु प्रसाद पौडेल ने यह प्रावधान रखा, जिसमें अब भारतीय पर्यटक 4.25 लाख नकद लेकर नेपाल में प्रवेश कर सकेंगे।

### रुपया यहां कानूनी मुद्रा

जिंबाब्वे में 2009 से अपनी अस्थिर मुद्रा के स्थान पर कई विदेशी मुद्राओं को कानूनी दर्जा दिया गया। अमेरिकी डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड के साथ भारतीय रुपया भी कानूनी रूप से मान्य है। इसका उपयोग व्यापार और रोजमर्रा की खरीदारी में होता है।

## एक नजर

### सेना प्रमुख ने सीमा पर की तैयारियों की समीक्षा

**जम्मू।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू के परगवाल सेक्टर के दौरे के दौरान परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और ऑपरेशन सिंदूर में पूर्व सैनिकों की भूमिका की सराहना की। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा, सीओएएस जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के परगवाल सेक्टर में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और टाइगर डिवीजन का दौरा किया, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सैनिकों की सराहना की। उन्होंने उभरती सुरक्षा गतिशीलता के जवाब में चुस्त और सतर्क रहने के महत्व पर जोर दिया।

### मणिपुर में नौ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के तीन काडर और प्रतिबंधित कंगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।

### इंडोनेशिया में खदान ढहने से अब तक 14 की मौत

**सिरेबोन (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में शुक्रवार को खदान के धंस जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सिरेबोन जिले में गुनुंग कुडा खदान ढहने से दो दर्जन से अधिक लोग मलबे में फंस गए थे। शुरुआत में बचावकर्मियों ने तलाश अभियान के दौरान मलबे से एक दर्जन घायल लोगों और 10 शवों को निकाला था। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार देर रात को तीन और शव बरामद किए गए तथा एक अन्य कर्मचारी की अस्पताल में मौत हो गई जिससे मरने वालों की संख्या 14 हो गई।

### बलूच हमले में पाकिस्तानी अधिकारी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत में बलूच चरमपंथियों के हमले में पाकिस्तान सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के चरमपंथियों ने शुक्रवार देर रात खुजदार जिले के सोराब शहर पर हमला कर उस पर कुछ समय के लिए कब्जा कर लिया और कई संपत्तियों को आग के हवाले किया तथा एक बैंक को लूट लिया।

# चीन के आसन्न खतरे के खिलाफ हिंद प्रशांत सहयोगियों के साथ अमेरिका

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा- चीन के बढ़ते दबाव को झेल रहे देशों को अकेला नहीं छोड़ेंगे

- **पीट हेगसेथ बोले- अमेरिका के सहयोगी देशों को भी बढ़ाना चाहिए अपना रक्षा खर्च**
- **अमेरिका सुरक्षा व्यवस्था करेगा मजबूत ताकि ताइवान के प्रति चीन के रुख का कर सके मुकाबला**

सिंगापुर, एजेंसी

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों से शनिवार को कहा कि उनका देश चीन की ओर से बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना करने के लिए उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा, लेकिन इन देशों को भी अपना रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका देश के बाहर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा ताकि वह चीन की ओर से तेजी से बढ़ रहे खतरों, विशेष रूप से ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख का मुकाबला कर सके। चीन ने यह परीक्षण करने के लिए कई (सैन्य) अभ्यास किए हैं कि स्वशासित द्वीप ताइवान की नाकाबंदी कैसी की जा सकती है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और अमेरिका ने इसकी रक्षा करने का संकल्प जताया है।

सिंगापुर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि चीन की सेना किसी बड़ी घटना की तैयारी के लिए अभ्यास कर रही है। हम चिकनी चुपड़ी बात नहीं करेंगे। चीन द्वारा उत्पन्न खतरा वास्तविक है और यह निकट भविष्य में सामने आ सकता है।





### वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में हेगसेथ ने रखे विचार

हेगसेथ ने 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी स्टडीज' की ओर से आयोजित वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में कहा कि चीन अब ताइवान पर कब्जा करने के लिए न केवल अपने सैन्य बलों को मजबूत कर रहा है बल्कि वह ''इसके लिए हर दिन सक्रिय रूप से प्रशिक्षण आयोजित भी कर रहा है।'' हेगसेथ ने लैटिन अमेरिका में चीन की महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर पनामा नहर पर प्रभाव बढ़ाने के उसके प्रयासों की भी आलोचना की। उन्होंने क्षेत्र के देशों से आग्रह किया कि वे रक्षा व्यय को अपने सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत के बराबर स्तर तक बढ़ाएं।

### सभी को देना होगा योगदान, अमेरिका अकेले आगे बढ़ने की रुचि नहीं रखाता

हेगसेथ ने कहा कि हम सभी को अपना योगदान देना होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुछ महीने पहले पैट्रियट मिसाइल रक्षा बटालियन को पश्चिम एशिया में भेजने के लिए इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र से हटा दिया। हेगसेथ ने गया कि अगर हिंद-प्रशांत अमेरिका के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र है तो अमेरिका ने उन संसाधनों को वहां से क्यों हटाया। हेगसेथ ने इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि यमन से किए गए हूती मिसाइल हमलों से बचाव और अमेरिका में अवैध आव्रजन के खिलाफ सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संसाधनों का स्थानांतरण आवश्यक था। उन्होंने अमेरिकी सहयोगियों और साझेदारों द्वारा अपने रक्षा खर्च और तैयारियों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अमेरिका अकेले आगे बढ़ने में रुचि नहीं रखता।

# कोलंबिया ने बयान लिया वापस भारतीय नीति का किया समर्थन

- **ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में हुई क्षति पर व्यक्त की थी संवेदना**

बोगोटा, एजेंसी

कोलंबिया ने पहलगाम हमले के जवाब में भारत के सैन्य हमलों के बाद हुए जान-माल के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला अपना बयान वापस ले लिया है। भारत के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने की बात कोलंबिया के सामने रखी जिसके बाद कोलंबिया ने अपना बयान वापस ले लिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेंशियो से मुलाकात के बाद बोगोटा द्वारा विवादास्पद बयान वापस लेने की पुष्टि की। थरूर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए कोलंबिया की यात्रा पर गए हैं। कोलंबिया से प्रतिनिधिमंडल ब्राजील जाएगा। यह पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिका जाएगा।



बोगोटा में कोलंबिया की विदेश उप मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेन्सियो के साथ शशि थरूर और प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ इथोपिया

**अदीस अबाबा।** इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा गए प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की। फराह ने आतंकवाद से निपटने में भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राकंपा (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अदीस अबाबा पहुंचा था। इथोपिया में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, इथोपिया में प्रतिनिधिमंडल ने प्रॉस्पेरिटी पार्टी के उपाध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की।

### लातविया ने आतंकवाद के प्रति विरोध जताया

**रीगा।** लातविया पहुंचे भारतीय दल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन से मुलाकात की। विलम्सन ने आतंकवाद के सभी प्रकारों के प्रति लातविया के स्पष्ट विरोध को दोहराया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक संपर्क के हिस्से के रूप में लातविया की राजधानी का दौरा कर रहा है। रीगा में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सीमा पार आतंकवाद के प्रति किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने पर भारत के एकजुट रुख को पेश करते हुए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन और राजदूत एंड्रेज पिल्डेगोविक्स से मुलाकात की।

# परमाणु के लिए यूरेनियम के भंडार में वृद्धि कर रहा ईरान

- **आईएईए ने ईरान से अपने रुख में बदलाव और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा**

वियना, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा किया कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन भंडार को हथियार स्तर तक बढ़ा दिया है। आईएईए ने ईरान से तत्काल अपने रुख में बदलाव करने और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा गया है।

आईएईए की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब ईरान और अमेरिका संभावित परमाणु समझौते को लेकर कई दौर की वार्ता कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले में किसी समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। वियना स्थित आईएईए की इस रिपोर्ट का एसोसिएटेड प्रेस ने अवलोकन किया है। 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम 408.6 किलोग्राम था, जो फरवरी की पिछली रिपोर्ट से 133.8 किलोग्राम अधिक है। यह हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम से एक कदम पीछे है। फरवरी में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का भंडार 274.8 किलोग्राम है।

### रूसी हमले में एक बच्ची की मौत, एक व्यक्ति घायल

**कीव।** यूक्रेन के अग्रिम क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले में एक बच्चे की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी सैनिकों ने शनिवार यूक्रेन में 109 ड्रोन और पांच मिसाइलें दागीं। वायु रक्षा प्रणाली ने तीन मिसाइलों और 42 ड्रोन को नष्ट किया जबकि 30 अन्य ड्रोन बिना नुकसान पहुंचाए अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे।

जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया क्षेत्र के डोलिंका में अग्रिम पंक्ति के एर गांव पर हमले में नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई और 16 वर्षीय एक नाबालिग घायल हुआ है। फेडोरोव ने टेलीग्राम पर लिखा, एक घर नष्ट हो गया। विस्फोट से उत्पन्न कंपन ने कई अन्य घरों, कारों और बाहरी इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया। मॉस्को ने हालिया हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन ने बताया कि शनिवार को रूस के रिल्स्क शहर और पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र के आर्टाकोवो गांव में इमारतों पर यूक्रेनी ड्रोन से किये गये हमले में 14 लोग घायल हो गए।

# हार्वर्ड आने वाले आवेदकों की जांच करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी संघीय अधिकारी हार्वर्ड विवि में पढ़ने, काम करने या वहां जाने की योजना बनाने वाले वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की जांच करेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं उनका रुख यहूदी विरोधी तो नहीं है।

शुक्रवार को भेजे गए विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित संदेश में विश्वविद्यालय पर हिंसा और परिसर में यहूदी विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया गया है। यह पत्र 'एसोसिएटेड प्रेस' के पास उपलब्ध है। इसमें कहा गया है कि इस कदम से वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को उन आवेदनों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनका रिकॉर्ड संबंधित अपराधों में संलिप्त होने का रहा हो और अमेरिकी आव्रजन कानून के तहत उनकी वीजा पात्रता पर उचित विचार किया जा सकेगा। यह जांच तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है और अमेरिकी दूतावासों एवं वाणिज्य दूतावासों को पत्र भेज दिया गया है।



गोपनीय पत्र के अनुसार, इसे प्रायोगिक व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा जिसे और अधिक व्यापक रूप से विस्तारित किया जा सकता है। इस पर हार्वर्ड की प्रतिक्रिया के लिए ईमेल किया गया लेकिन फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है।

### कर्मियों को नौकरी से निकालने के ट्रंप के आदेश पर रोक कायम

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की अपीलीय अदालत ने कैलिफोर्निया के न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को मना कर दिया, जिसमें संघीय कार्यबल में कटौती के राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के आदेश पर रोक लगी थी। इसका मलतब है कि सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) की सिफारिश वाली श्रमबल कटौती फिलहाल स्थगित रहेगी। रिपब्लिकन प्रशासन ने सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित कई शहरों एवं श्रमिक संघों द्वारा दायर मुकदमे में सैन फ्रांसिस्को के न्यायाधीश सुसान इलस्टन द्वारा जारी आदेश पर तुरंत रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने अपने आदेश में सवाल उठाया कि क्या ट्रंप प्रशासन द्वारा संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का प्रयास वैधानिक रूप से सही है।

# भारत-पाकिस्तान में संभावित परमाणु युद्ध को व्यापार के जरिए रोकना गर्व की बात

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जिस 'सौदे' पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापार से रोकने में सफल रहे। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा।

भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं में व्यापार पर कोई चर्चा नहीं हुई। भारत ने अमेरिका के इस दावे को खारिज किया कि व्यापार संबंधी उसके प्रस्ताव से संघर्ष रोकने पर सहमति बनी। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि मुझे लगता है कि जिस सौदे पर मुझे सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि हम भारत के साथ काम कर रहे हैं, हम पाकिस्तान के साथ काम कर रहे हैं और हम गोलियों के बजाय व्यापार के माध्यम से संभावित परमाणु युद्ध को रोकने में सफल रहे।



- **भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को किया है खारिज**

ट्रंप ने कहा कि आमतौर पर वे गोलियों के माध्यम से ऐसा करते हैं। हम व्यापार के माध्यम से ऐसा करते हैं, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच एक बहुत ही भयानक संभावित युद्ध हो रहा था। अब यदि आप देखें तो वे सही दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह बहुत बुरा होता जा रहा था। यह बहुत खराब होता जा रहा था। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। पाकिस्तानी प्रतिनिधि अगले सप्ताह अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' से निकलने के बाद 'जॉइंट बेस एंड्रयूज' में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हम भारत के साथ सौदा करने के बहुत करीब हैं। अगर वे एक-दूसरे के साथ युद्ध करते हैं तो मुझे उनमें से किसी के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी। मैं ऐसा नहीं करूंगा और मैं उन्हें बता दूंगा। यह एक दिन में दूसरी बार है जब ट्रंप ने अपना यह दावा दोहराया है।

## अंतरिक्ष की यात्रा

गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाएंगे भारतीय, नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर

# चांद के साथ अंतरिक्ष में मानव भेजने की तैयारी में इसरो

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चांद पर मिशन के साथ ही अंतरिक्ष में मानव भेजने की भी तैयारी कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। वहीं, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

इसरो चंद्रयान, गगनयान और भारत-अमेरिका निसार मिशन सहित कई सफल प्रक्षेपण के साथ ही एक्सिओम-4 मिशन पर देश के पहले अंतरिक्ष यात्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। इसरो ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए यह नवीनतम जानकारी साझा की। एजेंसी ने कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पांच प्रक्षेपण सफल रहे हैं जिनमें आठ भारतीय अंतरिक्ष यान, एक विदेशी उपग्रह और पीओईएम 3 और 4 सहित छह रॉकेट निकायों का सटीक प्रक्षेपण है। इनमें पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3, पीएसएलवी-सी60/एसपीएडेक्स डॉकिंग प्रायोगिक मिशन, जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस और एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन शामिल थे। इन सभी ने अपनी कक्षा में पेलोड को प्रक्षेपित किया। अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए इसरो ने बताया कि संगठन के जीसैट-20 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 ब्लॉक 5 द्वारा केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया। टीएसएटी-1 ए को भी फाल्कन-9 द्वारा ही लॉन्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ भारतीय उपग्रहों, एक विदेशी उपग्रह, और छह रॉकेट निकाय (पोयम -3 और पोयम - 4 सहित) को उनकी इच्छित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया। वेबसाइट के मुताबिक पिछले साल 31 दिसंबर तक निजी आपरेटरों/शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 36 भारतीय अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किये गये। भारत सरकार के स्वामित्व वाले परिचालन उपग्रहों की संख्या लियो (निम्न पृथ्वी कक्षा) में 22 और जियो (भू-समकालिक पृथ्वी कक्षा) में 31 है। भारतीय अंतरिक्ष मिशन -अर्थात् चंद्रयान-2 ऑर्बिटर (सीएच 20) और सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य-एल1 भी सक्रिय थे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के प्रणोदन मॉड्यूल ने चंद्र कक्षा से स्थानांतरित होने के बाद उच्च पृथ्वी की कक्षा में काम करना जारी रखा।





### पीएसएलवी - सी 3 का मलबा अभी भी कक्षा में है मौजूद

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट द्वारा संकलित भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पीएसएलवी -सी 3 का ऊपरी चरण 2001 में टूट गया था, जिससे 371 टुकड़े हुए थे और वायुमंडल में प्रवेश कर गए हैं। 2024 के अंत तक पीएसएलवी - सी 3 का मलबा कक्षा में ही है। 34 रॉकेट निकायों ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश किया और उस समय ऐसे पांच पुन:प्रवेश हुए। इसरो की वेबसाइट के मुताबिक सभी एलवीएम 3 रॉकेट निकाय क्षय हो चुके हैं और केवल एलवीएम 3 एम 2 वन वेब इंडिया- मिशन से एक ही राकेट कक्षा में बचा हुआ है। जीएसएलवी रॉकेट निकायों में से केवल जीएसएलवी -एफ 12 और जीएसएलवी- एफ 14 रॉकेट निकाय कक्षा में हैं। वर्ष 2024 के अंत तक कुल 31 भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं। वर्ष 2024 में नौ भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं।